नई दिल्ली
गुरुवार, 25 अप्रैल 2024
वैशाख मास कृष्ण पक्ष,
द्वितीया वर्ष : 28, अंक : 14
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 35
न्यून. 23

हरिभूमि
दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

पीएम मोदी ने सीएम मोहन यादव की तारीफ की

राहुल और पित्रोदा के बयानों पर प्रधानमंत्री मोदी का कांग्रेस पर बड़ा हमला

विरासत टैक्स लगा कर आपकी संपत्ति को लूट लेगी 'यह पार्टी'

मोदी ने कहा कि विकास तब होता है जब सही नीतियां हों, सही विजन हो, इसलिए देश हो या मध्य प्रदेश विकास तभी आया जब कांग्रेस गई और भाजपा आई।

पीएम ने लोगों को आगाह करते हुए कहा कि कांग्रेस का हिडेन एजेंडा बाहर आया है। कांग्रेस ने कहा है कि वह विरासत टैक्स लगाएगी और मेहनत कर, मुसीबतों को झेल कर आपने जो संपत्ति बचाई है, कांग्रेस सरकार बनने के बाद वह आपसे लूट लेगी।

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

प्रदेश के दौरे पर आए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सागर और हरदा की सभाओं में कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने लोगों को आगाह करते हुए कहा कि आज कांग्रेस का हिडेन एजेंडा बाहर आया है। कांग्रेस ने कहा है कि वह विरासत टैक्स लगाएगी और मेहनत कर, मुसीबतों को झेल कर आपने जो संपत्ति बचाई है, कांग्रेस सरकार बनने के बाद वह आपसे लूट लेगी। मोदी ने आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस को देश के संविधान से नफरत है। इनको भारत की पहचान से नफरत है। इसलिए, ये हर उस प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं, जिससे देश कमजोर हो, देश की साख कमजोर हो। हरदा में प्रधानमंत्री मोदी ने मंच से पूर्व मुख्यमंत्री और ▶▶ शेष पेज 5 पर

डॉ.मोहन यादव की तारीफ में कहा-प्रदेश के विकास में आई नई शक्ति

हरदा की सभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव की दिल खोलकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि 'हमारे मुख्यमंत्री, भाई मोहन यादव और उनकी पूरी टीम ने जब से सरकार संभाली है वह एमपी के विकास में और नई शक्ति के साथ जुटे हुए हैं।'

कांग्रेस को देश के संविधान और भारत की पहचान से नफरत

चालाकी से ओबीसी कोटे में डाल दीं मुस्लिमों की जातियां

शिवराज की तारीफ कहा- इन्हें दिल्ली ले जाना चाहता हूं

अमेरिका के 6 राज्यों में विरासत टैक्स लागू

अमेरिका में विरासत कर उस व्यक्ति पर लगता है, जिसे विरासत में पैसा, प्रापर्टी या कोई और धन-संपदा मिल रही है। यह किसी व्यक्ति की मौत पर उसकी संपत्तियों के हस्तांतरण पर लगता है। यह उसी राज्य में लगता है, जहां वह है, भले ही लाभार्थी किसी और राज्य में रह रहा हो। लाभार्थी को यह कर देना पड़ेगा। विरासत कर अमेरिका के केवल छह राज्यों में ही लागू है। ये स्टेट हैं- अयोवा, कैंटुकी , मैरीलैंड, नेब्रास्का, न्यू जर्सी और पेंसुलवेनिया। यह कर एक फीसदी से 20 फीसदी तक हो सकता है।

कांग्रेस को दलित संत का मंदिर बर्दाश्त नहीं

मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने सागर में बन रहे महान दलित संत रविदास के मंदिर का भी विरोध किया। ऐसी सोच वाली कांग्रेस को मप्र से दूर रखने में ही भलाई है। मोदी ने कहा कि मुझसे सवाल पूछते हैं, 400 पार क्यों? मैं जवाब देता हूं। आप जो राज्यों में हथकंडे अपना रहे ▶▶ शेष पेज 5 पर

भारत में विरासत टैक्स पर चर्चा हो

इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष पित्रोदा ने कहा कि अमेरिका में 55 फीसदी विरासत टैक्स लगता है। सरकार 55 फीसदी हिस्सा ले लेती है।

कांग्रेस की सफाई

पित्रोदा के विचार कांग्रेस का 'रुख' नहीं

नई दिल्ली। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश बोले कि सैम पित्रोदा के विचार हमेशा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के विचार को नहीं दर्शाते हैं।

राहुल ने क्या कहा था?

पता लगाएंगे देश की दौलत किसके पास?

अगर उनकी सरकारआई तो वे वित्तीय और संस्थानिक सर्वे कराएंगे। वे ये भी पता लगाएंगे कि देश की दौलत किसके पास है? वे क्रांतिकारी कदम उठाते हुए ये सुनिश्चित करेंगे कि लोगों का अधिकार उन्हें मिले।

भाजपा प्रवक्ता त्रिवेदी ने पूछा विरासत टैक्स से संपत्ति छीनने के बाद ये देंगे किसको?

भाजपा ने लिया आड़े हाथों कहा तीसरी पीढ़ी के सुख चैन को छीनना चाहती कांग्रेस

कहा, भारत में परिवार की व्यवस्था को तोड़ने का षड़यंत्र रचा जा रहा है और यह सामान्य बात नहीं

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव के बीच इंडियन ओवरसीज कांग्रेस अध्यक्ष सैम पित्रोदा के बयान पर भाजपा ने कांग्रेस को आड़े हाथों लिया है। हालांकि कांग्रेस ने विरासत से जुड़ी संपत्ति को लेकर सैम पित्रोदा के बयान से पल्ला झाड़ लिया है, लेकिन उनके बयान के कारण कांग्रेस भाजपा के निशाने पर जरूर आ गई है। भाजपा ने कहा है कि भारत की विरासत से नफरत करने वाले कांग्रेस के लोगों की गिद्ध दृष्टि अब भारतीयों की विरासत पर भी पड़ गई है।

अब यह भी साफ हो गया है कि कांग्रेस की गारंटी क्या है, कांग्रेस की गारंटी लोगों की जान के साथ-साथ अब माल के भी खतरे में पड़ने की गारंटी है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने बुधवार को एक पत्रकार वार्ता में सैम पित्रोदा को कांग्रेस का थिंक टैंक बताते हुए आरोप लगाया है कि खतरनाक इरादों से भरे हुए कांग्रेस के घोषणा पत्र के संदर्भ में अब सब कुछ साफ हो गया है। उन्होंने इसे बड़े राजनीतिक षड़यंत्र का हिस्सा बताते हुए कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था सेविंग बेस्ड इकॉनमी है। बचत हमारी अर्थव्यवस्था का बड़ा आधार है, दो पीढ़ियां मेहनत करती है तो तीसरी पीढ़ी सुख पाती है और यह कांग्रेस अब ▶▶ शेष पेज 5 पर

व्यवस्था को तोड़ने का रचा षड़यंत्र

जयराम रमेश के सैम पित्रोदा के बयान से किनारा करने के बारे में पूछे गए सवाल के जवाब में त्रिवेदी ने कहा कि अब इसमें बचाव की कोई गुंजाइश नहीं बची है चाहे ये जितनी भी सफाई दे दें। उन्होंने पूछा कि वे बताएं कि सैम पित्रोदा कांग्रेस के थिंक टैंक में हैं या नहीं?, वो राजीव गांधी के जमाने से कांग्रेस के पॉलिसी मेकर हैं या नहीं?, राहुल गांधी ने संपत्ति के सर्वे की बात कही है या नहीं? सैम पित्रोदा तो राहुल गांधी के बयान के ही अगले चरण के बारे में बोल रहे हैं। यह भारत में परिवार की व्यवस्था को तोड़ने का षड्यंत्र रचा जा रहा है और यह सामान्य बात नहीं है। कांग्रेस ये बताए कि जिन ट्रस्टों में इनके नेता चेयरमैन हैं, उनके पास कितनी संपत्ति है और सबसे ज्यादा संपत्ति किस पार्टी के नेता के पास है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

यवतमाल में भाषण के दौरान आया चक्कर

चुनाव प्रचार: स्टेज पर बेहोश होकर गिर पड़े नितिन गडकरी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता नितिन गडकरी की बुधवार को उस समय तबीयत बिगड़ गई, जब वे महाराष्ट्र के यवतमाल में एक लोकसभा चुनाव रैली में भाषण दे रहे थे। भाषण के दौरान गडकरी को चक्कर आ गया और वो मंच पर ही गिरने लगे। इसके बाद वहां मौजूद पार्टी के कार्यकर्ताओं ने उनके चेहरे पर पानी के छींटे मारे और उन्हें मंच से उठाकर ले गए। फिर उन्हें चिकित्सा सहायता मुहैया कराई गई। उनकी तबीयत स्थिर है। गडकरी यवतमाल-वाशिम लोकसभा क्षेत्र से भाजपा-महायुति उम्मीदवार राजश्री पाटिल के लिए प्रचार कर रहे थे, जो एकनाथ शिंदे के नेतृत्व ▶▶ शेष पेज 5 पर

चुनाव आयोग ने दूर किया वीवीपैट को लेकर कंफ्यूजन... तब सुप्रीम कोर्ट ने कहा

हम चुनाव को 'नियंत्रित' नहीं कर सकते, आयोग कंट्रोलिंग अथॉरिटी

कोर्ट ने ईवीएम में डाले गए वोट का पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) से मिलान करने को लेकर दाखिल याचिकाओं पर फैसला सुरक्षित रख लिया।

संदेह के आधार पर नहीं दे सकते फैसला

सुप्रीम कोर्ट में एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की ओर से याचिका दाखिल की गई थी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने ईवीएम में डाले गए वोट का पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) के साथ मिलान करने को लेकर दाखिल याचिकाओं पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि चुनाव आयोग एक संवैधानिक संस्था है।

सुप्रीम कोर्ट इस मामले में चुनाव आयोग के कामकाम को निर्देशित नहीं कर सकता है। कोर्ट ने कहा कि चुनाव आयोग देश में चुनाव कराने के लिए कंट्रोलिंग अथॉरिटी है। संवैधानिक प्राधिकरण के कामकाज में सुप्रीम कोर्ट हस्तक्षेप नहीं कर सकता है। शीर्ष कोर्ट ने मामले में अहम टिप्पणी करते हुए कहा कि हम संदेह के आधार पर कोई फैसला नहीं दे सकते हैं। न्यायमूर्ति ▶▶ शेष पेज 5 पर

आयोग ने कहा सभी यूनिट में अपना-अपना माइक्रो कंट्रोलर, इन कंट्रोलर से छेड़छाड़ नहीं हो सकती

कोर्ट ने ये सवाल उठाए?

कोर्ट में इस मामले की सुनवाई के दौरान वीवीपैट को लेकर कई सवाल उठाए गए। जस्टिस संजीव खन्ना और दीपांकर दत्ता की बेंच ने सवाल किए कि क्या वीवीपैट की कंट्रोलिंग यूनिट में माइक्रो-कंट्रोलर लगा हुआ है? क्या किसी प्रोग्राम को माइक्रो-कंट्रोलर में केवल एक बार ही फीड किया जा सकता है? आयोग के पास कितने सिंबल लोडिंग इकाइयां हैं? याचिका दायर करने की सीमा अवधि आपके अनुसार 30 दिन है और स्टोरेज और रिकॉर्ड 45 दिनों तक रखा जाता है। लेकिन लिमिटेशन डे 45 दिन है, आपको इसे सही करना होगा।

याचिका में किया गया दावा

दो सरकारी कंपनियों के निदेशक भाजपा से जुड़े हुए

सुप्रीम कोर्ट में दाखिल याचिका में मांग की गई कि ईवीएम में डाले जाने वाले वोट का सौ फीसदी वीवीपैट मशीन के साथ क्रॉस वेरिफिकेशन कराया जाए, ताकि मतदाता को पता चल सके कि उसने सही वोट दिया है। याचिकाकर्ता के वकील प्रशांत भूषण ने आरोप लगाया कि दो सरकारी कंपनियों ▶▶ शेष पेज 5 पर

100 महिलाओं सहित कुल 1198 उम्मीदवार हैं

दूसरे चरण में राहुल गांधी, ओम बिरला समेत कई दिग्गज मैदान में

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में 13 राज्यों की 88 सीटों पर 26 अप्रैल को मतदान होगा। इस चरण में केरल की 20, कर्नाटक की 14, राजस्थान की 13, उत्तर प्रदेश की 8, महाराष्ट्र की आठ, मध्य प्रदेश की सात, बिहार की पांच, असम की पांच छत्तीसगढ़ की तीन, पश्चिम बंगाल की तीन, मणिपुर, त्रिपुरा और जम्मू-कश्मीर की एक-एक सीटें शामिल हैं। दूसरे चरण में कुल 1198 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। इनमें 100 महिला उम्मीदवार हैं। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, कांग्रेस के स्टार प्रचारक राहुल गांधी, शशि थरूर, वैभव गहलोत, रविंद्र सिंह भाटी, पप्पू यादव, हेमामालिनी, छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, जम्मू-कश्मीर की पूर्व सीएम महबूबा मुफ्ती समेत कई प्रमुख नेता इस चरण में किस्मत आजमा रहे हैं। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी केरल की वायनाड ▶▶ शेष पेज 5 पर

जेपी मॉर्गन चेज के सीईओ जेमी डिमन ने कहा-भ्रष्टाचार को समाप्त करने में सफल रहे मोदी

पीएम मोदी ने देश की तरक्की के लिए 'अविश्वसनीय' काम किया

400 मिलियन लोग गरीबी से बाहर निकाले

डिमन ने गरीबी उन्मूलन, बुनियादी ढांचे के विकास और नौकरशाही सुधारों में पीएम मोदी के प्रयासों पर प्रकाश डाला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सबसे बड़े और सबसे प्रसिद्ध वित्तीय संस्थानों में से एक जेपी मॉर्गन चेज के अध्यक्ष और सीईओ जेमी डिमन ने भारत की उपलब्धियों और पीएम मोदी की प्रशंसा की है।

वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं और राजनीति पर अपनी टिप्पणियों के लिए जाने जाने वाले सीईओ डिमोन ने कहा कि मोदी ने भारत में अविश्वसनीय काम किया है। दरअसल, जेपी मॉर्गन चेज के सीईओ इकोनॉमिक क्लब ऑफ न्यूयॉर्क द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भारत में हो रहे विकास कार्यों के लिए पीएम मोदी की तारीफ की। डिमन ने गरीबी उन्मूलन, बुनियादी ढांचे के विकास और नौकरशाही सुधारों में पीएम मोदी के प्रयासों पर प्रकाश डाला और उनके नेतृत्व में भारत द्वारा की गई उल्लेखनीय प्रगति पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि पीएम मोदी की नीतियों ने लगभग 400 मिलियन लोगों को गरीबी से बाहर निकाला है, यह एक बड़ी उपलब्धि है जो मान्यता के योग्य है। सीईओ ने पीएम मोदी की स्वच्छ भारत अभियान जैसी पहल पर भी प्रकाश डाला, जिसका उद्देश्य भारत के हर घर ▶▶ शेष पेज 5 पर

इकोनॉमिक क्लब ऑफ न्यूयॉर्क द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बोले सीईओ



भारतीय लोगों की आईडी प्रणाली की तारीफ की

सीईओ डिमन ने वित्तीय समावेशन में भारत की प्रगति की प्रशंसा करते हुए उल्लेख किया कि सरकार ने लगभग 700 मिलियन लोगों के लिए बैंक खाते खोले हैं, जिससे आबादी के एक महत्वपूर्ण हिस्से तक वित्तीय पहुंच सुनिश्चित हुई है। उन्होंने देश की शिक्षा प्रणाली और बुनियादी ढांचे के विकास की भी सराहना की और इसे अविश्वसनीय बताया। उन्होंने आधार जैसी योजना पर कहा कि उन्होंने यह अद्भुत चलन शुरू किया है जहां प्रत्येक नागरिक को हाथ, आंख या अंगुली से पहचाना जाता ▶▶ शेष पेज 5 पर

फर्जी तरीके से जीएसटी नंबर हासिल कर किया 14.80 करोड़ का लेनदेन

सीए की शिकायत पर कारोबारी गिरफ्तार, आर्थिक अपराध शाखा की कार्रवाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आर्थिक अपराध शाखा ने धोखाधड़ी के मामले में एक कारोबारी को गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम शशिकांत गुप्ता बताया गया है। इस पर फर्जी तरीके से जीएसटी नंबर हासिल करने और करोड़ों के लेनदेन का आरोप है। 56 वर्षीय आरोपी ग्रेटर नोएडा यूपी का रहने वाला है। पुलिस आरोपी को रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है।डीसीपी विक्रम के पोरवाल ने बताया कि सीए राजीव जैन ने इस मामले को लेकर शिकायत दर्ज करायी थी। आरोप लगाया था कि मधु एंटरप्राइजेज के नाम पर फर्जी जीएसटी नंबर प्राप्त करने के लिए उनके पैन कार्ड का धोखाधड़ी से उपयोग किया गया है। जुलाई 2019 से नवंबर की अवधि के दौरान इस जीएसटरी नंबर का इस्तेमाल कर 14.80 करोड़ रुपए का लेनदेन किया गया है।

मामले की जांच के दौरान जीएसटी विभाग से दस्तावेज हासिल किए गए। फर्जी तरीके से कथित जीएसटी नंबर के पंजीकरण में इस्तेमाल किया गया मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी का पता लगाया। इसके बाद पुलिस को आरोपी शशिकांत गुप्ता के सिक्युरिटी गार्ड का पता चला। पुलिस को गार्ड ने बताया कि शशिकांत गुप्ता ने वेतन भुगतान के लिए बैंक खाता खोलने के नाम पर उससे पहचान सम्बंधी दस्तावेजों की फोटाकॉपी ली थी। बैंक खाता खोला गया या नहीं इस बारे में उसे कुछ नहीं बताया गया। जांच के दौरान पुलिस को पता लगा कि 11 कंपनियों से सम्बंधित कई खाते एक निजी बैंक में खोले गए थे। आरोपी का पता चलने पर पुलिस ने उसे अरेस्ट कर लिया। शशिकांत गुप्ता एक बिजनेस क्लास परिवार से है। उनके पिता की चांदनी चौक में बिजली के सामान की दुकान थी। 1992 में आरोपी ने प्लास्टिक दानों का व्यवसाय शुरु किया था। उसके और परिवार के सदस्यों के नाम से चार फर्म पंजीकृत हैं। आरोपी बैंक खाते खोलने के उद्देश्य से अपने कर्मचारियों व जानकार लोगों के दस्तावेजों का उपयोग कर जीएसटी नंबर हासिल करता था। जीएसटी भुगतान से बचने के लिए उन फर्मों से फर्जी लेनदेन और बिलिंग की गई, जिन पर अप्रत्यक्ष रूप से आरोपी शशिकांत गुप्ता और उनके बेटे अक्षय गुप्ता का नियंत्रण था। आरोपी सोनीपत हरियाणा में भी ऐसे ही एक धोखाधड़ी के मामले में शामिल रह चुका है।

आबकारी घोटाला

कोर्ट का सीबीआई को आरोपियों के बयानों, सबूतों का विवरण दाखिल करने का निर्देश

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली की एक अदालत ने बुधवार को सीबीआई से कथित आबकारी नीति घोटाले से संबंधित भ्रष्टाचार के मामले में गवाहों और आरोपियों के बयानों के साथ-साथ साक्ष्यों का विवरण देने वाले दस्तावेज सात मई तक दाखिल करने का निर्देश दिया। मामले में आरोपी व्यक्तियों के खिलाफ आरोप तय किये या न किये जाने के बिंदु पर सुनवाई स्थगित करते हुए विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को निर्देश जारी किए। अदालत ने 22 अप्रैल को मामले में बीआरएस नेता के. कविता की जमानत याचिका पर अपना आदेश दो मई के लिए सुरक्षित रख लिया था। कविता वर्तमान में न्यायिक हिरासत में हैं। कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कविता को 15 मार्च को हैदराबाद में उनके बंजारा हिल्स आवास से गिरफ्तार किया था। सीबीआई ने उन्हें 11 अप्रैल को तिहाड़ जेल में गिरफ्तार किया था। सीबीआई दिल्ली आबकारी नीति 2021-22 के निर्माण और कार्यान्वयन में कथित भ्रष्टाचार की जांच कर रही है। यह नीति अब रद्द हो चुकी है।

महेंद्रा पार्क थाना इलाके के आदर्श नगर मेट्रो स्टेशन की घटना

ट्रक की छत पर खड़े हेल्पर की मेट्रो स्टेशन के बीम से टकराकर मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

ट्रक की छत पर खड़ा होकर सफर करने की कीमत एक युवक को जान देकर चुकानी पड़ी। दरअसल युवक अदरक से भरे ट्रक पर खड़ा था। उसका सिर आदर्श नगर मेट्रो स्टेशन के बीम से टकरा गया। बाद में वह ट्रक की छत पर मृत मिला। मृतक का नाम बिलाल (20) बताया गया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए नजदीकी अस्पताल भिजवाया है। पुलिस के मुताबिक बुधवार को महेंद्र पार्क थाने को इस घटना की सूचना मिली।

पुलिस मौके पर पहुंची तो पता चला कि घायल को ट्रक चालक ने बाबू जगजीवन राम अस्पताल में भर्ती करवाया था, जहां उसे मृत घोषित कर दिया। शुरु में आजाद पुर मंडी एसोसिएशन से जुड़े लोगों ने हत्या का अंदेशा जाहिर किया था

लेकिन जांच के दौरान पुलिस ने रूट के सीसीटीवी फुटेज चैक किये। पता चला कि अदरक से भरा एक ट्रक आजादपुर की ओर से करनाल बाईपास की ओर जा रहा था। मो. बिलाल ट्रक के ऊपर खड़ा था। सीसीटीवी फुटेज में उसे आदर्श नगर मेट्रो स्टेशन से पहले ट्रक की छत पर खड़ा देखा गया था। जब ट्रक इस मेट्रो स्टेशन को पार करता है तो युवक ट्रक की छत पर लेटा हुआ नजर आया। शुरुआती जांच में पुलिस ने आंशका जतायी कि युवक का सिर आदर्श नगर मेट्रो स्टेशन की छत के बीम से टकरा गया, जिस कारण उसकी मौत हुई। पुलिस ने इस मामले में लापरवाही से हुई मौत का4 मुकदमा दर्ज कर लिया है। केस में पुलिस की तहकीकात जारी है।

निर्माणाधीन फ्लाईओवर पर लटकी मिली युवक की लाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

अमन विहार इलाके में बुधवार सुबह एक युवक की लाश निर्माणाधीन फ्लाईओवर पर लटकी मिली। पास से गुजर रहे लोगों ने लाख देखकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। शुरुआती छानबीन में पुलिस युवक की मौत को खुदकुशी मान रही है। हालांकि, कोई सुसाइड नोट उसके पास से नहीं मिला। इस कारण मौत की वजह साफ नहीं हो सकी है। पुलिस ने बताया मृतक का नाम हरप्रीत सिंह है। उसके परिवार में मां, पत्नी और एक बच्चा है। बुधवार सुबह लगभग 6 बजे निर्माणाधीन यूईआर-II (अर्बन एक्सटेंशन रोड 2) फ्लाईओवर पर एक शव के लटके होने की सूचना मिली। पुलिस घटना स्थल पर पहुंची, जहां से लाश को फायर ब्रिगेड की मदद से नीचे उतार संजय गांधी अस्पताल भेजा गया। जांच में पुलिस को पता चला कि हरप्रीत परिवार के साथ उत्सव विहार, कराला इलाके में रहता था। वह पेशे से ड्राइवर था। आजकल उसके पास कोई काम नहीं था। आशंका है कि काम ना मिलने के कारण तनाव में आकर उसने यह कदम उठाया है।

12 साल के बच्चे की करंट लगने से मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

छावला इलाके के खैरा गांव में मंगलवार शाम आंधी व बारिश के बाद 12 साल के एक बच्चे की बिजली के खंभे में उतरे करंट ने जान ले ली। मृतक का नाम कैफ मोहम्मद बताया गया है। घटना के समय बच्चा घर के बाहर गली में खेल रहा था। पुलिस के अनुसार कैफ मोहम्मद खैरा गांव में परिवार के साथ रहता था। वह एक सरकारी स्कूल की छठी कक्षा का छात्र था। उसके पिता जमाल खान निर्माण कार्यों के ठेकेदार हैं। परिवार में मां और दो बड़े भाई भी हैं। मंगलवार शाम आई आंधी और बारिश के बाद बच्चा घर के बाहर खेलने चला गया। घर से करीब 50 मीटर दूर बिजली के खंभे को जैसे ही उसने छूआ तो करंट की चपेट में आ गया। जोरदार झटके के कारण वह दूर जा गिरा। पड़ोसियों ने सूचना उसके परिजनों को दी। बच्चे को अचेत हालत में नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पीड़ित परिजन घटना के लिए बीएसईएस को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। हादसा बिजली विभाग की लापरवाही के कारण हुआ। पुलिस ने बुधवार को पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों के हवाले कर दिया। बहरहाल, पुलिस घटनास्थल के आसपास सीसीटीवी कैमरे की फुटेज चैक कर जांच को आगे बढ़ा रही है।

मिर्गी के मरीज ने नाले में कूदकर दी जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

ख्याला थाना इलाके के मादीपुर नाले में कूदकर एक शख्स ने जान दे दी। पुलिस ने प्राइवेट गोताखारों की मदद से शव को बाहर निकालकर पोस्टमॉर्टम के लिये भिजवाया है। मृतक का नाम 42 वर्षीय अनिल बताया गया है। पुलिस का शुरुआती जांच के बाद कहना है कि मृतक मिर्गी का मरीज था।

पुलिस के अनुसार ख्याला थाने की पुलिस को नाले में कूदने के संबंध में एक कॉल प्राप्त हुई थी। रघुबीर नगर चौकी का स्टाफ मौके पर पहुंचा। कूदने वाले व्यक्ति की तलाश में निजी गोताखोरों को बुलाया गया। उस स्थान से लगभग 10 मीटर दूर ही शव मिल गया। मृतक अनिल पुत्र संतू राम, निवासी आर-ब्लॉक रघुबीर नगर पता चला। अब तक की पूछताछ के आधार पर पता चला कि मिर्गी से पीड़ित अनिल कई दिनों से दवा नहीं ले रहा था। दवा को लेकर पत्नी से बहस के बाद वह परेशान हो गया और सुबह करीब सवा नौ बजे घर से निकल गया था। शव को पोस्टमॉर्टम के लिये डीडीयू मोर्चरी भिजवाया गया है।

पूर्व पार्षद के पति का शव रेलवे लाइन पर मिला, बीमारी से तंग आकर की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

पूर्वी दिल्ली के पटपड़गंज से भाजपा की पूर्व पार्षद संध्या वर्मा के पति संजय कुमार का शव अक्षरधाम फ्लाईओवर के नीचे रेलवे ट्रैक पर पाया गया है। बुधवार को शव की शिनाख्त हुई। उनके पास से एक सुसाइड नोट भी बरामद हुआ जिसमें उन्होंने लंबी बीमारी से परेशान होने की बात लिखी है। क्राइम टीम ने भी घटनास्थल से साक्ष्य इकट्ठा किए हैं। आनंद विहार रेलवे पुलिस मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया गया है। पुलिस के अनुसार संजय कुमार प्रोस्टेट की बीमारी से पीड़ित थे। उनका इसके लिए ऑपरेशन भी हो चुका था। मौके से मिली नोट में भी उन्होंने लंबी बीमारी के कारण डिप्रेशन का जिक्र किया है। पुलिस परिवारजनों से भी पूछताछ कर रही है। संजय कुमार का शव मंगलवार को रेलवे ट्रैक पर मिला था।

जंतर-मंतर पर प्रदर्शन, कई किसानों ने मोबाइल टावर पर चढ़ने का प्रयास किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जंतर-मंतर पर प्रदर्शन के दौरान तमिलनाडु के कई किसानों ने मोबाइल टावर पर चढ़ने का प्रयास किया। इनमें एक महिला भी शामिल थी। फसलों की उचित कीमत, नदियों को जोड़ने आदि मुद्दे पर प्रदर्शन के लिए किसान दिल्ली आए हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि तमिलनाडु के सैकड़ों किसान जंतर-मंतर पर एकत्र हुए, जिनमें से कुछ ने पास के पेड़ों और मोबाइल टावर पर चढ़ने की कोशिश की। पुलिस ने कहा कि उसने मोबाइल टावर पर चढ़े एक प्रदर्शनकारी किसान को उतारने के लिए दमकल की क्रेन का भी इस्तेमाल किया। नई दिल्ली के पुलिस उपायुक्त देवेश कुमार महला ने बताया कि लगभग 50 लोग नदियों को जोड़ने के मुद्दे को लेकर यहां

प्रदर्शन के लिए पहुंचे थे। उनमें से दो ने मोबाइल टावर पर चढ़ने की कोशिश की, हालांकि बाद में वे नीचे उतर आए। प्रदर्शनकारी किसानों ने बताया कि तमिलनाडु के 100 किसान इस प्रदर्शन में शामिल हुए। किसानों ने कहा कि वे कृषि उपज से अपनी आय दोगुनी करने, पांच हजार रुपये की पेंशन, व्यक्तिगत बीमा और भारत में सभी नदियों को जोड़ने की मांग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर उनकी मांगें पूरी नहीं हुईं तो वे वाराणसी सीट पर पीएम नरेन्द्र मोदी के खिलाफ लोकसभा चुनाव लड़ेंगे। दिल्ली अग्निशमन सेवा के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि उन्हें फोन पर किसानों के विरोध-प्रदर्शन के बारे में सूचना मिली थी, जिसके बाद वे 'स्काई लिफ्ट' लेकर वहां पहुंचे और किसानों को मोबाइल टावर से नीचे उतारा।

संगम विहार: छह साल की बच्ची से ट्यूटर के बेटे ने की छेड़छाड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

संगम विहार इलाके में ट्यूशन पढ़ने के लिए गई एक छह वर्षीय बच्ची के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ छेड़छाड़ और पॉक्सो एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी का नाम ओम सिंह (32) बताया गया है। पुलिस के अनुसार मंगलवार शाम

इस घटना को लेकर पीसीआर कॉल मिली। पीड़ित बच्ची की मां ने बताया कि उनकी बेटी हर रोज घर के नजदीक ट्यूशन पढ़ने जाती थी। लेकिन मंगलवार को वह समय से पहले घर वापस लौट आई। सवाल जवाब करने पर उसने बताया कि ट्यूशन टीचर के बेटे ने उसे निर्वस्त्र कर उसके निजी अंगों से छेड़छाड़ की। उस वक्त ट्यूटर घर पर नहीं था। यह पता चलते ही पुलिस ने बच्ची की काउंसलिंग करवाई और शिकायत को लेकर संगम विहार थाने में आईपीसी की धारा 354, 354 बी, 342 और 10 पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। 32 साल का आरोपी ओम सिंह संगम विहार में रहता है। वह चतुर्थ श्रेणी का कर्मचारी है। केस में पुलिस की जांच जारी है।

समझौते के बाद प्राथमिकी रद्द आरोपी को 30 दिन तक यातायात पुलिस की मदद करने का निर्देश

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने पीड़ित महिला के साथ समझौते के बाद एक व्यक्ति के खिलाफ आपराधिक मामला रद्द कर दिया है और उसे 30 दिन तक सिग्नल पर यातायात पुलिस की मदद करने को कहा है। अदालत ने आरोपी की उस याचिका को मंजूर कर लिया, जिसमें भारतीय दंड संहिता की धाराओं 354 (महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने के इरादे से उस पर हमला करना), 506 (आपराधिक धमकी) और 509 (शब्द, इशारा या कृत्य के द्वारा किसी महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाना) के तहत उसके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने का अनुरोध किया गया था। याचिका में कहा गया था कि पीड़िता अब अपनी शिकायत को आगे बढ़ाना नहीं चाहती हैं और मामले को आगे जारी रखने का कोई औचित्य नहीं है।

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घघोषणा

(धारा 82 सीआरपीसी)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त आरोपी **मोहम्मद नासिर**, पुत्र मोहम्मद रफीक, निवासी S-46/17, इंदिरा गांधी कैंप, तैमूर नगर, दिल्ली, ने **एफआईआर संख्या 333/2018, धारा 380/411 आईपीसी, पुलिस थाना हजरत निजामुद्दीन, दिल्ली**, के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मोहम्मद नासिर**, मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है की उक्त अभियुक्त **मोहम्मद नासिर**, फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है की उक्त अभियुक्त **मोहम्मद नासिर**, केस **एफआईआर संख्या 333/2018, धारा 380/411 आईपीसी, पुलिस थाना हजरत निजामुद्दीन, दिल्ली**, से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **27.05.2024** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
कार्तिक तापड़िया,
महानगर दण्डाधिकारी,
साकेत कोर्ट,
दिल्ली

DP/4391/SE/2024
(Court Matter)

पेशी...

गैंगस्टर सचिन बिश्नोई उर्फ सचिन थापन को पुलिस ने बुधवार नई दिल्ली में पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया। फोटो : एजेंसी

14 मई को होगी याचिका पर सुनवाई

समन अनदेखी मामले में कोर्ट ने केजरीवाल को जवाब दाखिल करने के लिए दिया वक्त

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली की एक अदालत ने आबकारी नीति मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा जारी समन को कथित तौर पर नजरअंदाज करने को लेकर एक आदेश के खिलाफ पुनर्विचार की मांग करने वाली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की दो याचिकाओं पर एजेंसी के जवाब पर प्रतिक्रिया देने के लिए आम आदमी पार्टी (आप) नेता को समय दिया है। ईडी की शिकायत पर एक मजिस्ट्रेट अदालत ने केजरीवाल को समन जारी किया था और उनके खिलाफ एक आदेश पारित किया था, जिसको

चुनौती देते हुए आप नेता ने विशेष अदालत का दरवाजा खटखटाया था। ईडी ने मामले में जारी समन से कथित तौर पर बचने के लिए केजरीवाल के खिलाफ मजिस्ट्रेट अदालत में शिकायत की थी। विशेष न्यायाधीश राकेश सयाल ने बुधवार को केजरीवाल की अपील पर ईडी का जवाब मिलने के बाद आप संयोजक को अपना जवाब दाखिल करने के लिए दो सप्ताह का समय दिया। केजरीवाल के वकीलों ने अदालत को बताया कि ईडी मामले में आप नेता को गिरफ्तार कर चुकी है और उन्हें इस बारे में अभी केजरीवाल से कोई निर्देश नहीं मिला इसलिए जवाब दाखिल करने के लिए समय चाहिए, जिसके बाद अदालत ने यह आदेश दिया। न्यायाधीश ने कहा कि याचिकाकर्ता के वकील का कहना है कि उन्हें ईडी द्वारा दाखिल जवाब पर प्रत्युत्तर दाखिल करना होगा। हालांकि, वे याचिकाकर्ता से निर्देश नहीं ले पाए हैं, जो न्यायिक हिरासत में है। अगली तारीख से पहले प्रत्युत्तर दाखिल किया जाए। अदालत अब 14 मई को याचिका पर सुनवाई करेगी।

गुमशुदा की तलाश

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़की जिसका नाम **आंचल** पुत्री **संदीप कुमार** निवासी: **ए–954, श्याम कॉलोनी, बुध विहार, फेस–2, दिल्ली है**, जो कि थाना क्षेत्र बुध विहार, दिल्ली से दिनांक 12.04.2024 को सुबह 11:30 बजे से लापता है। जिसका ब्यौरा इस प्रकार है। **उम्र:** 19 वर्ष, **कद:** 5'1'', **रंग:** गहरा, **शरीर:** सामान्य, **चेहरा:** गोल, जिसने गुलाबी रंग का सूट और गुलाबी रंग की चप्पल पहनी है। इस संदर्भ में **डीडी नं. 91ए, दिनांक 12.04.2024 को थाना बुध विहार, नई दिल्ली में दर्ज है।**

हर संभव कोशिश के बाद भी इस लड़की का कोई सुराग नही मिल पाया है। अगर किसी को इस लड़की के बारे में कोई जानकारी मिले तो कृपया निम्नलिखित फोन नम्बरों पर सूचित करें।

Website : http://cbi.nic.in
E-mail : cic@cbi.gov.in
Fax: 011-24368639
Ph. No. : 011-24368638, 24368641

थानाध्यक्ष
थाना बुध विहार
नई दिल्ली

DP/4768/RD/2024 फोन: 011-27052272-73, 9212584653

खबर संक्षेप

राजकुमार चौहान ने कांग्रेस से दिया इस्तीफा

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव से पहले दिल्ली प्रदेश कांग्रेस पार्टी को बड़ा झटका लगा है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व तीन बार शीला दीक्षित सरकार में मंत्री रहे राजकुमार चौहान ने 24 अप्रैल 2024 को पार्टी से इस्तीफा दे दिया। चौहान ने इस्तीफे का मुख्य कारण दिल्ली प्रदेश प्रभारी दीपक बावरिया के अनुचित व्यवहार और उत्तर पश्चिम आरक्षित सीट पर उम्मीदवार उदित राज को बताया है। चौहान ने अपने बयान की वीडियो बना कर सोशल मीडिया में पोस्ट करते हुए प्रभारी बावरिया व प्रत्याशी उदितराज पर कई आरोप लगाए है। वहीं दूसरी तरफ चौहान पर प्रदेश कमेटी ने अनुशासनहीनता के आरोप लगाए है। गत रविवार को प्रभारी बाबरिया के साथ एक बैठक में हुई कहासुनी पर दिल्ली कांग्रेस की अनुशासन समिति ने मंगलवार को चौहान के खिलाफ शिकायत पर कार्रवाई करने का फैसला एआईसीसी पर छोड़ दिया था। इस बारे में चौहान ने कहा कि मेरे पिताजी से लेकर मैं खुद कांग्रेस के सिपाही रहे है। पार्टी ने मुझे छह बार चुनाव लड़ाया, चार बार जीता तीन बार दिल्ली सरकार में मंत्री बनाया। लेकिन वर्तमान लोकसभा चुनाव में पार्टी ने उत्तर पश्चिम सीट पर कई गंभीर आरोपों के आरोपी भाजपा के पूर्व सांसद उदितराज को टिकट देकर हार सुनिश्चित कर ली है। चौहान ने कहा कि मुझे एक बैठक में प्रदेश प्रभारी बावरिया ने बेइज्जत किया, जो सहन करने लायक नहीं है। मेरी बात किसी ने नहीं सुनी इसलिए अंत में मैंने कांग्रेस से इस्तीफा देना ही बेहतर समझा।

लोकसभा चुनाव के दिन 25 मई को डीटीसी 35 रूट पर सुबह चार बजे से देगी सेवाएं

नई दिल्ली। आगामी लोकसभा चुनावों के दिन दिल्ली परिवहन

निगम (डीटीसी) ने विशेष तैयारी करते हुए कहा है कि चुनिंदा रूट पर सुबह चार बजे से सेवाएं शुरू होगी। इस बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए डीटीसी के पीआर प्रबंधक राकेश कुमार ने बताया कि दिल्ली में प्रस्तावित 25 मई 2024 को लोकसभा चुनाव के दिन निगम की तरफ से 35 रूट पर सुबह चार बजे से ही बस सेवाएं शुरू हो जाएगी। यह विशेष यातायात व्यवस्था मतदान कर्मियों एवं विभागों से जुड़े अधिकारी कर्मचारियों के लिए की गई है।

एबीवीपी ने की जीपैट-2024 के आवेदन शुल्क वृद्धि को कम करने की मांग

नई दिल्ली। आयुर्विज्ञान में राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड (एनबीईएमएस) द्वारा मास्टर ऑफ फार्मेसी (एम. फार्म) पाठ्यक्रम में प्रवेश को इच्छुक योग्य उम्मीदवारों को छात्रवृत्ति प्रदान करने के लिए ग्रेजुएट फार्मेसी एप्टीट्यूड टेस्ट (जीपीएटी) के ऑनलाइन आवेदन शुल्क में भारी बढ़ोतरी की गई है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि इस शुल्क वृद्धि के फैसले पर पुनर्विचार करने की माँग को लेकर आयुर्विज्ञान में राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड (एनबीईएमएस) के अध्यक्ष को पत्र लिखकर इस शुल्क वृद्धि को कम करने की माँग की है। उन्होंने बताया कि इस बार जनरल, ओबीसी एवं ईडब्ल्यूएस अभ्यर्थियों के लिए ऑनलाइन आवेदन का शुल्क 2200 रुपए से बढ़ाकर 3500 रुपए कर दिया गया है जो कि विगत वर्ष की अपेक्षा लगभग 60 प्रतिशत तक वृद्धि है। वहीं एससी, एसटी एवं पीडब्ल्यूडी अभ्यर्थियों के लिए शुल्क विगत वर्ष की तुलना में 1100 रुपए से बढ़ाकर 2500 रुपए तय किया गया है जो कि लगभग 125 प्रतिशत तक बढ़ोतरी की गई है। इस शुल्क वृद्धि के कारण संबंधित श्रेणियों के अभ्यर्थियों को समस्याएं हो रही हैं।

जैसलमेर हाउस से कांग्रेस मुख्यालय तक किया मार्च

भाजपा ने कांग्रेस के घोषणा पत्र को लेकर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुघ, दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा और दिल्ली भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्षा ऋचा पांडेय मिश्रा के नेतृत्व में बुधवार को दिल्ली भाजपा महिला मोर्चा ने कांग्रेस दफ्तर के बाहर कांग्रेस के घोषणापत्र, तुष्टिकरण की नीति के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। जैसलमेर हाउस से प्रदर्शनकारियों ने कांग्रेस मुख्यालय तक मार्च किया और पुलिस द्वारा लगे बैरिगेट्स को तोड़ने के बाद आगे बढ़े तो पुलिस वीरेन्द्र सचदेवा एवं ऋचा पांडेय सहित बड़ी संख्या में महिलाओं को गिरफ्तार कर मंदिर मार्ग थाने ले गई जहां से कुछ समय बाद चेतावनी देकर छोड़ा। कांग्रेस के खिलाफ हुए इस विरोध प्रदर्शन में प्रदेश उपाध्यक्ष योगिता सिंह एवं लता गुप्ता, प्रदेश प्रवक्ता शिखा राय, सभी मोर्चों के प्रभारी सुमित भसीन, मोर्चा सह-प्रभारी श्याम बाला, मोर्चा महामंत्री प्रियल भारद्वाज, सरिता तोमर एवं वैशाली पोद्दार, प्रदेश मीडिया रिलेशन विभाग प्रमुख विक्रम मित्तल एवं कार्यालय मंत्री बृजेश राय सहित सैकड़ों की संख्या में महिला मोर्चा की कार्यकर्ता उपस्थित थी।

कांग्रेस की मानसिकता है जो उनके घोषणापत्र में दिख रही : तरुण चुघ

विरोध प्रदर्शन को संबोधित करते हुए तरुण चुघ ने कहा कि जिस तरह से जजिया कर लगाया गया था और मुगलों के राज में संपत्ति लूटी गई थी उसी तरह कांग्रेस की मानसिकता है जो उनके घोषणा पत्र में दिख रही है कि भारत के नागरिकों की संपत्ति लूटकर मुस्लिम समाज में बांट दी जाएगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नीतियों को निर्धारित करने वाला सैम पित्रोदा ने अमेरिका के इन्हेरिटेंस टैक्स लागू करने की बात कही है जिससे जनता के 55 फीसदी संपत्ति छीन ली जाएगी।

घोषणापत्र देश को तोड़ने का षडयंत्र : सचदेवा

सचदेवा ने कहा कि किसी भारतीय ने कभी नहीं सोचा होगा कि हमारे देश में ऐसा भी दिन आएगा जब हमारे देश की माताएं बहनें सड़कों पर अपने मंगलसूत्र और गहने बचाने के लिए उतरेगी लेकिन राहुल गांधी ने यह दिन दिखाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का घोषणापत्र देश को तोड़ने का षडयंत्र हैं। देश को टुकड़े टुकड़े गैंग के हाथों की कठपुतली बनने का षडयंत्र हैं। कांग्रेस का कहना कि सत्ता में आते ही माता-बहनों की संपत्ति का सर्वे करवायेगी, यह सिर्फ तुष्टिकरण की राजनीति से प्रेरित है। सचदेवा ने कहा कि दिल्ली के अंदर मातृशक्ति का एक एक वोट इंडी गठबंधन को हराने के लिए पड़ेगा। इस लड़ाई को आगे तक ले जाना है और घर-घर तक इस संदेश को पहुंचाना है कि आम आदमी पार्टी भी कांग्रेस के साथ मिलकर उनके घर को लूटना चाहती है।

कांग्रेस ने महिलाओं का अपमान करने का किया काम : ऋचा

ऋचा पाण्डेय मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र में सिर्फ तुष्टिकरण ही नहीं बल्कि महिलाओं का अपमान करने का काम किया है। दिल्ली भाजपा महिला मोर्चा मांग करता है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी देश की महिलाओं से माफी मांगें और अपना घोषणापत्र वापस लें। उन्होंने कहा कि अगर ऐसा नहीं होता है तो महिला मोर्चा इस विरोध प्रदर्शन को घर-घर तक ले जाएगी।

हाईकोर्ट की फटकार के बाद निगमायुक्त ने किया स्कूलों का दौरा

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम के स्कूलों की दयनीय स्थिति को देखते हुए दिल्ली हाईकोर्ट ने निगमायुक्त ज्ञानेश भारती पर फटकार लगाते हुए स्कूलों का दौरा करने की बात कही। शिक्षा व स्वास्थ्य क्षेत्र में कार्य कर रहे सामाजिक न्यायविद अशोक अग्रवाल ने सोशल मीडिया एक्स पर मंगलवार को यह जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि दिल्ली हाईकोर्ट ने दिल्ली नगर निगम आयुक्त की शिक्षा मामले में सुनवाई के दौरान खिंचाई की, कहा कि गांधी नगर में चार स्कूल टीन में चल रहे हैं और इन स्कूलों का दौरा करें। वहां देंखें कि बच्चे कैसी हालात में पढ़ रहे हैं। देखें उनके पास किताबें, कॉपी और लेखन सामग्री है या नहीं? वहीं, सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को निगमायुक्त ज्ञानेश भारती ने कई स्कूलों का दौरा किया और इन दौरों को लेकर निगम के जनसंपर्क विभाग ने बताया कि यह रूटीन दौरा था। इन दौरों में विद्यालयों की अवसंरचना और छात्रों के हित में जो भी कार्य करने हैं, उन्हें चिन्हित किया जाता है और योजनाबद्ध तरीके से क्रियान्वित किया जाता है। वहीं, बता दें कि दिल्ली नगर निगम अपने सोशल मीडिया हैंडल, एक्स पर निगमायुक्त के इस दौरे की एक तस्वीर भी साझा नहीं की। दिल्ली नगर निगम के शिक्षा विभाग से जुड़े सूत्रों का कहना है कि शिक्षा के महत्व को शिक्षा से जुड़े अधिकारी ही बेहतर तरीके से समझ सकते हैं। यहां अन्य विभागों से डेपुटेशन पर अधिकारी आकर शिक्षा निदेशक बनते हैं और निगम की नीतियों को दरकिनार करते हुए मनमाने तरीके से कार्य कर रहें हैं और कोर्ट में आयुक्त को फटकार का सामना करना पड़ रहा है। नेता विपक्ष राजा इकबाल भी शिक्षकों के स्थानांतरण में आरोप लगा चुके हैं।

केजरीवाल की गिरफ्तारी और इंसुलिन न देने के खिलाफ 'आप' नेताओं व डॉक्टर विंग ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- 'जेल का जवाब वोट से' देने के लिए लोगों को किया जागरूक

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी और 23 दिनों तक उन्हें इंसुलिन न देने के विरोध में आम आदमी पार्टी के नेताओं, कार्यकर्ताओं और डॉक्टर विंग ने भाजपा के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन किया। इस विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी एवं 'आप' के वरिष्ठ नेता कुलदीप कुमार ने किया। इस दौरान 'आप' डॉक्टर विंग ने भाजपा और केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और 'जेल का जवाब वोट से' देने के लिए लोगों को जागरूक किया। कुलदीप कुमार ने कहा कि भाजपा निष्पक्ष चुनाव से भाग रही है। इसीलिए उसने बिना सबूत व बरामदगी के दिल्ली के बेटे अरविंद केजरीवाल को जेल में रखा हुआ है और उनको प्रताड़ित किया जा रहा है। दिल्ली की जनता भाजपा के इस अत्याचार का जवाब अपने वोट से देगी। पूर्वी दिल्ली से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी कुलदीप कुमार ने कहा कि सीएम अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली की जनता को कई सुविधाएं दी हैं। उन्होंने दिल्ली की बहनों को बस में फ्री यात्रा की सुविधा दी, लोगों को 24 घंटे फ्री बिजली-पानी दिया, सरकारी स्कूलों और अस्पताल को शानदार किया, ऐसे मुख्यमंत्री को भाजपा ने षड़यंत्र करके जेल में डाला है। दिल्ली की जनता इसका जवाब अपने वोट से देने के लिए तैयार है। दिल्ली के लोग सड़कों पर निकलकर ये कैंपेन कर रहे हैं और मतदाताओं को जागरूक कर रहे हैं कि पहले भाजपा ने किस तरह सीएम अरविंद केजरीवाल को झूठे आरोपों में फंसाया। अब उन्हें जेल में भी प्रताड़ना दी जा रही है।

कुलदीप ने कहा कि पूरे देश के सामने ये खुलासा हो गया है कि भाजपा जेल के अंदर उनकी हत्या करने की कोशिश कर रही है। दिल्ली की जनता इसका जवाब अपने वोट से देगी। भाजपा ये बताए कि जेल में एक मुख्यमंत्री की सेहत के साथ खिलवाड़ क्यों किया जा रहा है, उनको 23 दिन तक इंसुलिन क्यों नहीं दी गई? आखिर बिना किसी सबूत और बरामदगी के दिल्ली के बेटे अरविंद केजरीवाल को जेल में क्यों रखा हुआ है? भाजपा निष्पक्ष चुनाव से भाग रही है। वो सीएम केजरीवाल को गिरफ्तार करके दिल्ली की जनता को परेशान कर रही है।

एमएसपी से अधिक दर पर बिक रहा नरेला अनाज मंडी में गेहूं

दया राम ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली देहात के नरेला स्थित नई अनाज मंडी में गेहूं न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से अधिक दर पर बिक रहा है और इससे किसानों में भी खुशी दिख रही है। इस बार गेहूं का एमएसपी 2275 रुपए प्रति क्विंटल है जबकि यहां गेहूं 2295 से लेकर 3000 रुपए प्रति क्विंटल की दर से बिक रहा है। नरेला अनाज मंडी के एक अधिकारी ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि यहां किसानों को किसी प्रकार की दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ रहा है और बारिश की संभावना को देखते हुए इन दिनों किसान कम आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि बारिश को देखते हुए मंडी प्रशासन ने यहां सभी शेल्टरों को गेहूं की आवक के लिए तैयार किया है। जबकि धान के लिए दूसरी तरफ व्यवस्था है। यहां किसानों आदि के बैठने के लिए सुविधाएं और पानी की व्यवस्था है। वहीं, मंडी आढ़तियों का कहना है कि लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद गेहूं के दाम में तेजी की संभावना है। इसके पीछे कारण बताया जा रहा है कि चुनाव के चलते एक्सपोर्ट नहीं हो पा रहा है।

- लोकसभा चुनाव के बाद बढ़ सकते हैं दाम

मंडी अधिकारी ने बताया कि 20 अप्रैल को गेहूं के प्रति क्विंटल भाव 2275 से 2375 रुपए, 21 अप्रैल को 2275 से 2400 रुपए, 22 अप्रैल को 2290 से 2455 रुपए और 23 अप्रैल को 2295 से 2350 रुपए तक बिका। वहीं, इस वर्ष 1 अप्रैल 2024 से लेकर 23 अप्रैल 2024 तक करीब 2,35,341 क्विंटल गेहूं की आवक हुई है। वहीं, वर्ष 2023 में अप्रैल माह के दौरान करीब 2,62,024 क्विंटल, वर्ष 2022 में अप्रैल माह के दौरान करीब 2,88,761 और वर्ष 2022 में अप्रैल माह 6,7586 क्विंटल गेहूं की आवक दर्ज की गई। मंडी अधिकारी ने बताया कि इन दिनों गेंहू की आवक दिल्ली देहात, हरियाणा और राजस्थान से हो रही है। साथ ही गेंहू का उठाव भी हो रहा है ताकि किसानों को दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़े।

केजरीवाल से जेल में न मिलने देने की हो रही साजिश : सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

आखिर किस दुश्मनी का बदला प्रधानमंत्री, अरविंद केजरीवाल उनके परिवार और उनके चाहने वालों से ले रहे हैं। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने पार्टी मुख्यालय में प्रेसवार्ता कर उक्त बातें कही। आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह का कहना है कि सीएम केजरीवाल से जेल में न मिलने देने की बड़ी साजिश रची जा रही है। इसके खिलाफ गुरुवार को प्रधानमंत्री और एलजी को पत्र लिखूंगा। उन्होंने बताया कि बुधवार को स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज के साथ शिक्षा मंत्री आतिशी को सीएम से मिलना था। इसके लिए आतिशी ने मंगलवार को सभी नियमों का पालन करते हुए आवेदन किया, लेकिन आखिरी वक्त पर मुलाकात रद्द कर दी गई। बुधवार को सुबह सौरभ भारद्वाज के साथ सांसद संदीप पाठक मिलने गए, लेकिन उनसे भी मुलाकात नहीं कराई गई। अकेले सौरभ भारद्वाज ही मिल सके। उन्होंने प्रधानमंत्री से पूछा कि आखिर आप किस दुश्मनी का बदला अरविंद केजरीवाल, उनके परिवार और प्रशंसकों से ले रहे हैं? आप अरविंद केजरीवाल का मनोबल तोड़ना चाहते हैं, लेकिन इन हरकतों से वो नहीं झुकेंगे-टूटेंगे।

भारद्वाज ने सीएम केजरीवाल से जेल में की मुलाकात

उधर, सीएम अरविंद केजरीवाल से जेल में मुलाकात करने के उपरांत सौरभ भारद्वाज ने कहा कि तिहाड़ प्रशासन से हमने सीएम अरविंद केजरीवाल से मिलने के लिए 12:30 बजे का समय लिया था। मुख्यमंत्री से करीब 30 आधे घंटे की बातचीत हुई। एक खिड़की में लगे शीशे के दूसरी तरफ मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल बैठे थे और दूसरी तरफ मैं बैठा था और एक फोन के जरिए उनसे बातचीत हो पाई। हमारी अच्छी बातचीत हुई। सीएम केजरीवाल ने कहा है कि उनके बारे में दिल्लीवाले चिंता न करें, वो बहुत मजबूत हैं और दिल्ली की जनता के आशीर्वाद से अपनी लड़ाई जारी रखेंगे।

आईपी यूनिवर्सिटी 7 में मई तक काउंसलिंग का अवसर

नई दिल्ली। आईपी यूनिवर्सिटी में एमबीए कैट स्कोर से और एलएलबी एवं एलएलएम क्लैट स्कोर के लिए काउंसलिंग प्रक्रिया शुरू हो गई है। यह काउन्सलिंग पूरी तरह ऑनलाइन मोड में आयोजित की जा रही है। जिन आवेदकों ने आवेदन शुल्क 1,500 रुपए जमा करा रखे हैं वे 7 मई तक 1,000 रुपए काउन्सलिंग भागीदारी शुल्क के रूप में जमा करा सकते हैं। जिन आवेदकों ने आवेदन शुल्क के 1,500 रुपए अभी तक जमा नहीं कराए हैं वे इसे भी काउंसलिंग भागीदारी शुल्क के साथ जमा करा सकते है। इस काउंसलिंग का विस्तृत विवरण यूनिवर्सिटी की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

टूरिस्ट ट्रांसपोर्ट संगठन ने की आगामी लोकसभा चुनावों के बहिष्कार की घोषणा

नई दिल्ली। दिल्ली टैक्सी टूरिस्ट ट्रांसपोर्ट एंड टूर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ने आगामी लोकसभा चुनावों के बहिष्कार की घोषणा करते हुए कहा कि हमारे सदस्य मतदान नहीं करेंगे। बुधवार को प्रेसवार्ता के दौरान संगठन के अध्यक्ष संजय सम्राट ने आरोप लगाए कि सरकार हमारी उचित मांगों की तरफ भी ध्यान नहीं देती जिससे हमें आर्थिक व मानसिक नुकसान उठाना पड़ता रहा है। उन्होंने आरोप लगाए कि हमारी सबसे ज्यादा परेशानियां दिल्ली सरकार के परिवहन विभाग से जुड़ी है, जहां सबसे ज्यादा भ्रष्टाचार हो रहा है। वहीं कुछ मुद्दे केंद्र सरकार सहित अन्य राज्यों से भी जुड़े है। उन्होंने कहा कि हमारे कुछ मुद्दे सीधे महिलाओं की सुरक्षा से जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार के ट्रांसपोर्ट विभाग द्वारा दिल्ली की कर्मशियल टूरिस्ट टैक्सी बसों में पेनिक बटन (वहीक्ल लोकेशन ट्रैकिंग डिवाइस) के नाम पर सालों से भ्रष्टाचार हो रहा है, लेकिन सुनने वाला कोई नहीं है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल सरकार के परिवहन विभाग द्वारा प्राइवेट डीलर का पेनल बनाकर उन्हें पैनिक बटन लगाने के लिए 15 हजार तक लेने की छूट दे रखी है।

दिल्ली की शिक्षा व्यवस्था पर अविलंब श्वेत पत्र लाये दिल्ली सरकार : भाजपा

नई दिल्ली। पिछले करीब 9 साल 5 महीने से केजरीवाल सरकार का दिल्ली में और डेढ़ वर्ष से नगर निगम में शासन है। खुद मुख्यमंत्री केजरीवाल, पूर्व उपमुख्य मंत्री मनीष सिसोदिया एवं वर्तमान शिक्षा मंत्री आतिशी विश्व स्तरीय शिक्षा व्यवस्था के दावे करते रहे हैं पर दिल्ली उच्च न्यायालय ने उत्तर पूर्वी दिल्ली के सरकारी स्कूलों पर सोशल ज्यूरिस्ट की रिपोर्ट के बाद दिल्ली के शिक्षा सचिव को फटकार लगाते हुए तल्ख टिप्पणी की। न्यायालय से आ रही टिप्पणी और जमीनी हकीकत बताते हैं कि केजरीवाल सरकार के व्यवस्था सुधार दावे केवल प्रचार तक सीमित हैं।

क्रिकेट प्रेमियों के लिए रात 12 बजे तक चली मेट्रो, अब सात और 14 मई को मिलेगी ये सौगात

नई दिल्ली। दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में बुधवार को हुए आईपीएल मैच में पहुंचे दर्शकों की सुविधा के लिए रात 12 बजे के बाद भी चुनिंदा लाइन पर मेट्रो रेल चलाई। इसी प्रकार डीएमआरसी 7 और 14 मई को होने वाले मैच के लिए भी विशेष तैयारियों के साथ दर्शकों के लिए रात 12 बजे के बाद भी मेट्रो रेल चलाएगी। इस बारे में डीएमआरसी के अनुसार आईपीएल मैच के चलते संबंधित दिन पर सभी लाइनों की आखिरी ट्रेन का समय बढ़ा दिया गया है। दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में आज बुधवार सहित आईपीएल के तीन मैच होने है, जिसमें से एक मैच आज हो गया, दूसरा 7 मई और तीसरा मैच 14 मई को होना है।

खबर संक्षेप

सस्ता सोना दिलाने के नाम पर छह लाख ठगे



गुरुग्राम। न्यू कॉलोनी एरिया में सस्ता सोना दिलाने के नाम पर किराएदारों ने मकान मालकिन को छह लाख रुपए की चपत लगा दी। यही नहीं आरोपी महिला की दुकान से भी चोरी कर फरार हो गए। पुलिस को दी शिकायत में ज्योति पार्क निवासी मंजू ने बताया कि उनके मकान में रजनी, प्रेम, नवीन, सचिन और कविता एक साथ किराए पर रहते थे। रजनी ने दुबई से सस्ता सोना लाने का झांसा दिया।

एचएसबी करा रही है स्पेशलाइजेशन

गुरुग्राम। हरि शंकर सिंघानिया स्कूल ऑफ बिजनेस (एचएसबी) प्रोडेक्ट मैनेजमेंट में स्पेशलाइजेशन करा रही है। जिसके लिए उसने स्टूडेंट्स के लिए एमबीए में एडमिशन के लिए तीसरे दौर के परीक्षा आवेदन आमंत्रित किए हैं। 29 अप्रैल तक आवेदन स्वीकृत किए जाएंगे। यह विशिष्ट एमबीए उन युवाओं के लिए तैयार किया गया है, जिन्हें टेक्नोलॉजी और इनोवेशन में गहरी रुचि है।

थमा चुनाव प्रचार, अंतिम दिन झोंकी ताकत

गाजियाबाद। गाजियाबाद सीट पर दूसरे चरण में 26 अप्रैल को मतदान सुबह सात बजे शुरू हो जाएगा। इसके लिए बुधवार शाम पांच बजे चुनाव प्रचार का शोर थम गया। प्रचार के अंतिम सभी दलों ने पूरी ताकत झोंकी। मतदान केंद्रों पर तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। सकुशल मतदान संपन्न कराने के लिए बाहर से फोर्स भी पहुंचना पहुंच गई। 29 लाख मतदाता वोट देंगे।

वाहन चोरी के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

फरीदाबाद। क्राइम ब्रांच 48 प्रभारी हिमांशु की टीम ने चोरी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम सनी है जो यूपी के बदायूं के सीतापुर का रहने वाला है। सितंबर 2023 में आरोपी ने फरीदाबाद के सेक्टर 17 थाना एरिया से एक मोटरसाइकिल चोरी की थी जिस संबंध में थाने में चोरी की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज है। जनवरी 2024 में नोएडा पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया था।

पार्किंग की उचित व्यवस्था न करने पर मामला दर्ज

फरीदाबाद। सूरजकुंड थाने में केके उज्जवल फार्म हाउस संचालक के खिलाफ पार्किंग की उचित व्यवस्था न करने और यातायात बाधित करने का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस को सूचना मिली कि फार्महाउस के बाहर रोड पर जाम लग गया है जिसकी वजह से वाहन चालकों को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। फार्म हाउस प्रबंधक, संचालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की गई है।

मजाक पर रेहड़ी चालक की हत्या, दो गिरफ्तार

गुरुग्राम। सेक्टर-53 एरिया में मजाक करने पर गोलगप्पे की रेहड़ी लगाने वाले की दो युवकों ने हत्या कर दी। वारदात के बाद आरोपी यूपी भाग गए जहां से पुलिस ने दोनों को 24 घंटे के भीतर ही गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की पहचान आगरा निवासी सुमित (20 वर्ष) व आकाश (23 वर्ष) के रूप में हुई है। मृतक के साथ मजाक कर रहे थे, उसे गुस्सा आ गया तो सिर पर कांच की बोतल मार दी।

नगर पालिका कर्मचारी संघ की चेतावनी

न्यायोचित मांगों को नहीं मान रहा प्रशासन, सात दिनों के अंदर करें समाधान,वरना कर्मचारी करेंगे बड़ा आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

नगर निगम आयुक्त एवं संबंधित अधिकारियों की निगम कर्मचारियों की न्यायोचित जायज स्वीकृत मांगों को लागू करने एवं कर्मचारियों को अनावश्यक रूप से कार्यालय में चक्कर काटने के लिए मजबूर करने, मांगों पर निर्णय होने के बाद लाभ न देने से नाराज नगर निगम सफाई कर्मचारी यूनियन तथा बेलदार, माली, जूनियर इंजीनियर विंग, सैनिटेशन स्टाफ, वाटर सप्लाई, ड्राइवर व सीवर मैन यूनियन सहित अन्य यूनियनों के कार्यकर्ताओं का मास डेपुटेशन नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा की जिला कमेटी के नेतृत्व में निगम आयुक्त से मुलाकात करने पहुंचा। बता दें, नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा ने विगत 22 अप्रैल को ही निगम आयुक्त महोदय को पत्र भेज कर अवगत करवा दिया था लेकिन निगमायुक्त आज निगम कार्यालय में उपस्थित नहीं थे।

मास डेपुटेशन का नेतृत्व नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री संघ के जिला प्रधान दलीप बोहत, कार्यकारी प्रधान सुदेश कुमार, जिला सचिव अनिल चिंडालिया, गुरुचरण खांडिया, अनूप वाल्मीकि, कमला, रामरतन कर्दम, महेश शर्मा, शिवकुमार, अजय शास्त्री, रणजीत शुक्ला, रघुवीर चौटाला, राकेश चिंडालिया, राजकुमार, सुरेश मेलान्दा आदि कर रहे थे।

खास बातें

- कर्मचारियों को 6 माह का वेतन नहीं दिया
- कर्मचारियों को वर्दी और आईकार्ड नहीं दिए
- सफाई कर्मचारियों को सुविधाओं से वंचित रखा

अतिरिक्त निगम आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

नाराज नगर पालिका संघ के कार्यकर्ताओ ने अतिरिक्त निगम आयुक्त गौरव अंतिल से मुलाकात कर मांग पत्र सौंपते हुए आगामी 7 दिनों में मांगों का समाधान करने के लिए ज्ञापन सौंपा। गौरव अंतिल ने निर्धारित समय में मांगों का समाधान करने का आश्वासन दिया है। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि 7 दिनों में मांगों का समाधान नहीं किया तो निगम मुख्यालय पर नगर पालिका कर्मचारी संघ के नेतृत्व में आंदोलन शुरू कर दिया जाएगा।

कर्मचारी बगैर उपकरण सफाई कर रहे

नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री ने निगम प्रशासन पर आरोप लगाते हुए कहा कि शहर की सफाई व्यवस्था बिगड़ रही है, लेकिन प्रशासन कूड़े के उठान समाधान नहीं निकल पा रही है, सफाई कर्मचारी बगैर उपकरणों के सफाई व्यवस्था में जुटे हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा कौशल रोजगार निगम में शामिल होने से पहले 77 कर्मचारियों का पिछले 6 माह का वेतन एआरसी कंपनी द्वारा नहीं दिया गया है व कर्मचारियों जिन कर्मचारियों को वर्दी दी जाती है। उनकी वर्दी भी 6 व 7 वर्षों से लंबित है, आई कार्ड नहीं बनाई जा रहे हैं।

मांगे 6 माह से लंबित

शास्त्री ने कहा कि हाजिरी साइटों का निर्माण, पीने का पानी और शौचालयों का प्रबंध करना, सीवर मैनो को ओवरटाइम देने, सभी कर्मचारियों को एसीपी का लाभ देने, इलेक्ट्रिशियन, रोड मेट आदि को एसीपी में छूट देने, अनुबंध सफाई कर्मचारियों को एलटीसी का भुगतान करने, सीवर के काम में ठेका प्रथा बंद करने, सफाई कर्मचारियों को तेल साबुन देने, 29 ग्रामीण सफाई कर्मचारी व 9 माली कम चौकीदारों को निगम में ड्यूटी ज्वाइन करवाने तथा सभी कर्मचारियों के आई कार्ड बनाने आदि मांगे लगभग 6 महीने से लंबित हैं।

केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कांग्रेस के विरासत टैक्स और हिडन एजेंडे की खोली पोल

कांग्रेस की विभाजनकारी, तुष्टिकरण, विरासत टैक्स वाली नीति देश के लिए बेहद खतरनाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

कांग्रेस की सोच परिवारवादी, तुष्टिकरण और माओवादी सोच है। विश्व के कितने ही देशों को इस सोच ने बर्बाद कर दिया है। ऐसी माओवादी सोच को कांग्रेस भारत में लाना चाहती है।

कांग्रेस का एजेंडा प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में विकसित, एक श्रेष्ठ भारत को बनने से रोकना है। कांग्रेस की इसी घृणित सोच को देश के प्रधानमंत्री मोदी ने पकड़ लिया, इसलिए कांग्रेस तिलमिलाई हुई है। ये बातें केन्द्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने बुधवार को भाजपा कार्यालय अटल कमल पर प्रेस वार्ता के दौरान कही। यहां उन्होंने कांग्रेस की विभाजनकारी, तुष्टिकरण, माओवादी सोच और विरासत टैक्स पर कांग्रेस को घेरा और कांग्रेस के हिडन एजेंडें की पोल भी खोली।

प्रेस वार्ता में हरियाणा के उद्योग मंत्री मूलचन्द शर्मा, जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा, विधायक राजेश नागर, नरेन्द्र गुप्ता, नयनपाल रावत, मुख्यमंत्री के पूर्व राजनीतिक सचिव एवं लोकसभा संयोजक अजय गौड़, भाजपा नेता यशवीर डागर, जिला महामंत्री सुरेन्द्र जांगड़ा, जिला मीडिया प्रभारी विनोद गुप्ता, सह प्रभारी राज मदान आदि उपस्थित रहे।

» गुर्जर ने कहा कि कांग्रेस के नेता कह रहे हैं कि कांग्रेस सत्ता में आती है तो सर्वे कराएगी और लोगों की संपत्ति को उन लोगों में बांटेगी जिसकी तुष्टिकरण की वह राजनीति कर रही है।

खास बातें

- धर्म के आधार पर आरक्षण कांग्रेस के खतरनाक इरादों की तस्वीर
- कांग्रेस की नजर आम जनता की संपत्ति और कमाई पर
- कांग्रेस जनता को धोखे में रखकर लागू कर रही हिडन एजेंडा

भाजपा के संकल्प पत्र से कांग्रेस तिलमिलाई

कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि भाजपा के संकल्प पत्र को मोदी ने जब से देश के सामने रखा है कांग्रेस में तिलमिलाई हुई है। कांग्रेस को अपनी हार नजर आ गई है। मोदी 2014 से विकास को चुनावी एजेंडा बनाकर जनता के सामने रख रहे हैं और लगातार जीत हासिल कर रहे है, जिससे कांग्रेस बौखलाई हुई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सोच सदा ही तुष्टिकरण, परिवारवादी और माओवादी रही है।

कांग्रेस लोगों की कमाई पर मारेगी पंजा

गुर्जर ने कहा कि अब तो कांग्रेस ने लोगों की कमाई और संपत्ति पर अपना पंजा मारने की मंशा को भी दर्शा दिया है। कांग्रेस फिर उसी सोच को आगे बढाने का काम करती दिखाई दे रही है जिसको कांग्रेस ने 60 और 70 के दशक में हथियार बनाया था। गुर्जर ने कहा कि कांग्रेस के नेता कह रहे हैं कि कांग्रेस सत्ता में आती है तो सर्वे कराएगी और लोगों की सम्पत्ति को उन लोगों में बांटेगी जिसकी तुष्टिकरण की वह राजनीति कर रही है।

मोदी ने देश को मजबूत किया

कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि जबसे भाजपा सरकार आई है मोदी जी देश के लोगों की कमाई बढ़ाकर उनको आर्थिक तौर पर मजबूत कर देश को मजबूत करने की बात करते हैं जबकि कांग्रेस लोगों की संपत्ति जब्त कर कुछ लोगों के हाथों में देने की बात कर रहे हैं। गुर्जर ने कहा कि कांग्रेस ने अपनी नजरें बहन बेटियों के आभूषणों पर भी गड़ा दी है। कांग्रेस ने 1963 और 1974 कम्पलसरी डिपाजिट स्कीम लागू की थी जिसके तहत करदाताओं, संपत्ति धारकों और सरकारी कर्मचारियों को अपनी संपत्ति और कमाई का 18 प्रतिशत सरकार के पास जमा कराना होता था।

हनुमान जन्मोत्सव समारोह आयोजित

युगों से हनुमान चरित्र प्रेरणा का स्त्रोतः पंडित मूलचंद शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

श्री संकट मोचन हनुमान मंडल कैली धाम में हनुमान जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर शानदार समारोह का आयोजन किया गया जिसमें मंदिर परिसर में परंपरागत मत्रों एवं भजनों की गूंज सुनाई दी।

जिसमें मुख्य रूप से हरियाणा कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा सीएम के पूर्व सलाहकार अजय गौड़, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बलजीत कौशिक आदि लोग ने भक्तों के साथ दर्शन कर हनुमान जी का गुणगान किया और बताया कि हनुमान जी महाराज कई युगों से हर वर्ग के लिए प्रेरणा का स्त्रोत रहे हैं।

कार्यक्रम को सफल बनाने में ललित गर्ग, अरविंद शर्मा, संजीव चोमाल, भंवर लाल शर्मा, अशोक कुमार शर्मा, मदन गोपाल बंसल, वासुदेव शर्मा, विद्यानंद और भंडारे की व्यवस्था राजेंद्र मुंदडा, अशोक रावत, दीपक राठौड़, वर्षा गौतम ने निभाई। कार्यक्रम का संचालन घनश्याम आहूजा ने किया।

संरक्षक मंडल के सदस्य अरुण बजाज, प्रेम प्रकाश गुप्ता, बलवीर शर्मा, विनोद गर्ग, पवन गुप्ता, कैलाश चंद शर्मा, पवन वशिष्ठ ने विश्व कल्याण की कामना करते हुए सभी भक्तों का आभार व्यक्त किया।

भजनों पर देर रात तक झूमे भक्त

मंदिर के संरक्षक वीएस. चौधरी, गौतम चौधरी, ओपी भरतीया, मंदिर के प्रधान पारसमल कॉर्डिनेशन कमिटी के सदस्य पवन वशिष्ठ ने भव्य श्रृंगार के साथ ज्योत प्रज्वलन किया। उसके पश्चात 1101 निशान (ध्वजा) यात्रा शिव मंदिर से चलकर कैलीधाम पहुंची जहां उनका भव्य स्वागत किया गया। तत्पश्चात सुंदर काण्ड का पाठ घिसा राम खंडेलवाल, मुकेश वर्मा, पवन जोशी, प्रफुल्ल शर्मा, देव चंद सैनी, हनुमान प्रसाद, दीपक वर्मा, सांवरमल अग्रवाल आदि भक्तों ने श्रद्धापूर्वक सुंदरकांड के पाठ के बाद भजनों का भी आनंद लिया। आमंत्रित भजन गायकों में सुश्री मनीषा ठाकुर बरसाना, योगेश तिवारी, मुन्ना भैया, मनीषा सैनी एवं श्रीधाम वृंदावन से आए, मदना पागल के भजनों पर देर रात तक भक्त झूमते नजर आए।

चोरी के मामले में किया गिरफ्तार

कब्जे से 1 इनवर्टर, 1 बैटरी तथा पिकअप गाड़ी बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

क्राइम ब्रांच ऊंचा गांव की टीम ने चोरी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम सुरजीत उर्फ सावन है जो फरीदाबाद के मोहना गांव का रहने वाला है। 17 अप्रैल को छांयसा थाने में चोरी की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था जिसमें आरोपी ने अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर रात 2.30 छांयसा गांव में स्थित एक इनवर्टर बैटरी की दुकान से 19 बैटरी तथा 3 इनवर्टर चोरी किए थे। आरोपी इनवर्टर बैटरी को अपनी पिकअप गाड़ी में लादकर ले गया था। थाने में पीड़ित की शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज करके आरोपियों की तलाश की गई जिसमें क्राइम ब्रांच टीम ने सफलता हासिल करते हुए आरोपी सुरजीत को मोहना मंडी से गिरफ्तार कर लिया।

आरोपी को अदालत में पेश करके तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। आरोपी के कब्जे से एक इनवर्टर एक बैटरी तथा वारदात में प्रयोग पिकअप गाड़ी बरामद की गई।

फरार चल रहा आरोपी गिरफ्तार

हत्या का प्रयास, अवैध हथियार, गौकशी सहित थे 7 मुकदमे दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

सेक्टर 58 थाना प्रभारी अनूप सिंह के मार्गदर्शन में सीकरी पुलिस चौकी की टीम ने अवैध हथियार के मामले में फरार चल रहे आरोपी पीओ को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम मुस्ताक जो फरीदाबाद के धौज का रहने वाला है।

आरोपी के खिलाफ वर्ष 2013 में अवैध हथियार अधिनियम के धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था जिसमें पुलिस द्वारा आरोपी को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया था परंतु जमानत पर बाहर आने के पश्चात आरोपी अदालत से गैर हाजिर रहने लगा। माननीय अदालत द्वारा आरोपी को वर्ष 2017 में पीओ घोषित किया गया था। आरोपी आपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति है जिसके खिलाफ हत्या का प्रयास, षड्यंत्र, गौ संरक्षण अधिनियम, अवैध हथियार, लड़ाई-झगड़ा इत्यादि के 7 मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने पूछताछ के बाद आरोपी को अदालत में पेश करके जेल भेज दिया।

100 से अधिक सीसीटीवी खंगालने के बाद

उद्यमी से दो करोड़ की फिरौती मांगने वाले पिता-पुत्र गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

स्वाट टीम व सिहानी गेट पुलिस ने उद्यमी से दो करोड़ की फिरौती मांगने वाले दो लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोग पिता-पुत्र हैं।

डीसीपी नगर कुंवर ज्ञानजंय सिंह ने बताया कि भुवन गोयल निवासी मुकुंद नगर मेन हापुड रोड ने थाने पर लिखित तहरीर दी कि अज्ञात व्यक्ति द्वारा मुझे एक बंद पत्र भेजा गया है। जिसमें मुझसे 2 करोड़ रुपए की फिरौती मांगी गई है। फिरौती न देने पर मुझे व मेरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी गयी है। जिसका तत्काल संज्ञान लेकर थाना सिहानीगेट पर से दो करोड़ की फिरौती अभियोग पंजीकृत किया गया।

पूर्व कर्मचारी निकला आरोपी

घटना की जांच के लिए 5 टीमों का गठन किया गया। सीसीटीवी टीमों से 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखी गई। कैमरों की फुटेज प्रयास, लोकल इनपुट, मैनुअल इंटेलिजेंस व मुखबिर की सूचना के आधार पर मंगलवार को फिरौती/ रंगदारी मांगने वाले अभियुक्तगण आलम गीर उसके पुत्र दानिश पुत्र आलम गीर को जल निगम टी प्वाइंट हाईवे एनएचल-9 से गिरफ्तार किया गया। आलम गीर ने बताया कि वह हापुड मोड के पास मुकुंद नगर में राजेश गोयल की पावरलाइन फैक्ट्री में पेंट करने का काम पिछले 18 सालों से 2019 तक करता रहा।

औद्योगिक इलाके में मची अफरा-तफरी

कपड़ा फैक्ट्री में लगी भीषण आग में फंसे लोगों को सकुशल निकाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग़ाज़ियाबाद

मोदीनगर के सिखेड़ा रोड औद्योगिक इलाके में स्थित एक कपड़ा फैक्ट्री में भीषण आग लग गयी। जिसमें चार लोग फंस गए। फायर ब्रिगेड ने आग में फंसे चारों लोगों को कड़ी मशक्कत के बाद निकाल लिया और आग पर काबू पाया। इस अग्निकांड से लाखों रुपए का नुकसान होने का अनुमान है।

आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है। जिला अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया कि मोदीनगर के फ़ायर स्टेशन में सिखेड़ा रोड मोदीनगर स्थित कपड़े बनाने की फैक्ट्री स्टार एक्सपोर्ट प्रा. लि. में आग लगने की सूचना मिली। फायर स्टेशन मोदीनगर से अग्निशमन द्वितीय अधिकारी सहित 2 फायर टैंकर मय यूनिट ने लोगों की जान बचाई।

अपहरण मामले में बैंक मैनेजर को सकुशल छुड़वाया

50 लाख की मांगी फिरौती मांगी, मैनेजर की गाड़ी में ले गए मथुरा

एक आरोपी गिरफ्तार, कब्जे से 1 पिस्टल, 1 देशी कट्टा, 3 जिंदा कारतूस तथा 4 लाख रुपए बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

क्राइम ब्रांच 30 प्रभारी इंस्पेक्टर नवीन की टीम ने फरीदाबाद के आदर्श नगर एरिया से अपहरण किए गए बैंक मैनेजर को आरोपियों के चंगुल से छुड़वाकर मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। एसीपी क्राईम अमन यादव ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम भूपेंद्र है जो पलवल के बडौली गांव का रहने वाला है।

21-22 अप्रैल की रात को बल्लभगढ़ सेक्टर 62 एरिया से मकान में हथियारबन्द आरोपियों द्वारा सतीश नामक व्यक्ति को बंधक बनाकर, सतीश की ही गाड़ी में जबरदस्ती डालकर अपहरण करके मथुरा ले गए और इसकी एवज में 50 लाख रुपए फिरौती मांगी थी। इस संबंध में आदर्श नगर थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था।

पैसे लेते समय किया गिरफ्तार

आरोपी जब सतीश के परिजनों से पैसे लेने के लिए आया तो क्राइम ब्रांच की टीम ने आरोपी भूपेंद्र को काबू कर लिया। पूछताछ में बताया कि वह करीब 4 महीने पहले सतीश के मकान में किराए पर रहता था। उसके बाद गांव चला गया। कोई काम नहीं था रुपयों की जरूरत के लिए साजिश रची।

एक आरोपी फरार

आरोपी के कब्जे से 1 पिस्टल 1 देशी कट्टा 3 जिंदा कारतूस, 1 रस्सी, वारदात में प्रयोग एक गाड़ी तथा 4 लाख रुपए बरामद किए जो सतीश के परिजन आरोपी को दिए थे। आरोपी रविंद्र को जब पता चला कि भूपेंद्र को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है तो वह मथुरा से फरार हो गया। इसके बाद क्राइम ब्रांच टीम द्वारा सतीश को सकुशल बरामद किया गया। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि मामले में भूपेंद्र की पत्नी भी शामिल थी जिसकी जांच की जा रही है। पुलिस द्वारा आरोपी भूपेंद्र को अदालत में पेश करके पुलिस रिमांड पर लेकर आरोपी रविंद्र व मामले में शामिल अन्य आरोपियों की जानकारी प्राप्त करके उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा।

बीएसएनएल की ट्रांसमिशन लाइन में लगी भीषण आग

संचार नेटवर्क ध्वस्त, पांच जिलों के नौ लाख फोन ग्यारह घंटे पड़े रहे डेड, 1457 मोबाइल टॉवर पूरी तरह से रहे बंद, हुई असुविधा

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

प्रयागराज के सिविल लाइन स्थित बीएसएनएल के महाप्रबंधक कार्यालय में ट्रांसफॉर्मर की आग मंगलवार तड़के ट्रांसमिशन की मेन मीडिया लाइन के केबल तक पहुंच गई। आग से केबल जलकर राख हो गया। केबल जलने से प्रयागराज के अलावा कौशाम्बी, प्रतापगढ़, बांदा और चित्रकूट के सभी मोबाइल टॉवर निष्क्रिय हो गए।

आग लगने से पांच जिलों के नौ लाख मोबाइल फोन ग्यारह घंटे डेड पड़े रहे। ब्राडबैंड नेटवर्क भी ठप रहा। कार्यालय की आग स्टोर तक पहुंचने से लाखों का नुकसान हुआ है।

खास बातें

- बीएसएनएल से जुड़े बैंक, डाकघर, सरकारी दफ्तरों के सर्वर बंद
- हाईकोर्ट, कचहरी, विश्वविद्यालय, जिला कलेक्ट्रेट में काम प्रभावित
- ट्रांसफार्मर में लगी आग से ट्रांसमिशन की मेन केबल जलकर राख

मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया

महाप्रबंधक कार्यालय की ट्रांसमिशन लाइन के पास ट्रांसफॉर्मर में सुबह पांच बजे आग लग गई। तब कार्यालय परिसर में कोई मौजूद नहीं था। आग थोड़ी देर में स्टोर रूम तक फैल गई। धुएं का गुबार और लपटें देखकर लोगों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। साढ़े पांच बजे के बाद पहुंचीं फायर ब्रिगेड की चार गाड़ियों ने मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि बीएसएनएल ट्रांसमिशन का मेन केबल जलकर राख हो गया। बिल्डिंग के तीसरे तल पर मौजूद कार्यालय के कक्षों में भी काफी नुकसान हुआ।

मंगलवार सुबह लगी थी आग

सीएफओ आरके पांडेय ने बताया कि आग की सूचना सुबह 5:33 बजे मिली थी। ट्रांसमिशन की लाइन फुंक जाने से यहां से संचालित होने वाली सभी लाइनें ठप पड़ गईं। प्रयागराज, कौशाम्बी, प्रतापगढ़, बांदा और चित्रकूट के करीब 1,457 मोबाइल टॉवर पूरी तरह से ठप पड़ गए। इसके साथ ही बीएसएनएल की ब्राडबैंड सेवा भी बंद हो गई। सुबह आठ बजे से ही मरम्मत शुरू की गई। मोबाइल नेटवर्क बहाल करने में करीब ग्यारह घंटे लग गए।

ब्राडबैंड की लाइनें भी ठप हुईं

टॉवर बंद होने से बीएसएनएल का नेटवर्क ध्वस्त हो गया और पांच जिलों के करीब नौ लाख से अधिक बीएसएनएल मोबाइल खिलौना बन गए। साथ ही ब्राडबैंड की लाइनें भी ठप हो गईं। सर्विस ठप हो जाने से इलाहाबाद हाईकोर्ट, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, कचहरी, सहकारी बैंक, जिला कलेक्ट्रेट, डाक घर के अलावा सरकारी बैंकों और दफ्तरों के कामकाज प्रभावित रहे।

खबर संक्षेप

पीएम मोदी की बरेली में चुनावी रैली व रोड शो

बरेली। पीएम नरेंद्र मोदी बरेली जिले में बृहस्पतिवार और शुक्रवार को चुनावी कार्यक्रम करेंगे।

बृहस्पतिवार को पीएम भमोरा थाना क्षेत्र के आलमपुर जाफराबाद में आंवला और बदायूं के भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी जनसभा करेंगे, फिर दिल्ली चले जाएंगे। शुक्रवार को पीएम दोबारा बरेली आएंगे शाम 4 बजे से बरेली लोकसभा के प्रत्याशी छत्रपाल सिंह गंगवार के समर्थन में राजेंद्र नगर में रोड शो करेंगे।

पल्लवी पटेल लोकसभा चुनाव नहीं लड़ेंगी

लखनऊ। आगामी लोकसभा चुनाव में पल्लवी पटेल चुनाव नहीं लड़ेंगी। अपना दल कमेरावादी की

राष्ट्रीय अध्यक्ष और पल्लवी पटेल की मां कृष्णा पटेल का फूलपुर से चुनाव लड़ना लगभग तय है। अपना दल (क) की राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्णा पटेल का 99% फूलपुर से लोकसभा का चुनाव लड़ना तय माना जा रहा है। पल्लवी पटेल और असदुद्दीन ओवैसी की अगुवाई में तैयार हुई पीडीएम न्याय मोर्चा की अगली सूची 26 अप्रैल को जारी होगी।

भाजपा मुख्यालय लखनऊ में मीडिया सेंटर के उद्घाटन के बाद सीएम योगी ने प्रेस वार्ता में कहा

देश में शरिया कानून लागू करना चाहती है कांग्रेस, भाजपा को वोट सुरक्षा की गारंटी

सीएम योगी आदित्यनाथ ने इंडी गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा है कि ये देश की सुरक्षा, संप्रभुता के साथ खिलवाड़ करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि आपका एक वोट आतंकवाद के पुराने दौर को वापस ला सकता है।

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने भाजपा मुख्यालय लखनऊ में मीडिया सेंटर का उद्घाटन किया। इसके बाद आयोजित प्रेस वार्ता में सीएम योगी ने विपक्षी दलों पर जमकर निशाना साधा। योगी ने कहा कि कांग्रेस देश में शरिया कानून लागू करना चाहती है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि भाजपा को एक वोट का मतलब हर व्यक्ति की सुरक्षा की गारंटी।

खास बातें

- कांग्रेस का इरादा देश के प्रति अच्छा नहीं
- मोदी सरकार ने तीन तलाक खत्म किया
- इंडी गठबंधन आरक्षण को छिन्न भिन्न कर रहा

कांग्रेस देश की कीमत पर सत्ता चाहती है

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि कांग्रेस देश की कीमत पर सत्ता चाहती है। देश में शरिया क़ानून लागू करना चाहती है। इस पार्टी का इरादा देश के प्रति अच्छा नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा को एक वोट का मतलब हर व्यक्ति की सुरक्षा की गारंटी। सीएम ने कहा कि दादी के गरीबी हटाओ के नारे को तोते की तरह पोता अब रट रहा है। वो (कांग्रेस) कह रहे हैं लोगों की संपत्ति का सर्वे करवाएंगे, फिर उसका सुविधा अनुसार वितरण होगा। ऐसा ही इनके प्रधानमंत्री ने कहा था कि देश के संसाधनों पर पहला अधिकार एक वर्ग का है जबकि भाजपा 4 जातियों गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी की बात करती है।

कांग्रेस व्यक्तिगत कानून की बात करती है

योगी ने कहा कि 2004 से 2014 तक के कांग्रेस के शासन में आम जनमानस के भावनाओं को कुचलने का कुत्सित प्रयास किया। जस्टिस रंगनाथ मिश्रा कमेटी की रिपोर्ट को अपने हिसाब से लागू करने के प्रयास किए। कांग्रेस हमेशा से देश की कीमत पर सत्ता पाना चाहती रही है इसीलिए वो व्यक्तिगत कानून की बात करती है। यानी शरीयत कानून की बात कर रही है, जबकि तीन तलाक को केंद्र सरकार ने खत्म करके सम्मान दिलाया था।

इंडी गठबंधन आधी आबादी का अपमान कर रहा

योगी ने कहा इंडी गठबंधन आधी आबादी का अपमान कर रहा है। ये देश की सुरक्षा, संप्रभुता के साथ खिलवाड़ करना चाहते हैं। इंडी गठबंधन जातीय गणना की बात करता है, ये सिर्फ आरक्षण को छिन्न भिन्न करने का कुत्सित प्रयास है। ये येन-केन प्रकारेण अपनी पुराने डीएनए के कारण देश को उसी दौर में ले जाना चाहती है।

एक वोट आतंकवाद को वापस ला सकता है

योगी ने कहा कि हम दूसरे दौर के मतदान में जा रहे हैं। आपका एक वोट आतंकवाद के पुराने दौर को वापस ला सकता है, जबकि एक वोट ही आप को सुरक्षा का माहौल दे सकता है। आपका एक वोट इंडी गठबंधन को जाता है तो उससे जनता की सुरक्षा का खतरा पैदा कर सकता है। कांग्रेस व उनके सहयोगी दलों के वीभत्स मंशा को कतई नहीं पूरा होने देना है, ये लोग देश मे तालिबानी विध्वंस व्यवस्था को लागू करना चाहते है। हर मतदाता को इससे सतर्क रहना होगा।

हेमंत सोरेन की सुप्रीम कोर्ट से अपील

गिरफ्तारी के खिलाफ फैसला नहीं सुना रहा उच्च न्यायालय

एजेंसी ▶▶ पटना

झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन ने बुधवार को उच्चतम न्यायालय को बताया कि धन शोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से की गई गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली उनकी याचिका पर उच्च न्यायालय फैसला नहीं सुना रहा है। सोरेन की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ को बताया कि उच्च न्यायालय ने उनकी याचिका पर 28 फरवरी को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था, लेकिन अभी तक कोई निर्णय नहीं सुनाया गया है।

सिब्बल ने कहा कि सोरेन ने अपनी गिरफ्तारी के खिलाफ दो फरवरी को उच्चतम न्यायालय का रुख किया था, लेकिन पीठ ने उनसे राहत पाने के लिए उच्च न्यायालय जाने के लिए कहा। कपिल सिब्बल ने कहा कि हमने हेमंत सोरेन मामले में अनुच्छेद 32 के तहत याचिका दायर की है।

ईडी मनगढ़ंत आरोप लगा रही

सिब्बल ने कहा कि यदि हम कुछ कहते हैं, तो वे कहेंगे कि हम न्यायपालिका पर हमला कर रहे हैं। उन्होंने याचिका को शुक्रवार को सूचीबद्ध करने का अनुरोध किया। न्यायमूर्ति खन्ना ने कहा कि वह याचिका को सूचीबद्ध करने पर कुछ नहीं कह सकते और प्रधान न्यायाधीश का सचिवालय याचिका को सूचीबद्ध करने की तारीख देगा। पीठ ने कहा कि केवल विवरण दीजिए, यह हो जाएगा। आज या कल, आप को मामले को सूचीबद्ध करने की तारीख मिलेगी। सोरेन ने वकील प्रज्ञा बघेल के माध्यम से दायर अपनी याचिका में कहा कि ईडी की कार्रवाइयों में मनगढ़ंत आरोपों के आधार पर विपक्ष से जुड़े राजनीतिक नेताओं पर मुकदमा चलाया जा रहा है।

31 जनवरी को किया था गिरफ्तार

झारखंड के सीएम पद से इस्तीफा देने के बाद झारखंड मुक्ति मोर्चा के हेमंत सोरेन को 31 जनवरी को इस मामले में गिरफ्तार किया गया था और पार्टी के वफादार एवं राज्य के परिवहन मंत्री चंपई सोरेन को राज्य की कमान सौंपी गई। ईडी ने इस मामले में सात घंटे तक पूछताछ के बाद उन्हें गिरफ्तार किया था। ईडी ने जाली/ फर्जी दस्तावेजों की आड़ में नकली विक्रेता और खरीददार दिखाकर करोड़ों रुपए की जमीन का बड़ा हिस्सा हासिल करने के लिए आधिकारिक रिकॉर्ड में हेरफेर करके कथित तौर पर भारी मात्रा में अपराधिक आय अर्जित करने से जुड़े मामले की जांच कर रही है।

पेज एक का शेष

विरासत टैक्स लगा...

विदिशा सीट से भाजपा प्रत्याशी शिवराज सिंह चौहान की तारीफ की। उन्होंने कहा कि हम दोनों संगठन में साथ काम करते थे। मैं शिवराज को अब दिल्ली ले जाना चाहता हूं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पहले मोदी जब भी आता था, कुछ न कुछ लेकर आता था। आज मैं देने के लिए नहीं आया। आज मैं आपसे कुछ मांगने आया हूं। सर झुकाकर मांगने के लिए आया हूं। मेरे लिए नहीं, आपके बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए मांगने आया हूं। देश के उज्जवल भविष्य के लिए मांगने आया हूं। विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए कुछ मांगने के लिए आया हूं। मैं आपसे मांगता हूं। आपका आशीर्वाद।

देश के विकास के लिए एक मजबूत सरकार कितनी जरूरी होती है, ये मध्यप्रदेश के लोग बहुत अच्छे से जानते हैं: मोदी ने कहा कि कांग्रेस को पारिवारिक मूल्यों का अंदाजा नहीं रहा है। ये लोग समाज को आपस में लड़वाने के लिए नए-नए पैंतरे लेकर आते हैं। कर्नाटक में कांग्रेस ने धर्म के आधार पर आरक्षण दे दिया है। इसके लिए कांग्रेस ने गैर कानूनी तरीके से एक चालाकी की है। मुस्लिमों की सभी जातियों को ओबीसी कोटे में डाल दिया है। ऐसा करके ओबीसी को मिलने वाले बहुत बड़े हक को छीनकर धर्म के आधार पर दे दिया। कांग्रेस यही फॉर्मूला पूरे देश में लागू करना चाहती है। इससे सावधान रहने की जरूरत है। मोदी ने कहा कि हमारा संविधान साफ मना करता है कि किसी को भी धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं दिया जाएगा। मोदी ने कहा कि विकास तब होता है जब सही नीतियां हो, सही विजन हो, इसलिए देश हो या मध्य प्रदेश विकास तभी आया जब कांग्रेस गई और भाजपा आई। मोदी ने कहा कि कांग्रेस के समय में मप्र की पहचान बीमारू राज्य की थी। आज वही मध्य प्रदेश भाजपा की सरकार में विकास की नई इबारत लिख रहा है। देश के विकास के लिए एक मजबूत सरकार कितनी जरूरी होती है, ये मध्य प्रदेश के लोग बहुत अच्छे से जानते हैं।

कांग्रेस को दलित ...

हो। दलित, आदिवासी, ओबीसी के आरक्षण चोरी करने का खेल खेल रहे हो। आपके ये खेल बंद करने के लिए मोदी को 400 पार चाहिए। मुझे दलित, आदिवासी और ओबीसी के आरक्षण की रक्षा करनी है।

भाजपा ने लिया आड़े ...

उस तीसरी पीढ़ी के सुख-चैन को छीनना चाहती है। उन्होंने पूछा कि घोषणा पत्र में विदेश की तस्वीर लगाना और अब यह बयान, आखिर विदेश की कौन सी शक्तियां इनको प्रेरित कर रही है। त्रिवेदी ने पूछा कि देश के लोगों से विरासत टैक्स लेने और उनकी संपत्ति छीनने के बाद ये देंगे किसको? उन घुसपैठियों को जिनके पास इस देश का होने का कोई रिकॉर्ड नहीं है, जो कोई कागज तक नहीं दिखाना चाहते हैं। भाजपा राष्ट्रीय मुख्यालय में मीडिया से बात करते हुए त्रिवेदी ने कहा कि ये वो लोग हैं, जो अपनी पार्टी पर तो संपत्ति की तरह कब्जा करके बैठेंगे, लेकिन, भारत की विरासत से नफरत करने वाले इन लोगों की गिद्ध दृष्टि अब भारतीयों की विरासत पर भी पड़ गई है। त्रिवेदी ने कहा कि खतरनाक इरादों से भरे हुए कांग्रेस के घोषणा पत्र के संदर्भ में अब सब कुछ साफ हो गया है। कांग्रेस के अपदस्थ अध्यक्ष राहुल गांधी को विरासत पर सलाहकार ने जो कहा है, उससे हकीकत अब खुल कर सामने आ गई है।

गडकरी को भाषण के ...

वाली शिवसेना से हैं। यवतमाल में 26 अप्रैल (शुक्रवार) को लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के दौरान मतदान होना है। यवतमाल के साथ ही महाराष्ट्र के बुलढाणा, अकोला, अमरावती, वर्धा, हिंगोली, नांदेड़ और परभणी में भी मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। राज्य के पूर्व-मध्य भाग में विदर्भ में स्थित यवतमाल भीषण गर्मी का सामना कर रहा है। मौसम विभाग ने 27 से 29 अप्रैल तक महाराष्ट्र के कई हिस्सों के लिए हीटवेव का अलर्ट भी जारी किया है।

हम चुनाव को 'नियंत्रित'...

संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने कहा था कि उसे कुछ पहलुओं पर स्पष्टीकरण की आवश्यकता है। कोर्ट ने कहा कि ईवीएम को लेकर अक्सर पूछे जाने वाले सवालों को लेकर निर्वाचन आयोग की ओर से जो उत्तर दिए गए हैं उनमें कुछ भ्रम है। सुनवाई के दौरान पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसीटर जनरल एश्वर्या भाटी से कहा कि हम गलत साबित नहीं होना चाहते, बल्कि अपने निष्कर्षों को लेकर पूरी तरह से आश्वस्त होना चाहते हैं और इसलिए हमने स्पष्टीकरण मांगने का सोचा।

आयोग की तरफ से नितेश व्यास ने रखा जवाब: वीवीपैट और ईवीएम को लेकर मांगे गए सुप्रीम कोर्ट के स्पष्टीकरण पर चुनाव आयोग के डिप्टी इलेक्शन अधिकारी नितेश व्यास ने जवाब दिया कि एक वोटिंग यूनिट में एक बैलट यूनिट, कंट्रोल यूनिट और एक वीवीपैट यूनिट होती है। सभी यूनिट में अपना-अपना माइक्रो कंट्रोलर होता है। इन कंट्रोलर से छेड़छाड़ नहीं हो सकती है। उन्होंने बताया कि सभी माइक्रो कंट्रोलर में सिर्फ एक ही बार प्रोग्राम फीड किया जा सकता है। चुनाव चिन्ह अपलोड करने के लिए हमारे पास दो मैन्युफैक्चर है। एक ईसीआई दूसरा भारत इलेक्ट्रॉनिक्स। सभी मशीन 45 दिन तक स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखी जाती हैं। उसके बाद रजिस्ट्रार इलेक्शन से इस बात की पुष्टि की जाती है कि क्या चुनाव को लेकर कोई याचिका तो दायर नहीं हुई है। अगर याचिका नहीं दायर होती है तो स्ट्रांग रूम को खोला जाता है। वहीं, कोई याचिका दायर होने की सूरत में रूम को सीलबंद रखा जाता है।

प्रशांत भूषण ने दी यह दलील...फ्लैश मेमोरी में दूसरा प्रोग्राम हो सकता है फीडः पेश हुए वकील प्रशांत भूषण ने दलील दी कि हर माइक्रो कंट्रोलर में एक फ्लैश मेमोरी होती है। ये कहना ठीक नहीं होगा कि फ्लैश मेमोरी में कोई दूसरा प्रोगाम फीड नहीं किया जा सकता है। कोर्ट ने कहा कि अभी तक हैकिंग की कोई घटना नहीं हुई है।

दो सरकारी कंपनियों ...

भारत इलेक्ट्रोनिक लिमिटेड और इलेक्ट्रोनिक्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के निदेशक भाजपा से जुड़े हुए हैं। एक अन्य याचिकाकर्ता के वकील ने दावा किया कि 2019 के आम चुनाव के बाद एक संसदीय समिति ने ईवीएम में गड़बड़ी पाई थी, लेकिन चुनाव आयोग ने अभी तक उसे लेकर कोई जवाब नहीं दिया है।

दूसरे चरण में राहुल...

से दूसरी बार चुनाव मैदान में हैं। इस बार उन्हें भाजपा के के. सुरेंद्रन और सीपीआई की एनी राजा से कड़ी चुनौती मिल रही है। वायनाड में इस बार त्रिकोणीय मुकाबला होने की उम्मीद है। एनी राजा सीपीआई महासचिव डी राज की पत्नी हैं और सुरेंद्रन केरल भाजपा के अध्यक्ष हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी को कुल 7,06,367 वोट मिले थे। उन्होंने सीपीआई के पीपी सुनीर को चार लाख से अधिक वोटों के अंतर से हराया था। वायनाड लोकसभा क्षेत्र में 32 प्रतिशत मुस्लिम और 13 प्रतिशत ईसाई मतदाता हैं। इस बार स्मृति ईरानी समेत भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने सुरेंद्रन के लिए प्रचार किया है।

कोटा में ओम बिरला और प्रह्लाद गुंजल में मुकाबला: लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला कोटा से तीसरी बाद चुनाव मैदान में हैं। उन्होंने 2014 और 2019 के लोकसभा चुनावों में जीत दर्ज की थी। इस उनका मुकाबला कांग्रेस के प्रह्लाद गुंजल से है। गुंजल पहले भाजपा में थे। वह कोटा-उत्तर से विधायक रह चुके हैं। पिछले साल राजस्थान विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के शांति धारीवाल से हारने के बाद उन्होंने भाजपा छोड़ दी थी और कांग्रेस में शामिल हो गए।

पीएम मोदी ने देश की...

में स्वच्छता सुविधाएं प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि उनके पास करीब 29 राज्य हैं, लेकिन वे सभी एक साथ पूर्ण हैं। राज्यों द्वारा अपनाई गई कर सिस्टम में असामनता को समाप्त करके पीएम मोदी की सरकार ने इससे भ्रष्टाचार को समाप्त कर दिया।

भारतीय लोगों की ...

है। उन्होंने 700 मिलियन लोगों के लिए बैंक खाते खोले हैं, और भुगतान सुचारू रूप से किया जा रहा है। उनकी शिक्षा प्रणाली और बुनियादी ढांचा उल्लेखनीय है। एक न्यायप्रिय और सख्त आदमी के कारण पूरे देश को ऊपर उठाना, लेकिन नौकरशाही को तोड़ने के लिए, आपको सख्त होना होगा, और वह वही कर रहे हैं।

गिन-गिनकर हिसाब करूंगा जनता देगी जवाबः सम्राट

पटना। लोकसभा चुनाव 2024 के बीच बिहार में परिवारवाद पर जुबानी जंग तेज हो गई है। सारण लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहीं रोहिणी आचार्य ने कहा कि वह सम्राट चौधरी के माता और पिता को नहीं जानती हैं। उनके बेटे-बेटी हैं कि नहीं, या सब पड़ोसिए के हैं।

रोहिणी के इस बयान पर सियासी बवाल मच गया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने इस पर आपत्ति जताते हुए कहा कि वह गिन-गिनकर हिसाब करेंगे और समय आने पर लालू परिवार को जवाब भी देंगे।

अखिलेश ने भाजपा पर साधा निशाना, कहा

पश्चिम से चली हवा करेगी भाजपा का सफाया, सपा के पक्ष में दें वोट

एजेंसी ▶▶ इटावा

पश्चिम से चली हवा इस चुनाव में भाजपा का पूरी तरह से सफाया कर देगी। यह बात समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और यूपी के पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने ताखा के एसएस मैमोरियाल इंटर कॉलेज में जनसभा को संबोधित करते हुए कही।

अखिलेश ने कहा कि ये चुनाव गर्मियों में होने जा रहा। चुनाव की सरगर्मी बढ़ने के साथ गर्मी बढ़ने लगी है। अभी तो हर दिन शाम को आंधी आएगी। जो पश्चिम से हवा चली है, वह भाजपा का सफाया करेगी। उन्होंने कहा कि पहले चरण ने रुझान दे दिया है कि किसान, नौजवान इस बार सपा के पक्ष में वोट कर रहा है।

चंदा नहीं वसूली की गई

अखिलेश ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा ने इलेक्ट्रोरल बांड के नाम पर चंदा नहीं सिर्फ वसूली की गई है। चंदा पांच रुपए, एक हजार, एक लाख, दो लाख दिया जाता है। कोई भी चंदा छह सौ करोड़, एक हजार करोड़ नहीं देता है। ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स के सहारे रुपया वसूला गया है। वैक्सीन बनाने वाली कंपनी से भी चंदा वसूल लिया।

सलमान के घर पर फायरिंग का मामला

तीसरी बार बिहार के बेतिया पहुंची मुंबई पुलिस

शूटर विक्की के 5 करीबियों को उठाया, सदमे में गांव के लोग, आठ लोग किए गिरफ्तार

क्राइम ब्रांच और बांद्रा पुलिस ने दी दबिश

एजेंसी ▶▶ बेतिया

मुंबई में बॉलीवुड एक्टर सलमान खान के घर गैलेक्सी अपार्टमेंट के बाहर फायरिंग मामले में मुंबई की क्राइम ब्रांच ने बिहार के बेतिया में तीसरी बार जांच के लिए पहुंची। क्राइम ब्रांच और बांद्रा थाने की पुलिस सोमवार की आधी रात एक बार फिर से गौनाहा के मसही गांव पहुंची। यहां पांच लोगों को मुंबई पुलिस ने मंगलवार को नोटिस सौंपा। इसके तत्काल बाद पांचों को साथ लेकर चली गई।

शूटर के पिता से कड़ी पूछताछ

हालांकि शूटर विक्की के पिता साहेब साह को भी पुलिस मुंबई ले जाने वाली थी। लेकिन तबियत अधिक खराब होने पर नरकटियागंज में छोड़ दिया। हालांकि इस दौरान पुलिस ने उनसे कड़ी पूछताछ की। मुंबई ले जाने वालों में आशीष उर्फ खलिफ, अंकित चौहान, संजीत चौहान, सुनील कुमार व शूटर विक्की के साला विकास कुमार शामिल हैं।

गिरफ्तार शूटर्स बिहार के रहने वाले

बता दें, सलमान खाने के घर के बाहर फायरिंग के मामले में बिहार के दो शूटर्स को गिरफ्तार किया गया है। दोनों ही मोतिहारी जिले के चकिया ब्लॉक के ग्राम मसही तहसील नरकटिया के रहने वाले हैं। दोनों शूटर्स को मुंबई पुलिस ने गुजरात के भुज से गिरफ्तार किया है। आरोपियों की धरपकड़ के लिए मुंबई पुलिस ने घटना स्थल के कई सीसीटीवी फुटेज को खंगाला और आरोपियों की पहचान की। फिर घटना के अगले दिन ही दोनों शूटर्स को पकड़ने में कामयाब रही।

डॉक्टर्स सजेशन

डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

डिहाइड्रेशन से बचने के लिए भरपूर मात्रा में पीते रहें पानी

मेरी उम्र 43 वर्ष है। मै फील्ड जॉब करता हूं। मैं यह जानना चाहता हूं कि इन गर्मियों में शरीर को हाइड्रेटेड रखने के लिए क्या तरीके अपनाने चाहिए?

-साकेत, भोपाल

फील्ड जॉब करने वाले लोगों को गर्मियों में खास सावधानी बरतनी चाहिए, क्योंकि इस दौरान शरीर से पसीना खूब निकलता है और शरीर में पानी की कमी होने की आशंका रहती है। इसलिए पानी लगातार पीते रहें। जब घर से निकलें तो पानी पीकर निकलें। अपने साथ पानी की बोतल रखें और हर आधे घंटे बाद थोड़ा पानी पीते रहें। संभव हो तो शिकंजी का सेवन भी करते रहें, इस तरह शरीर में पानी की कमी नहीं हो पाएगी।

मेरी उम्र 34 वर्ष है। पिछले कुछ समय से मेरी आंखों के आस-पास डार्क सर्कल्स हो गए हैं। ये लगातार गहरे होते जा रहे हैं। कृपया इस समस्या से निजात पाने का तरीका बताएं?

-राजेश, जगदलपुर

जैसा कि आप बता रहे हैं, आंखों के नीचे डार्क सर्कल गहरे होते जा रहे हैं। इसलिए आपको तुरंत शरीर में खून की जांच यानी एचबी टेस्ट करवाना चाहिए, क्योंकि शरीर में खून की कमी से यह समस्या सबसे पहले देखी जाती है। इसके साथ ही आपको किसी फिजिशियन से संपर्क करना चाहिए, जो बीमारी का कारण पता लगाकर उसका उपचार शुरू करेंगे।

मेरी उम्र 27 वर्ष है। गर्मियां आते ही मेरे चेहरे पर लाल-लाल दाने निकल आते हैं। साथ ही पूरे शरीर पर रैशेज भी होने लगते हैं। प्लीज इस समस्या से बचने का कोई तरीका बताएं?

-मेहुल, दिल्ली

आपकी समस्या पढ़कर लग रहा है कि आपको धूप से एलर्जी है और घर से बाहर यानी धूप में निकलने पर आपको दाने पड़ जाते हैं। इसलिए कोशिश करें कि धूप में घर से बाहर कम से कम निकलें। अगर निकलना जरूरी है तो चेहरा और शरीर पूरी तरह ढंक कर निकलें। इसके साथ ही किसी त्वचा रोग विशेषज्ञ से संपर्क कर कोई क्रीम का नाम लिखवा लें, इसे धूप में निकलने से पहले जरूर लगाएं, इस तरह आपको अपनी समस्या से काफी हद तक राहत मिलेगी।

मेरी उम्र 51 वर्ष है। पिछले कुछ समय से घर से बाहर निकलने पर मुझे लगातार खांसी और छींकें आने लगती हैं। क्या ये एलर्जी के लक्षण हैं? इस समस्या से बचने के लिए मुझे क्या करना चाहिए?

-लोकेश, रोहतक

इस तरह की समस्या काफी लोगों में देखी जा रही है। ऐसे लोगों को घर से बाहर निकलते ही छींक आना और खांसी आनी शुरू हो जाती है। इसलिए आप कोशिश करें कि घर से बाहर मास्क लगाकर निकलें। इसके अलावा सुबह और शाम गर्म पानी में नमक डालकर गरारा जरूर करें।

मेरी उम्र 62 वर्ष है। मेरा पेट हमेशा भरा हुआ सा लगता है, जबकि मेरी डाइट नॉर्मल है। मोशन भी क्लीयर होता है। ऐसा क्यों हो रहा है, कृपया इसका समाधान बताएं।

-अवधेश, बिलासपुर

आपकी पाचन क्रिया प्रभावित लग रही है, क्योंकि जब पेट भरा हुआ लगता है, तो इसका मतलब यह है कि खाना ठीक से डाइजेस्ट नहीं हो रहा है। इसके लिए आपको कुछ बातों का ध्यान रखना होगा, जैसे दोपहर में खाने के साथ सलाद और दही या छाछ जरूर लेना चाहिए। इसके अलावा नियमित रूप से एक फल खाएं। रात में डिनर करने के बाद तुरंत सोएं नहीं। सोने और डिनर के बीच में कम से कम 3 घंटे का अंतराल होना चाहिए और सुबह सैर जरूर करें। इन उपायों से आपको राहत मिलेगी।

मेरी उम्र 39 वर्ष है। मेरी जीभ पर अकसर लाल दाने हो जाते हैं, इस वजह से खाना बहुत तीखा लगता है। कृपया इसका कोई उपचार बताएं।

-आकाश, हिसार

जीभ में या मुंह में दाने पड़ना पाचन क्रिया से जुड़ा होता है। आपको खाना ठीक से डाइजेस्ट नहीं हो रहा है, इसलिए आपको अधिक तला-भुना और मिर्च-मसाले वाला खाना नहीं खाना चाहिए। साथ ही खाने में सलाद, दही, छाछ जरूर लेना चाहिए। रात में हल्का खाना जैसे-दलिया या खिचड़ी खाएं। इस तरह आपको आराम मिलेगा। *

प्रस्तुतिःरिचा पांडे

पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।

हेल्थ एडवाइस

शिखर चंद जैन

अपनी हेल्थ और फिटनेस को लेकर कॉन्शस अधिकांश लोग वॉकिंग जरूर करते हैं। लेकिन वॉकिंग को अगर सही तरीके से और अलग-अलग रूपों में किया जाए तो इससे कई तरह के फायदे मिलते हैं। विभिन्न स्टडीज और दुनिया के कई एक्सपर्ट्स की राय के आधार पर हम यहां आपको बता रहे हैं, डिफरेंट टाइप की वॉकिंग और इसके फायदों के बारे में।

तन-मन की फिटनेस मेंटेन रखे वॉकिंग

लगभग सभी डॉक्टर्स, शरीर को फिट रखने के लिए नियमित रूप से वॉक करने का सुझाव देते हैं। बहुत सारे हेल्थ कॉन्शस लोग खुद के लिए रोजाना 10,000 स्टेप्स का लक्ष्य रखते हैं। ऐसी धारणा भी है कि दिन में व्यक्ति को कम से कम 2200 स्टेप तो जरूर चलना ही चाहिए।

क्या कहती हैं स्टडीज

हाल ही में प्रकाशित ब्रिटिश जर्नल ऑफ स्पोर्ट्स मेडिसिन की रिपोर्ट कहती है कि दिन के 2200 स्टेप्स चलना, हार्ट से जुड़ी बीमारियों और डायबिटीज का जोखिम कम कर सकता है। साथ ही इसमें यह भी कहा गया है कि डेली 9000 स्टेप्स ज्यादा कारगर साबित होते हैं। लेकिन सिर्फ ज्यादा स्टेप काउंट वाली वॉकिंग से ही लाइफस्टाइल से जुड़ी बीमारियों का जोखिम कम नहीं होता है। इसलिए वॉकिंग के विभिन्न प्रकार और फायदों के बारे में जानना जरूरी है।

हार्ट की होती है एक्सरसाइज

कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर कीथ बार का कहना है कि वॉकिंग की शुरुआत में कदम गिनना अकसर मददगार होता है लेकिन जब एक बार आपकी आदत 6000 से 8000 कदमों तक पहुंच जाए तो चलने की गति पर ज्यादा ध्यान देना चाहिए।

कीथ बार के अनुसार, चलने से मांसपेशियां सिकुड़ जाती हैं, जिससे पैरों से ब्लड हार्ट तक पहुंचता है। इससे हार्ट पर जोर पड़ता है। यानी वॉकिंग करने से समय के साथ आपका हृदय मजबूत और एक्टिव बनता है। तेज चलने का उद्देश्य केवल अधिक कैलोरी घटाना ही नहीं बल्कि हार्ट को मजबूत करना भी होता है। यही नहीं घर से बाहर जब आप प्रकृति के करीब वॉक करते हैं तो आपका तनाव भी घटता है।

करें डिफरेंट टाइप वॉकिंग

वॉकिंग करने का सबसे अच्छा फायदा यह है कि इसके साथ कई तरह के प्रयोग किए जा सकते हैं। आइए अलग-अलग एक्सपर्ट्स से जानते हैं डिफरेंट टाइप की वॉकिंग और उनसे मिलने वाले फायदे के बारे में।

इम्यूनिटी बढ़ाए टच वॉक : जब हम पेड़-पौधों को रोज टच करते हुए वॉक करते हैं तो न सिर्फ हमारा इम्यून सिस्टम मजबूत होता है बल्कि हमें

मानसिक शांति भी मिलती है। अमेरिकी वैज्ञानिक और थेरेपी एक्सपर्ट व्हिटनी कुल्टर इसकी वजह बताते हैं। उनके अनुसार, 'वॉक करते समय पेड़-पौधों को टच करना इसलिए फायदेमंद होता है क्योंकि उन पर मौजूद धूल में पाए जाने वाले बैक्टीरिया हमारे शरीर में इन्फ्लेमेशन को घटाते हैं और तनाव कम करते हैं।'

लेग्स एक्सरसाइज के लिए हिल वॉक: चढ़ाई वाले रास्तों पर चलना भी बहुत फायदेमंद होता है। शुरू-शुरू में सामान्य गति से ही हिल वॉक करें लेकिन धीरे-धीरे अपनी स्पीड बढ़ाने का प्रयास करें। जब आपकी गति बढ़ जाए तो इसके बाद आप हिल यानी वास्तविक चढ़ाई वाले रास्तों पर पैदल चलना शुरू करें। पहाड़ों पर चढ़ाई करना अपनी फिटनेस को मेंटेन करने का एक अच्छा तरीका है। सपाट रास्ते पर 12 या 15 हजार स्टेप चलने से बेहतर है कि आप चढ़ाई वाले रास्तों पर चलें। ब्रिटिश माउंटेनियरिंग काउंसिल के अनुसार, इस दौरान शरीर क्या महसूस कर रहा है और कौन-सी मांसपेशी पर ज्यादा जोर पड़ रहा है, उसे महसूस करें। कुछ मिनट के लिए ढलान पर उतरें और फिर चढ़ें। इससे पीठ, कमर, पैर, अंगुलियों, कंधों और पिंडलियों तक की बहुत अच्छी एक्सरसाइज होती है।

मूड बेहतर करे सेंट वॉक: 'जॉब फ्रॉम फियर' की लेखिका और क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट कार्लो मेरी मैनली कहती हैं, 'जब हम अपना ध्यान किसी स्पेसिफिक सेंसर जैसे कि वातावरण में उपस्थित महक पर लगाते हैं तो हम स्वाभाविक रूप से वर्तमान पर ध्यान केंद्रित करते हैं। सेंट वॉक का अनुभव हमें दिमागी भाग-दौड़ से दूर करता है, इससे तनाव घटता है और मूड बेहतर बनता है।'

मेडिटेशन में हेल्पफुल स्पिरिट वॉक: चलते हुए ध्यान लगाने में स्पिरिट वॉक मददगार होता है। आस-पास सैकड़ों लोगों के मौजूद होने के बावजूद खुद अपने भीतर प्रकृति से बात करना पूजा करने जैसा महसूस होता है। स्पिरिट वॉक करने के लिए चलते समय सांसों और कदमों पर ध्यान लगाएं। इससे कुछ देर बाद आप माइंडफुलनेस की स्थिति में पहुंच जाएंगे। इसके बाद आप प्रार्थना कर सकते हैं या फिर जो भी आपके पास उपलब्ध हो, उसके लिए ईश्वर के प्रति आभार जता सकते हैं। इससे आपको सुकून मिलेगा।

हार्ट रेट इंप्रूव करे रकिंग वॉक: नॉर्थ वेस्टर्न यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ मेडिसिन की डॉक्टर सादिया खान सलाह देती हैं कि चलने की तीव्रता को और अधिक बढ़ाने के लिए बैकपैक में अपनी क्षमता के अनुसार कुछ वजन लेकर चलना शुरू करें। इसे रकिंग कहते हैं। यानी कुछ भारी समान अपनी पीठ पर लेकर चलने की आदत डालें। इससे वॉकिंग के दौरान आपका हार्ट रेट बढ़ेगा, जो हार्ट की क्षमता को बेहतर करता है। हालांकि रकिंग शुरू करने से पहले एक्सपीरियंस्ड ट्रेनर से इसकी ट्रेनिंग जरूर लेनी चाहिए।

अनेक स्टडीज और दुनिया के कई एक्सपर्ट्स की राय से साबित होता है कि आप डिफरेंट टाइप की वॉकिंग से ही अपनी फिटनेस को काफी हद तक मेंटेन रख सकते हैं। *

ब्रेन बनता है फिट-कूल

तेज गति से वॉक करने की प्रक्रिया पूरे शरीर में रक्त और ऑक्सीजन के फ्लो को बढ़ाती है। 'वॉक योर वे कॉम' पुस्तक की लेखिका जेनिफर वाल्स कहती हैं, जैसे ही आप चलना शुरू करते हैं, मस्तिष्क में ब्लड फ्लो बढ़ना शुरू हो जाता है। यह न केवल दिमाग को बेहतर तरीके से काम करने में मदद करता है बल्कि नियमित वॉक से फील गुड हार्मोन एंडोर्फिन भी रिलीज होता है, जो डिप्रेशन और एंग्जायटी को कम करने में मददगार होता है। इस तरह ब्रेन फिट और कूल रहता है।

डाइट सजेशन

डॉ. सुधा मौर्य

हेल्दी रहने के लिए ऐसी डाइट लेनी चाहिए जिसमें सभी न्यूट्रिएंट्स हों। लेकिन दुनिया भर के कई हेल्थ एक्सपर्ट्स हेल्दी-एनर्जेटिक रहने के लिए वीगन डाइट फॉलो करने की सलाह देते हैं। इस बारे में आप भी जरूर जानना चाहेंगे।

रहें हेल्दी-एनर्जेटिक फॉलो करें वीगन डाइट

बीते कुछ वर्षों से पूरी दुनिया में वीगन और वेजीटेरियन डाइट का ट्रेंड बढ़ रहा है। वीगन डाइट पूरी तरह से प्लांट बेस्ड होता है। पौधों से प्राप्त होने वाली सब्जियों, अनाज, नट और फल को वीगन डाइट कहते हैं। इसमें डेयरी उत्पादों और अंडों सहित जानवरों से मिलने वाले खाद्य पदार्थों का सेवन नहीं करते हैं। वेजीटेरियन डाइट में डेयरी प्रोडक्ट और दूध का सेवन कर सकते हैं लेकिन वीगन डाइट में जानवरों से प्राप्त किसी भी खाद्य पदार्थ का सेवन नहीं किया जाता है। इसमें मटन, चिकन, मछली, अंडे, पनीर, मक्खन, दूध, क्रीम, दही, छाछ, मेयोनेज, शहद का सेवन नहीं किया जाता है।

कई रोगों से बचाने में कारगर

कई अध्ययनों से पता चलता है कि वीगन डाइट का सेवन करने से ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करना आसान होता है क्योंकि इसमें कॉम्प्लेक्स कार्बोहाइड्रेट की ज्यादा मात्रा होती है, जिससे हाई बीपी नियंत्रण में रहता है। नॉनवेज डाइट में सैचुरेटेड फैट होता है, जो अधिक मात्रा में खाने पर हृदय संबंधी समस्याओं को बढ़ाता है। वीगन डाइट बैड कोलेस्ट्रॉल (एलडीएल) को 25% तक कम कर सकता है। साथ ही वीगन डाइट टाइप 2 डायबिटीज होने के रिस्क को 34% तक कम कर सकता है और मोटापे का रिस्क भी कम करता है। इसकी वजह यह है कि इसमें खाए गए खाद्य पदार्थ धीरे-धीरे पचते हैं, जिससे भूख कम लगती है। इस तरह यह वजन कम करने का स्वस्थ और प्रभावी तरीका है क्योंकि इसमें शरीर को कैलोरी मिलती है लेकिन फैट जमा नहीं होता है। यह कैंसर के रिस्क को भी कम करता है क्योंकि इसमें एंटी कैंसरस न्यूट्रिएंट्स विटामिन, फाइबर, फाइटोकेमिकल्स पाए जाते हैं। यह दिमाग को भी फायदा पहुंचाता है और अल्जाइमर के डेवलपमेंट को धीमा कर देता है। अध्ययन में यह पाया गया है कि प्रतिदिन 100 ग्राम फल और सब्जियां खाने से कॉगनेटिव लॉस और डिमेंशिया का जोखिम 13% तक कम हो जाता है। यह स्ट्रोक के खतरे को भी कम करता है। इसके अलावा डिप्रेशन और एंग्जाइटी की समस्या भी इस डाइट को खाने से दूर होती हैं। इसमें प्रोटीन और आयरन भरपूर मात्रा में होता है, जिससे ऊर्जा का स्तर बढ़ता है, थकावट महसूस नहीं होती और शरीर मजबूत बनता है। इसमें एंटीऑक्सीडेंट्स, कई विटामिंस और मिनरल्स की अत्यधिक मात्रा होने से शरीर डिटॉक्स होता है, जिससे हम स्वस्थ रहते हैं। वीगन डाइट की एक खासियत यह भी है कि इसमें फाइबर ज्यादा होता है और मेटाबॉलिज्म के बाद इसमें वेस्ट प्रोडक्ट कम बचता है, इससे शरीर में फैट जमा नहीं होता है। इससे इंसान पूरी तरह स्वस्थ रहता है और लंबी जिंदगी जीता है।



इसका भी रखें ध्यान

वीगन डाइट लेने के अनेक फायदे होने के साथ-साथ कभी इसकी वजह से एनीमिया, हार्मोन के असंतुलन, विटामिन-बी 12 की कमी और ओमेगा 3 फैटी एसिड की कमी से अवसाद होने की आशंका रहती है। इसलिए अपने भोजन में प्रोटीन, विटामिन-बी 12, विटामिन-डी, आयोडीन, जिंक और ओमेगा 3 जरूर शामिल करना चाहिए। इससे कभी-कभी ईटिंग डिसऑर्डर की समस्या अर्थोरेक्सिया भी हो जाती है, जिसमें लोगों को ज्यादा खाने की चाह उठती है और वे बहुत खाने लगते है। इसलिए वीगन डाइट अपनाने से पहले डॉक्टर और डाइटीशियन से कंसल्ट कर लेना चाहिए। *

फिटनेस फंडा/ जान खान

मैं कितना भी बिजी रहूं एक्सरसाइज जरूर करता हूं

एक्टर जान खान इन दिनों सोनी एंटरटेनमेंट के शो 'कुछ रीत जगत की ऐसी है' में नंदिनी के पति नरेन रतनशी के रोल में दिख रहे हैं। **हरिभूमि** को वे अपना फिटनेस मंत्र बता रहे हैं, अपनी जुबानी।

डाइट प्लान : जहां तक मेरे रूटीन डाइट प्लान की बात है तो मैं रोज सुबह म्यूसली के साथ बादाम-दूध और ड्राई फ्रूट्स जरूर लेता हूं। इसके अलावा मैं रोज सुबह च्यवनप्राश भी खाता हूं। यह हैबिट बचपन से ही है। मैं अपनी डाइट को लेकर पूरी तरह कॉन्शस रहता हूं। इसीलिए मैं जंक फूड्स को अवॉयड ही करता हूं।

वर्क-आउट शेड्यूल : मैं अपने वर्क-आउट शेड्यूल को लेकर स्ट्रिक्ट रहता हूं। चाहे कितना भी बिजी क्यों न रहूं, एक्सरसाइज के लिए वक्त निकाल ही लेता हूं। शूटिंग की शिफ्ट अगर सुबह नौ बजे की होती है, तो मैं सुबह सात से साढ़े आठ बजे तक वर्क-आउट करता हूं। अगर सुबह सात बजे की शिफ्ट हो, तो मैं शाम या रात में वर्क-आउट करता हूं। मैं फिट, हेल्दी और एक्टिव रहने के लिए एक्सरसाइज करता हूं। मुझे कोई बॉडी बिल्डर भी नहीं बनना है, इसलिए वेट लिफ्टिंग या हार्डकोर एक्सरसाइज के बजाय मैं कार्डियो, पुशअप्स, चिनअप्स और बॉडी वेट एक्सरसाइज अधिक करता हूं। *

प्रस्तुतिः सेहत डेस्क

अगर आपकी है रचनात्मक लेखन में रुचि

अगर आप अपने आस-पास की बदलती दुनिया पर नजर रखते हैं। आप हटकर सोचते हैं, आपके भीतर विवेचन और लेखन की क्षमता है, आप पत्रकारिता-लेखन के प्रति प्रतिबद्ध हैं, तो जुड़िए दैनिक हरिभूमि से। हमें दिल्ली में अपने फीचर विभाग के लिए आवश्यकता है-

- वरिष्ठ उप संपादक / उप संपादक
- प्रशिक्षु उप संपादक
- हिंदी टाइपिंग में कुशल ऑपरेटर भी आवेदन कर सकते हैं।

यथाशीघ्र अपना बायोडाटा मेल करें-
E-Mail: haribhoomifeaturedep@gmail.com

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश से एक साथ प्रकाशित

बैतूल लोकसभा क्षेत्र के बनते बिगड़ते समीकरण

कांग्रेस के रामू लोकप्रिय, पर मोदी लहर के कारण भाजपा के दुर्गादास से पिछड़े

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

भाजपा का गढ़ बन चुके बैतूल लोकसभा क्षेत्र के लिए प्रचार गति पकड़ रहा है। पहले यहां दूसरे चरण में 26 अप्रैल को मतदान होना था, लेकिन बसपा प्रत्याशी की अचानक मृत्यु के कारण प्रक्रिया आगे बढ़ गई और अब यहां तीसरे चरण में 7 मई को मतदान होगा। यहां कांग्रेस भाजपा से पिछड़ते दिख रही हैं। वजह है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अयोध्या में राम मंदिर के कारण भाजपा के पक्ष में चल रही लहर। 1996 से लगातार भाजपा जीत रही है, इसलिए यहां का मतदाता भाजपा की मानसिकता वाला पहले से है। कांग्रेस बैतूल संसदीय क्षेत्र में आखिरी बार 1991 में जीती थी। तब कांग्रेस के असलम शेर खान ने भाजपा के आरिफ बेग को लगभग 23 हजार वोटों के अंतर से हराया था। कांग्रेस तब से ही एक अदद जीत के लिए तरस रही है।

दुर्गादास उइके

रामू टेकाम

भाजपा-कांग्रेस के प्रत्याशी सहज, सरल, वाकपटु

बैतूल में आदिवासी वर्ग के बाद सबसे ज्यादा मतदाता

खास बातें

- 1996 से लगातार भाजपा जीत रही
- कांग्रेस आखिरी बार 1991 में जीती
- कांग्रेस भाजपा से पिछड़ते दिख रही

इस लोकसभा चुनाव में बदला दिख रहा गुर्जर समाज का मूड

बैतूल क्षेत्र के हरदा जिले की दोनों विधानसभा सीटों के चुनाव में गुर्जर और राजपूत मतदाता कांग्रेस के पक्ष में गए थे, लेकिन लोकसभा के इस चुनाव में गुर्जर मतदाताओं का मूड बदला नजर आ रहा है। वह भाजपा के पक्ष में जा सकता है। हालांकि राजपूत समाज में अब भी नाराजगी है। उसका झुकाव कांग्रेस की ओर है। बैतूल क्षेत्र में आदिवासी वर्ग के बाद सबसे ज्यादा मतदाता ब्राह्मण, दूसरे नंबर पर गूर्जर, तीसरे नंबर पर राजपूत और चौथे नंबर पर जाट मतदाताओं की संख्या है। आदिवासी समाज भाजपा-कांग्रेस के बीच बंटा नजर आ रहा है। गूर्जर-राजपूतों की खास बात यह है कि दोनों एक के पक्ष में कभी नहीं जाते। ब्राह्मण और जाट समाज का झुकाव भाजपा की तरफ है। दलित वर्ग दोनों दलों के बीच बंटा नजर आता है।

इस मामले में दोनों एक-दूसरे से अलग

समानताओं के साथ दुर्गादास उइके और रामू टेकाम की कार्यशैली में अंतर भी है। दुर्गादास 2019 में पहली बार चुनाव जीते, लेकिन जनता के बीच निष्क्रिय हो गए। लोगों का कहना है कि उइके संगठन से जुड़े रहते हैं। नेताओं को भी साध कर चलते हैं, लेकिन पूरे पांच साल उन्होंने पार्टी के आम कार्यकर्ताओं से दूरी बना कर रखी। लोगों से भी उनका संपर्क नहीं रहा। दूसरी तरफ कांग्रेस के टेकाम लगातार लोगों के संपर्क में और उनके बीच रहते हैं। उनका दुर्भाग्य यह है कि देश-प्रदेश के साथ बैतूल में भी मोदी और राम लहर चल रही है। इसकी वजह से एक बार फिर भाजपा का ही पलड़ा भारी दिख रहा है। हालांकि टेकाम इस बार कड़ी टक्कर दे रहे हैं। इसकी वजह से जीत का अंतर पिछली बार जैसा नहीं रहेगा । यह घट सकता है।

टेकाम उइके में कई समानताएं

एक-दूसरे का मुकाबला कर रहे कांग्रेस के रामू टेकाम और भाजपा के दुर्गादास उइके में कई समानताएं हैं। लोगों की नजर में दोनों सहज और सरल स्वभाव के हैं। दोनों वाकपटु भी हैं। दुर्गादास अपने भाषणों में संस्कृत का अच्छा प्रयोग करते हैं। उन्हें इस भाषा का अच्छा ज्ञान है। दूसरी तरह राम भी अच्छे वक्ता हैं। उनके भाषण लोगों को आकर्षित करते हैं। एक समानता यह भी है कि दोनों बैतूल लोकसभा क्षेत्र से लगातार दूसरी बार चुनाव लड़ रहे हैं। पिछले चुनाव में भाजपा के दुर्गादास साढ़े 3 लाख से ज्यादा वोटों के बड़े अंतर से जीत गए थे, जबकि रामू को हार का सामना करना पड़ा था।

चाय पे चर्चा

▶▶ अशोका गार्डन स्थित सेम कॉलेज के पास जय चाय चाट कटोरा टी स्टॉल पर लोगों ने की लोकसभा चुनाव पर चर्चा

मतदान को लेकर अभी जोर आजमाइश का दौर, हर उम्मीदवार झोंक रहा ताकत

भोपाल। आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर शहर में माहौल अभी नरम-गरम है। चर्चाओं का दौर भले ही हर गली-मोहल्ले में गरम हो, लेकिन मतदान को लेकर अंदरूनी स्तर पर जोर-आजमाइश शुरू हो चुकी है।

हर पार्टी के उम्मीदवार भले ही सार्वजनिक स्तर पर मैदान में कम ही दिखाई दे रहे हों, लेकिन अंदरुनी जोड़- तोड़ जारी है। ऐसी ही कुछ चर्चाएं शहर में चाय- पान की गुमठियों, टी-स्टॉल आदि पर लोगों के बीच चाय के प्याले के साथ सुनी जा सकती हैं। अशोका गार्डन स्थित सेम कॉलेज के पास जय चाय चाट कटोरा के नाम से संचालित टी-स्टॉल पर ऐसी ही चुनावी चर्चा में शामिल रहे मृदुल तिवारी, छोटे लाल मालवीय, हर्षल, नारायण आदि का कहना है कि लोकसभा चुनाव को लेकर लोगों के बीच उम्मीदवार अभी सीधे तौर पर तो कम ही पहुंच रहे हैं, लेकिन इलाके में सभी अपने स्तर पर प्रचार-प्रसार करने में कमी नहीं छोड़ रहे। प्रमुख रूप से भाजपा और कांग्रेस पार्टी ही चर्चाओं में ज्यादा है, लेकिन शेष राजनैतिक पार्टियों के उम्मीदवार भी पूरी कोशिश कर रहे हैं कि वोटर उनके पक्ष में मतदान कर उन्हें भी सेवा का अवसर दें। ऐसे में मतदाता किसके पक्ष में है और किसे सेवा का अवसर मिलेगा, यह तो वोटर अपने मर्जी से ही तय करेगा। इसका पता तो चुनाव परिणाम आने पर ही लगेगा। अभी तो सभी उम्मीदवार बस प्रयास ही कर रहे हैं।

पनीर में मिली मिलावट

भोपाल। पनीर, मूंग सहित अन्य खाद्य पदार्थों में मिलावट करने और बिना फूड रजिस्ट्रेशन के खाद्य कारोबार करने पर एडीएम हिमांशु चंद्र ने मंगलवार को एक दर्जन खाद्य कारोबारियों पर 2 लाख 30 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। पिछले दिनों खाद्य सुरक्षा विभाग ने एक दर्जन रेस्टॉरेंट, किराना दुकान और दूध डेयरी से पनीर सहित अन्य खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए थे।

चुनावी चटखारे...

एक नेता ने अपने पीए को डांटा,
बोले- मेरे ही क्षेत्र के दौरे का कार्यक्रम
तूने, मेरी डायरी से आखिर क्यों काटा,
पीए घबराकर बोला, सर उस गांव के लोग
तीन साल पहले गांव छोड़कर भागे कुत्ते
को वापस लौटने पर, रस्सी से बांधकर
खूब मार लगा रहे थे, बहुत ख़तरा था
हम तो फिर पांच साल बाद जा रहे थे।

गोकुल सोनी
सांईनाथ नगर

उम्मीदवारों की पाई-पाई का हिसाब रखेगी टीम, चुनावी खर्च की जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लोकसभा चुनाव के उम्मीदवारों और उनके दलों के प्रतिनिधियों को चुनावी प्रक्रिया और चुनावी खर्च के बारे में जानकारी देने के लिए मंगलवार को कलेक्टोरेट में प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान उन्हें बताया गया कि चुनावी खर्च के नाम पर क्या कर सकते हैं और क्या नहीं। जैसे उन्हें बताया गया कि शराब और मतदाताओं को लालच दिए जाने वाली वस्तुओं पर खर्च नहीं कर सकते हैं। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को बताया कि चुनाव खर्च में क्या शामिल किया जा सकता है और क्या नहीं। उपजिला निर्वाचन अधिकारी दीपक पांडे का कहना है कि उम्मीदवारों और प्रतिनिधियों के लिए प्रशिक्षण दिया गया था, जिसमें उन्हें चुनावी प्रक्रियाओं, आचार संहिता सहित अन्य पहलुओं के बारे में जानकारी दी गई।

मुख्यमंत्री ने रायसेन, नरसिंहपुर, रीवा एवं सतना में की जनसभाएं

यह चुनाव बेईमानों की फौज और ईमानदार का चयन करने के लिए हैं: सीएम डॉ. मोहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कांग्रेस ने कभी श्रीराम को नहीं माना, वे हनुमानजी को क्या पूजेंगे। जिस तरह से हनुमानजी ने श्रीराम की सेवा की, अब उनकी प्रेरणा से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी देश की सेवा कर रहे हैं। यह चुनाव बेईमानों की फौज और ईमानदार का चयन करने के लिए है। यह बात मंगलवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रायसेन, नरसिंहपुर, रीवा एवं सतना में जनसभाओं को संबोधित करते हुए कही।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र के माध्यम से कहा है कि कई लोग ऐसे हैं, जिनके पास ज्यादा धन है तो उनसे धन लेकर जो वंचित लोग हैं, उनको दे देंगे। आखिरकार वंचित लोगों की परिकल्पना कांग्रेस कैसे कर सकती है? कांग्रेस के महत्वपूर्ण पद पर बैठे एक नेता ने कहा कि इस देश में पहला अधिकार मुस्लिम बंधुओं का है। कांग्रेस के लोग सेना के शौर्य और पराक्रम को नकारते हैं। इसके लिए कांग्रेस को माफी मांगना चाहिए। ये भाव हमारे भारत में नहीं चल सकता है। इस प्रकार की व्यवस्था की कोई अनुमति नहीं दे सकते।

हनुमानजी का जीवन सेवाभाव सिखाता है

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मैं आज भगवान हनुमानजी की जयंती के शुभ अवसर पर दर्शन करने के लिए छींद धाम पहली बार आया। ऐसा लग रहा है कि बार-बार आता रहूं। हनुमान जी इस धरती पर अष्ट चिरंजीवियों में से एक हैं। उनका जीवन पराक्रम, पुरुषार्थ, बल, बुद्धि, ज्ञान से परिपूर्ण है। इतना होने के बाद भी उतनी ही विनम्रता और सेवा की भावना भी है। ये हमें मानव जीवन का सच्चे अर्थों में अपना संस्कार बताती है। उनका जीवन हमको सेवाभाव की सीख देता है।

100 दिनों की सरकार में कई अहम निर्णय किए

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि 100 दिनों की सरकार में कई अहम निर्णय भी किए। हमारी सरकार ने निर्णय किया कि किसी व्यक्ति को बीमार होने, दुर्घटना होने पर एम्बुलेंस से अस्पताल तो पहुंचा दिया जाता है, लेकिन यदि उसे किसी बड़े शहर में किसी अस्पताल में ले जाना पड़े तो उसके लिए आयुष्मान योजना के तहत अब एयर एम्बुलेंस की सुविधा भी दी जाएगी। इसी तरह गो माताओं के लिए भी एम्बुलेंस सुविधाएं शुरू की जाएंगी तो वहीं गो-शालाओं को दी जाने वाली राशि भी बढ़ाई गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारी सरकार किसानों की आमदनी को दोगुना करने की दिशा में तेजी से काम कर रही है।

वोट रूपी सुदर्शन चक्र से कांग्रेस का सर्वनाश करें

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि जिस तरह से भगवान श्रीकृष्ण ने शिशुपाल की 100 गलती के बाद बुआ से कहा था कि बस अब मेरा और इसका रिश्ता पूरा हो गया। उन्होंने अंगुली उठाई, सुदर्शन चक्र धारण किया और सारे पाप का हिसाब एक झटके में कर दिया। इस बार आप सबकी अंगुली पर भी सुदर्शन चक्र है। कांग्रेस ने अब तक जो पाप पाप किए हैं, इसलिए वोट रूपी सुदर्शन चक्र से कांग्रेस का सर्वनाश करें।

छोटे-छोटे प्रयास बड़े बदलाओं के कारक बनते हैं : प्रो. राधेश्याम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

सेक्टर 34 गुरुग्राम में स्थित डीपीजी आईटीएम इंजीनियरिंग कॉलेज के प्रांगण में पृथ्वी दिवस के उपलक्ष में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन एसोसिएषन ऑफ माइक्रोबायोलॉजिस्ट ऑफ इंडिया एवं एकेडमी ऑफ माइक्रोबायोलॉजिकल साइंसेज के द्वारा स्पांसर किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देष्य पृथ्वी का संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर छात्रों का ज्ञादवर्धन करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ ज्ञान की देवी मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया गया।

कॉलेज के डायरेक्टर प्रो. रमेशचंद्र कुहाड़ ने प्रकृति के संरक्षण का महत्व समझाते हुए बताया कि मानव-जीवन में पृथ्वी के संरक्षण का कितना योगदान है। धरती को माता के रूप में पूजने का कारण बताते हुए उन्होंने कहा कि पृथ्वी एक माता की तरह हमारी हर आवश्यकता की पूर्ति करती है। हमें पृथ्वी तथा पर्यावरण की सुरक्षा पर अत्याधिक ध्यान केंद्रित करने की आवष्यकता है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण जब तक सुरक्षित है तभी तक हम सब का जीवन सुरक्षित है। इसी श्रृंखला में पृथ्वी दिवस समारोह के मुख्य अतिथि प्रोफेसर राधेश्याम शर्मा जो की दिल्ली विश्वविद्यालय में पर्यावरण विज्ञान के जाने-माने शिक्षाविद एवं शोधकर्ता हैं। उन्होंने उपस्थित लोगों से कहा कि हमें पृथ्वी के संरक्षण के लिए यदि बहुत बड़ा नहीं तो छोटा-छोटा योगदान देना चाहिए। ये छोटे छोटे प्रयास ही बड़े बदलाव के कारक बनते हैं। सभी को पर्यावरण को शुद्ध करने के लिए एक संकल्प के साथ अपना दायित्व निभाना चाहिए।

छोटे प्रयास से ही हम सभी अपने क्षेत्र में पर्यावरण एवं पृथ्वी को अच्छी स्थिति में ला सकते हैं। श्री षर्मा जी ने बताया कि हम विज्ञान एवं विज्ञान के उपकरणों की सहायता से एक लंबा जीवन तो जी सकते हैं किंतु एक अच्छा संतुलित जीवन जीने के लिए हमें अच्छे पर्यावरण की अति आवश्यकता है और एक अच्छे पर्यावरण के लिए इस धरती को दूशित होने से बचाने की आवष्यकता है। कॉलेज की एमडी डॉ. प्रीति गहलोत ने कहा कि पृथ्वी दिवस हमें याद दिलाता है कि पृथ्वी और पृथ्वी का पर्यावरण हमारे लिए कितना महत्वपूर्ण है और यह हमारा कर्तव्य है कि हम इसकी रक्षण और संरक्षण दोनों करें। उन्होंने हमारे जीवन में पृथ्वी के योगदान के बारे में चर्चा की और हम सबको अवगत कराया कि पृथ्वी से हमें जल, अन्न और वायु जो हम सब के लिए जीवन दायिनी है हमें साफ सुथरी स्थिति में चाहिए ताकि हम इनका सही ढंग से उपयोग करें।

इसी श्रृंखला में जीवन को मिट्टी से जोड़ने के लिए छात्रों और शिक्षकों ने मिट्टी के बर्तन बनाने की गतिविधि में भाग लिया। मिट्टी के बर्तन बनाने का विशेष कार्यक्रम बेहद रूचिपूर्ण रहा। कच्ची मिट्टी के अनेक प्रकार के बर्तन बनाने के लिए कुंभकार के चाक का इस्तेमाल किया गया जो शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के लिए एक अनोखा अनुभव रहा।

कांग्रेस सत्ता की भूखी, वह देश के विकास को रोकना चाहती है: सिंधिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मंगलवार को पिछोर विधानसभा क्षेत्र के मायापुर, मुहासा व अन्य गांवों में नुक्कड़ सभाओं को संबोधित किया। केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने इस दौरान कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी सत्ता की भूखी है, वह देश के विकास और प्रगति को रोकना चाहती है। उन्होंने कहा कि देश में हो रहे विकास कार्य बताते हैं कि किस तरह से भाजपा की डबल इंजन सरकार ने हर वर्ग की चिंता की है। केंद्र की मोदी सरकार ने हर वर्ग का ध्यान रखा है। आज किसान हो या महिला या कोई गरीब हो या युवा सबको विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं और अवसंरचना विकास से लाभ मिल रहा है।

वीडी ने हनुमान मंदिर में पूजन-अर्चन कर की प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना, रोड शो में जनता ने की फूलों की वर्षा

भोपाल। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने मंगलवार को कटनी में रोड शो किया। इस दौरान शर्मा ने रथ पर सवार होकर कटनी के चुनाव कार्यालय से स्टेशन चौराहा, सुभाष चौक, रूई बाजार, जैन मंदिर होते हुए घंटाघर तक रोड शो कर जनता का अभिवादन किया। रोड शो के दौरान क्षेत्रीय जनता ने स्थान-स्थान पर घरों से पुष्पवर्षा कर मंच लगाकर स्वागत किया गया। इसके बाद घंटाघर चौराहे पर विशाल जनसभा को संबोधित किया।

मामूली विवाद में बड़े भाई ने छोटे भाई की पटिये से पीट-पीटकर की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी रायपुर में मामूली विवाद में रिश्तों के कत्ल का मामला सामने आया है, जहां बड़े भाई ने छोटे भाई को मौत के घाट उतार दिया। हत्या की वारदात से इलाके में हड़कंप मच गया। हालांकि वारदात को अंजाम देने के बाद फरार चल रहे बड़े भाई को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। यह पूरा मामला सरस्वतीनगर इलाके के कोटा का है।

जानकारी के अनुसार घरेलू विवाद को लेकर छोटे भाई से लड़ाई कर उसकी हत्या करने वाले फरार बड़े भाई को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।पुलिस के मुताबिक, सोमवार की रात दस बजे घरेलू बात को लेकर अजय क्षीरसागर (45) की अपने छोटे भाई नीरज क्षीरसागर कहासुनी हो गई। दोनों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि अजय ने अपने छोटे भाई नीरज के सिर पर लकड़ी के पटिया से ताबड़तोड़ हमला कर घायल कर दिया था। सबसे बड़े भाई मनोज क्षीरसागर ने घायल नीरज का घर में घरेलू इलाज कराकर उसे कमरे में सुला दिया था।

मंगलवार की सुबह 7.45 बजे नीरज की मौत हो गई थी। इसके बाद घर में अफरा तफरी का माहौल फैल गया। इलाके में भी हड़कंप मच गया। मनोज की सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो अजय वहां से भागने लगा जिसे दौड़कर पकड़ा गया। हमले में इस्तेमाल पटिया को जब्त कर पुलिस ने मामले में हत्या का केस दर्ज कर आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया।

NOTICE

IN THE COURT OF HON'BLE MEMBER, Shri S. A. Sayed M.A.C.T- 3 4th floor, (New G+9 Building) Room No. 406, DISTRICT COURT, NAGPUR.
Claim Petition No. 853/22 Fixed For : 02/05/2024
Process No. 2310
Petitioner : Subhash
-Versus-
Respondent : Akhtar

To,
Akhtar Munsi Khan,
R/o Village Satlaka, Gurgaon,
Dist. Haryana 122001.

Whereas the above named petitioners in above petition have filed there Claim Petition U/Sec. 166 of Motor Vehicle Act for Rs. 1,00,000/- U/Sec. 140 of Motor Vehicle Act for Rs. 50,000/-

You are hereby noticed to appear in this Court of Hon'ble Member, M.A.C.T.-3, Nagpur in person or by a pleader duly instructed on dated 02/05/2024 at 11:00 A.M. to show cause in the said above noted Claim Petition failing wherein the said Application will be heard and determined ex-pare n your absence.

Given under my hand and the seal of the Court this 19th day of March, 2024.

Seal Registar (Judl.) M.A.C.T., Nagpur
Vision4media 9767867322

शिक्षा विभाग
महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक
(हरियाणा अधिनियम सं. XXV ऑफ 1975 के तहत स्थापित एक राज्य विश्वविद्यालय)
एनएएसी द्वारा प्रमाणित 'ए+' ग्रेड विश्वविद्यालय

एकीकृत अध्यापक शिक्षा प्रोग्राम (आईटीईपी)
(एनसीटीई द्वारा मान्यताप्राप्त) (विज्ञा. पीआर सं. 09 ऑफ 2024)
हेतु प्रवेश अब प्रारम्भ है
माध्यमिक स्तर (बी.ए.-बी.एड. और बी.कॉम.-बी.एड.)

- एनटीए द्वारा राष्ट्रीय कॉमन प्रवेश परीक्षा (एनसीईटी), 2024 हेतु ऑनलाइन आवेदन।
- आवेदन प्रपत्र को ऑनलाइन जमा करवाना :
- 13 अप्रैल से 30 अप्रैल 2024 तक (अप. 11:30 बजे तक)
- 4-वर्षीय-दोहरी- मुख्य- सम्पूर्ण बैचलर की डिग्री (बी.ए.-बी.एड. - 50 सीट) (बी.कॉम.-बी.एड.- 50 सीट)
- अध्यापक शिक्षा हेतु राष्ट्रीय परिषद द्वारा मान्यताप्राप्त प्रोग्राम्स
- पात्रता : ग्रेड 12 (10+2) अथवा किसी अन्य समकक्ष परीक्षा में कुल न्यूनतम 50% (केवल हरियाणा के एससी/एसटी/दृष्टिहीन/दृष्टिगत रूप से और निःशक्तजन उम्मीदवारों के मामले में 47.5%) अंकों वाले विद्यार्थी प्रवेश के लिए आवेदन करने हेतु पात्र हैं।

अधिक जानकारी हेतु पधारें : (https://www.nta.ac.in, https://ncet.samarth.ac.in और https://ncte.gov.in/Website/Hindi/Index.aspx)
संवाद विज्ञा. सं.-1235/11/126/2025/26179/सी/88/7 दि. 24.04.24

रेलगाड़ी संख्या 04499/04469 स्पेशल का बांदीकुई जं. तक विस्तार

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रेलवे द्वारा रेलगाड़ी सं. 04499/04469 दिल्ली–रेवाड़ी–दिल्ली स्पेशल का बांदीकुई जं. तक विस्तार करने का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नानुसार है:–

गाड़ी सं. 04499/04469 दिल्ली जं.–रेवाड़ी जं.–दिल्ली जं. का बांदीकुई जं. तक विस्तार (प्रतिदिन) — 74 फेरे

रेलगाड़ी सं. 04499 आगमन	रेलगाड़ी सं. 04499 प्रस्थान	स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 04469 आगमन	रेलगाड़ी सं. 04469 प्रस्थान
—	20.05	दिल्ली जं.	08:10	—
दिल्ली जं.–रेवाड़ी जं.–दिल्ली जं. के बीच समय–सारणी यथावत रहेगी				
22:30	22:40	रेवाड़ी जं.	05:25	05:30
22:56	22:58	बावल	04:37	04:39
23:20	23:22	हरसौली	04:13	04:15
23:32	23:34	खैरथल	04:01	04:03
00:20	00:23	अलवर जं.	03:35	03:38
00:43	00:45	मालाखेड़ा	03:07	03:09
01:02	01:04	राजगढ़	02:48	02:50
01:18	01:20	बसवा	02:32	02:34
01:50	----	बांदीकुई जं.	----	02:20

चलने के दिन : 04499 दिल्ली जं. से दिनांक 25.04.2024 से 31.05.2024 एवं 04469 बांदीकुई जं. से दिनांक 26.04.2024 से 01.06.2024।
स्थान : सामान्य

उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में आने वाले ठहरावों की समय–सारणी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139
रेलमदद वेबसाइट देखें : www.railmadad.indianrailways.gov.in
रेलमदद ऐप डाउनलोड करें
1236/2024
पर हमें फॉलो करें
उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा - हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
आज़ादी का अमृत महोत्सव
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

चिंतन

डीआरडीओ की उपलब्धियों से सुरक्षित हो रहा देश

भारतीय रक्षा अनुसंधान संस्थान ने अपने खाते में एक और उपलब्धि जोड़ ली है। संस्थान ने देश की सबसे हल्की बुलेट प्रूफ जैकेट बनाई है। पॉलिमर बैकिंग और मोनोलिथिक सिरेमिक प्लेट से तैयार की गई इस जैकेट को छह स्नाइपर गोलियां भी भेद नहीं सकीं। जैकेट का इन-कंजक्शन और स्टैंडअलोन डिजाइन सैनिकों को गोला-बारूद से सुरक्षा प्रदान करेगा। कानपुर में तैयार इस जैकेट की टेस्टिंग चंडीगढ़ में की गई। इस जैकेट को पहनने के बाद न केवल सैनिक सुरक्षित रहेंगे, बल्कि उनका मनोबल भी बढ़ेगा। इसके अलावा ये खोज डिफेंस सेक्टर में आत्मनिर्भरता की ओर भी बड़ा कदम है। भारतीय सेना के प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने भी इस खोज पर डीआरडीओ को बधाई दी है। यह पहली बार नहीं है जब संस्थान ने रक्षा क्षेत्र में कोई बड़ी उपलब्धि हासिल की है। इससे पहले भी अनेक अनुसंधान कार्यों को अंजाम दिया है। वैमानिकी, हथियार, इलेक्ट्रॉनिक्स, युद्धक गाड़ियों, इंजीनियरिंग सिस्टम, मिसाइल, अडवांस्ड कंप्यूटिंग और सिमुलेशन, नौसेना प्रणाली, लाइफ साइंस, इन्फर्मेशन सिस्टम और कृषि विकास में भी इसका अहम योगदान है। कौन भूल सकता है 1983 को जब भारत ने एकीकृत निर्देशित मिसाइल विकास कार्यक्रम को लॉन्च किया था। इसका उद्देश्य आत्मरक्षा के लिए मिसाइलों के विकास को अनुसंधान करना था। मिसाइल टेक्नॉलोजी के मैदान में भारत की प्रगति को देखकर अंतरराष्ट्रीय संस्थान एमटीसीआर ने इस पर रोक लगा दी। तकनीक तक भारत पहुंचने से रोक दी गई, लेकिन ये प्रतिबंध देश की इच्छाशक्ति में बाधक नहीं बन पाए। भारत ने एक के बाद एक स्वदेशी पृथ्वी, त्रिशूल, आकाश और नाग मिसाइलों का सफलतापूर्वक परीक्षण किया, जिसमें आकाश, अग्नि एक, दो, तीन, पांच, पृथ्वी एक, दो, तीन, त्रिशूल, नाग के अलावा कई और नाम शामिल हैं। केवल इतना ही नहीं भारतीय रक्षा अनुसंधान संस्थान ने एक राडार भी विकसित किया है। इसका नाम है दिव्यचक्षु। यह तस्वीर लेने वाला राडार है। इसकी मदद से 20 से 30 सेंटीमीटर मोटी दीवार के पार की तस्वीर भी ली जा सकती है। भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा बंधकों को बचाने के अभियान में इसका इस्तेमाल किया जाता है। ऐसे ही 2010 में डीआरडीओ ने एक प्लास्टिक ग्रेनेड विकसित किया। इसे मिर्ची बम भी कह सकते हैं। यह जानलेवा बम नहीं है। इसमें भूत जोलोकिया नाम की दुनिया की सबसे तीखी मिर्च का पाउडर इस्तेमाल किया जाता है। यह छिपे हुए आतंकवादियों को बाहर निकालने में काफी कारगर है। भूत जोलोकिया नाम की मिर्च का उत्पादन असम में होता है। इसी को लेकर यह तैयार किया गया है। संस्थान ने दुश्मनों के लिए सबसे बड़ा भय बनकर उभरी ब्रह्मोस मिसाइल को रूस के साथ मिलकर तैयार किया है। इसका नाम भारत की ब्रह्मपुत्र नदी और रूस की मस्कवा नदी पर रखा गया है। यह राडार को चकमा दे सकने वाला एक सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल है। इसे पनडुब्बी से, पानी के जहाज से, विमान से या जमीन से भी छोड़ा जा सकता है। डीआरडीओ को इस बात का श्रेय जाता है कि भारत दुनिया का एकमात्र देश है जिसकी थलसेना, नौसेना और वायुसेना में सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलें शामिल हैं, लेकिन इतनी कामयाबी का मतलब यह तो कतई नहीं हो सकता कि सब हो गया। अभी बहुत कुछ किया जाना शेष है। जैसे-जैसे हम उन्नत होंगे वैसे खतरे भी बढ़ेंगे। इसके लिए जरूरी है कि हर तरह की तैयारी रखी जाए।

दिवस विशेष

अरविंद जयतिलक

मलेरिया से निपटने की चुनौती

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) की मानें तो पूरी दुनिया में मलेरिया के कुल मामलों में से 80 प्रतिशत भारत और 15 प्रतिशत उप सहारा अफ्रीकी देशों से होते हैं। चिकित्सा पत्रिका लासेंट द्वारा भी कहा जा चुका है कि भारत में हर साल दो लाख से अधिक लोगों की मौत मलेरिया से होती है। इस पत्रिका की मानें तो यह आंकड़ा विश्व स्वास्थ्य संगठन के पास क्लीनिक और अस्पतालों में होने वाली मौतों की संख्या के आंकड़े के आधार पर है, जबकि बड़ी संख्या में मलेरिया से लोगों की मौतें घरों में होती है। उल्लेखनीय है कि भारत में मलेरिया उन्मूलन के प्रयास वर्ष 2015 में शुरू किए गए तथा वर्ष 2016 में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के नेशनल फ्रेमवर्क फॉर मलेरिया एलिमिनेशन की शुरूआत के बाद इन प्रयासों में और अधिक तेजी आई। मलेरिया उन्मूलन के लिए राष्ट्रीय रणनीतिक योजना (2017-2022) जुलाई 2017 में शुरू की गई, जिसके अपेक्षित परिणाम मिलने शुरू हो गए हैं। 2003 में राष्ट्रीय ज्ञात कारण बीमारी नियंत्रण कार्यक्रम यानी एनवीबीडीसीपी के तहत मलेरिया नियंत्रण को अन्य ज्ञात-कारण बीमारियों के साथ मिला लिया गया। क्योंकि ऐसी सभी बीमारियों की रोकथाम के लिए एक ही रणनीति होती है जैसे रासायनिक नियंत्रण, वातावरण प्रबंधन, जैविक नियंत्रण और निजी सुरक्षा उपाय। उल्लेखनीय है कि 2005 में भारत में शुरू किए गए राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन का उद्देश्य भी मलेरिया सही सभी ज्ञात बीमारियों पर नियंत्रण लगाना है। ध्यान देना होगा कि विश्व बैंक के सहयोग से 1997 तथा 2005 के मध्य आईडीए साख द्वारा अंशतः वित्तीय सहायता प्राप्त एक मलेरिया नियंत्रण परियोजना चुनिंदा राज्यों एवं जिलों में लागू की गई थी। उल्लेखनीय है कि मलेरिया पर पहले पहल गंभीर वैज्ञानिक अध्ययन 1880 में हुआ था जब एक फ्रांसीसी सैन्य चिकित्सक चार्ल्स लुई अल्फोंस लैवेरन ने अल्जीरिया में काम करते हुए पहली बार लाल रक्त कोशिका के अंदर परजीवी को देखा था। मलेरिया प्रमुख रूप से वातावरण एवं जलवायु पर निर्भर करता है। हाल के दिनों में जलवायु परिर्तन के मद्देनजर मलेरिया में भी बदलाव देखे गए हैं। गौर करें तो मलेरिया प्रतिवर्ष 40 से 90 करोड़ बुखार के मामलों का कारण बनता है, वहीं इससे 10 से 30 लाख मौतें हर वर्ष होती है। इनमें से ज्यादतर पांच वर्ष से कम आयु वाले बच्चे होते हैं। यह बिडंबना ही कहा जाएगा कि संक्रमण रोकने के प्रयास तथा इलाज करने के प्रयासों के बावजूद 1992 के बाद इसके मामलों में अभी तक अपेक्षित सफलता हाथ नहीं लगी है। विशेषज्ञों का मानना है कि अगर मलेरिया की वर्तमान प्रसार दर इसी तरह बनी रही तो अगले 20 वर्षों में मृत्यु दर दोगुनी हो सकती है। विशेषज्ञों की मानें तो मलेरिया से जुड़े आंकड़े ज्ञात आंकड़ों से कई गुना अधिक होते हैं, इसलिए कि इसके अधिकांश रोगी ग्रामीण इलाकों में रहते हैं। मलेरिया के वैश्विक फैलाव पर नजर दौड़ाएं तो यह रोग भूमध्य रेखा के दोनों तरफ विस्तृत क्षेत्र में फैला हुआ है। मलेरिया के विस्तार पर गौर करें तो सूखे क्षेत्रों में इसके प्रसार का वर्षा की मात्रा से गहरा संबंध होता है। डेंगू बुखार के बनिस्बत यह शहरों की अपेक्षा गांवों में ज्यादा फैलता है। उदाहरण के लिए वियतनाम, लाओस और कंबोडिया के नगर मलेरिया मुक्त हैं, जबकि इन देशों के गांव मलेरिया से बुरी तरह प्रभावित हैं। यहां ध्यान देना होगा कि मलेरिया सामाजिक-आर्थिक जीवन पर बुरी तरह प्रभाव डाल रहा है। यह गरीबी और आथिक विकास में अवरोध का कारण बनता जा रहा है। यह पाया गया है कि जिन क्षेत्रों में मलेरिया का ज्यादा प्रभाव है, वहां यह नकारात्मक आर्थिक प्रभाव डाल रहा है। यदि प्रति व्यक्ति जीडीपी की तुलना यदि 1995 के आधार पर करें तो मलेरिया मुक्त क्षेत्रों और मलेरिया प्रभावित क्षेत्रों में इसमें पांच गुना अंतर नजर आता है। शोध में यह पाया गया कि जिन देशों में मलेरिया फैलता है उनके जीडीपी में 1965 से 1990 के मध्य केवल प्रतिवर्ष 0.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई और मलेरिया से मुक्त देशों में यह वृद्धि 2.4 प्रतिशत पाई गई। मलेरिया के कारण केवल अफ्रीका में ही प्रतिवर्ष 15 अरब अमेरिकन डॉलर का नुकसान हो रहा है। भारत की बात करें तो यहां भी मलेरिया से निपटनें में हर वर्ष हजारों करोड़ रुपया खर्च हो रहा है। इसका मुख्य कारण यह है कि देश की तकरीबन 85 प्रतिशत आबादी मलेरिया के जोखिम वाले क्षेत्रों में निवास कर रही है। आंकड़ों पर गौर करें तो एक अनुमान के मुताबिक मलेरिया की 65 प्रतिशत रोगी उड़ीसा, झारखंड, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, पश्चिम बंगाल तथा पूर्वात्तर क्षेत्रों में ही पाए जाते हैं। अत्यधिक रोग भार वाली आबादी नृजातीय जनजातियां हैं जो इन क्षेत्रों के दुर्गम वनीय क्षेत्रों में निवास करती है। यहां के लोग गरीब तो हैं ही साथ सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं का भी अकाल है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

क्या लोकतंत्र की यह गुजारिश कोई सुन रहा है

करवट

कुमार प्रशांत

बेचारा सर्वोच्च न्यायालय ! अब उसके या उसके उच्च न्यायालय के जज रहे 21 महानुभावों ने उसे सावधान किया है (धमकी दी है !) कि उसे दवाब में डाल कर मनचाहा फैसला पाने वाला एक गिरोह काम कर रहा है जिससे उसे बचना भी चाहिए व सतर्क भी रहना चाहिए। सार यह है कि कानूनी पेशे की रोटी खाने वाले ये 21 जज सर्वोच्च न्यायालय को बता रहे हैं कि आप इतने भोले हो कि कोई भी आपको लल्लू बना लेता है। वे यह भी कहते हैं कि मी लॉर्ड, आप घबराएं नहीं, हम हर क्षण आपकी मदद के लिए तैयार हैं। जब भी आप ऐसे दवाब में टूटने लगें, बस हमें पुकार लें। इससे पहले 2 सौ से ज्यादा ऐसे ही पेशेवर न्यायाधीशों ने सर्वोच्च न्यायालय को ऐसी ही चेतावनी दी थी।

मैं जल्दी से खोजने लगा कि इन स्वनामधन्य महानुभावों के नाम क्या हैं, तो मुझे खुद पर ही शर्म आई कि ऐसे 'दिग्गजों' में से मैं किसी को भी खास नहीं जानता हूं। ये महानुभाव जिन अदालतों से जुड़े रहे, उनके पन्नों में इनमें से किसी के नाम से, एक भी ऐसा मामला दर्ज नहीं मिलता है जिसने संवैधानिकता को मजबूत बनाने जैसा कोई काम किया हो। काले कोट का पेशा तो पेशा है जो ऐसे सभी महानुभाव करते हैं लेकिन काले कोट की आभा जगाने का माद्दा अलग चीज है। वह कभी-कभी ही, किसी-किसी में मिलता है।

इन महानुभावों का इतना सारा किया जैसे काफी नहीं था कि प्रधानमंत्री ने भी सर्वोच्च न्यायालय को भरी क्लास में (भरे-पूरे देश में !) मुर्गा बना दिया। बकौल प्रधानमंत्री इस देश में काला धन बनाने वाले गिरोह में अब सर्वोच्च न्यायालय भी शामिल हो गया है और 'चुनावी बांड' को असंवैधानिक ठहराने के लिए देश को और सर्वोच्च न्यायालय को पछताना होगा। वे कहते हैं कि चुनावी बांड की कल्पना उनके मन में तब कौंधी थी जब वे 'बुधत्व' को उपलब्ध हुए थे। चुनावी बांड उनके मन के उसी 'पवित्र क्षण' की संतान है। गुजरात का मुख्यमंत्री रहते हुए जब ऐसे ही किसी 'पवित्र क्षण' में उन्होंने फैसला कर लिया था कि उन्हें येनकेनप्रकारेण देश का प्रधानमंत्री बनना ही है, तबसे ले कर 'अबकी बार 400 पार' के नवीनतम 'पवित्र लक्ष्य' का इतिहास पलटें हम तो पता चलता है कि देश को पछताने के एक नहीं, अनेक मोदी-कारण हैं। लेकिन अभी मैं सिर्फ चुनावी बांड के 'पवित्र फैसले' की ही बात करूंगा।

प्रधानमंत्री ने कहा है कि काले धन की गिरफ्त से चुनावी प्रक्रिया को मुक्त करने के 'पवित्र उद्देश्य' से चुनावी बांड की योजना लाई गई थी। मैं जानना चाहता हूं कि नोटबंदी की तरह यह भी 'मायावी साधक मोदी' की निजी उपलब्धि थी या इस बारे में जानकारों से मश्विरा भी हुआ था? स्वर्गीय अरुण जेटली के अलावा कोई ऐसा एक नाम प्रधानमंत्री ले सकते हैं जिसकी नश्वर काया अब तक हमारे बीच मौजूद है? तब के रिजर्व बैंक के गवर्नर, बैंकिग की दुनिया के दूसरे बड़े नाम, कोई अर्थशास्त्री, चुनाव आयोग के अधिकारी कौन थे कि जिनके साथ इस 'पवित्र' योजना की चर्चा-समीक्षा की गई थी? क्या संसद में कभी इस पर विमर्श हुआ? अगर यह पवित्र मन की परिकल्पना थी तो इसमें गुप्तता के इतने प्रावधान क्यों थे? दाता व आदाता का नाम किसी को पता नहीं चलना चाहिए, इसकी इतनी सावधानी क्यों थी? इस पर उस तरह नंबर क्यों डाला गया था कि जो जासूसी निगाहों से ही पढ़ा जा सकता था? गुप्त नंबर की यह तरकीब भी आपकी योजना में तो थी नहीं, बैंकों के गंभीर एतराज के बाद, लाचारी में आपके 'पवित्र मन' ने इसे छिपा कर डालना कबूल किया था! बताएं प्रधानमंत्री कि इतनी तिकड़मों के पीछे कौन-सा पवित्र मन काम कर रहा था? जो गुप्त होता है, वह पवित्र नहीं होता है।

मोदी-मार्का भ्रष्टाचार वह है जिसमें शब्दों के अर्थ ही बदल दिए जाते हैं। मोदी-सदाचार की नई परिभाषा है : सरकार जो भी करे (नहीं, मोदी-सरकार जो भी करे !) वह सदाचार, जो देश करे या कहे वह कदाचार! किसी जड़बुद्धि को भी हंसी आ जाए ऐसी बातें प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी कु-योजनाओं के बचाव में कहते आ रहे हैं। नोटबंदी के लिए कहा : इतने दिनों में काला धन खत्म करने के अलावा फलां-फलां बात नहीं हुई तो मुझे फांसी पर चढ़ा देना! नोटबंदी से वह सब तो कुछ होना नहीं था जिसका दावा किया गया था लेकिन फांसी की अवधि आते-न-आते सारी घोषणाएं ही बदल दी गईं। सियारमार्का मीडिया के धंधेबाज मालिक और दोनों हाथों धन समेटने में लगे कारपोरेट नई घोषणाओं को ले उड़े। ऐसा ही जीएसटी के साथ हुआ। इस शेखचिल्ली योजना की मूर्खताएं आज तक सुधारी जा रही हैं। कपड़े बदलने, ढोल-नगाड़े बजाने व गले पड़ने को विदेश-नीति समझने वाली मसखरी का दौर समाप्त हुआ तो आज यह हाल है कि हमारी विदेश-नीति में न कोई नीति बची है, न आत्मसम्मान ! नेपाल, पाकिस्तान, बांग्लादेश, म्यांमार, अफगानिस्तान, चीन से ले कर फिजी तक में हमारी किरकिरी होती है और हम कभी अमरीकी, कभी रूसी तो कभी यूरोपी हित का समर्थन कर अपने दिन निकाल रहे हैं। यूक्रेन, फलस्तीन के मामलों में हम उस मूर्ख बच्चे से नजर आते हैं जो अपना रिपोर्ट कार्ड लहराता घर लाता है बगैर यह जाने कि उसे कितने विषयों में सिफर मिला है। विदेश-नीति के निर्धारण में गलतियां पहले भी होती रही हैं लेकिन गलतियों को मास्टर-स्ट्रोक बताने की मूढ़ता इसी सरकार की देन है।

चुनावी बांड के मामले में अदालती चांटा खाने के बाद, अमित शाह मार्का छुटभैय्यों से अनाप-शनाप बयान दिलवाने के बाद अब अपने प्रायोजित इंटरव्यू में प्रधानमंत्री ने मुंह खोला है। वे जब भी किसी मुद्दे पर मुंह खोलते हैं, देश का मुंह खुला रह जाता है। उन्होंने कहा : अगर बांड की मेरी योजना न होती तो यह पता ही नहीं चलता कि पैसा किधर से आया और किधर गया : मनीट्रेल! प्रधानमंत्रीजी, पूछने वाला तो यह पूछेगा कि महाशय, यदि आप ही न होते तो यह बौंड ही कहां होता! पैसा कहां से आया और कहां गया, इतना ही नहीं, इस आने-जाने के पीछे सरकार ने कब, कहां व कैसे दलाली खाई, यह भी देश को पता चला तो इसलिए नहीं कि आपका बांड था बल्कि इसलिए कि सर्वोच्च न्यायालय इस बांड के पर्दाफाश के पीछे ही पड़ गया था। चुनावी बांड का रहस्य किसी स्तर पर न खुले इसके लिए जितनी तिकड़म संभव थी, सरकार ने वह सब की। भाड़े के सारे वकील साहबानों व भ्रष्ट व कायर स्टेट बैंक की नौकरशाही तक को सरकार ने मैदान में उतार दिया लेकिन न्यायालय ने कुछ भी देखने-सुनने से मना कर इस बांड योजना को बैंड ही कर दिया तो रास्ता ही नहीं बचा कि कहां सर छिपाएं, कहां पांव!

प्रधानमंत्री कह रहे हैं कि चुनावी बांड की योजना के कारण चुनावी प्रक्रिया से काले धन की समाप्ति हुई। उनके अपने अर्थशास्त्रियों में से कोई एक मुझे समझा दे कि कोई धन काला होता है क्या? धन तो सारे सफेद ही होते हैं, इरादे काले-सफेद जरूर होते हैं। जब आप काले इरादे से धन छिपाते हैं तो वह काला हो जाता है, जब सरकार आपके काले इरादे वाले धन को पकड़ लेती है तथा कानूनी दंड वगैरह लगा कर उसे व्यवस्था में समाहित कर लेती है तो वही धन सफेद हो जाता है। जब सरकार अदालत में कहती है कि राजनीतिक दलों को चंदा कहां से व कितना मिला यह जानने का जनता को कोई अधिकार ही नहीं है तब वह काले इरादे से चल रही होती है। जब अमित शाह कहते हैं कि चुनावी बांड योजना से हमें कितनी रकम मिली व विपक्ष को कितनी यह मत देखिए बल्कि देखिए यह कि हमारे कितने व विपक्ष के कितने सांसद हैं, तब वे काले इरादे से बात कर रहे थे मानो डकैतों का कोई गिरोह है जो लूट में से बंटवारे पर लड़ रहा हो। लूट ही बुरी है, यह कोई नहीं कर रहा है। अब तक विपक्ष ने भी देश से कहां माफी मांगी है कि इस लूट का छोटा-बड़ा हिस्सा ले कर हमने भी पाप ही किया!

सर्वोच्च न्यायालय ने इस संवैधानिक मुकदमे की जैसी उपेक्षा की और इसे कोई 10 साल तक लटकाए रखा, वह ऐसा संवैधानिक अपराध है कि जिसकी सुनवाई के लिए भी कोई अदालत होनी चाहिए थी। संविधान निर्माताओं ने कल्पना ही नहीं की कि कभी ऐसा भी होगा कि मुकदमों की भीड़ में कोई सर्वोच्च न्यायालय यह विवेक भूल जाएगा कि वह क्यों बना है, और देश क्यों उसका बोझ ढोता है। सर्वोच्च न्यायालय की प्राथमिक भूमिका संविधान के संरक्षण की है; उसका पहला व अंतिम काम विधायिका को संविधान की मर्यादा में बांध कर रखना है। यह दायित्व ऐसा है कि जिसे संविधान की दूसरी कोई संरचना निभा नहीं सकती है। इसलिए सर्वोच्च न्यायाधीश को रोस्टर में यह विवेक करना ही चाहिए कि उसके पास मामलों का जो अंबार पड़ा है उसमें विधायिका की संवैधानिकता की जांच करने का कौन-कौन-सा मामला है। वे सारे मामले उसकी प्राथमिकता में पहले नंबर पर होने चाहिए। उसे भीड़ में एक बना देने से देश की संवैधानिक व्यवस्था भाड़ में जा रही है, यह उसे क्यों दिखाई नहीं दे रहा? उसने भी काला चश्मा तो नहीं पहन रखा है!

संवैधानिक संरचनाएं जब अपना काम मुस्तैदी से व संवैधानिक तटस्थता से करती रहती हैं तब इससे ज्यादा फर्क नहीं पड़ता है कि सरकार किसकी है और उसका एजेंडा क्या है। यदि कैग, ईडी, इंकमटैक्स, सीबीआई, चुनाव आयोग, प्रेस काउंसिल, महिला, अल्पसंख्यक व बाल आयोग, निचले स्तर से ऊपर तक की न्यायपालिका अपना-अपना काम करती तो किसी सरकार की हिम्मत नहीं होती कि वह लोकतंत्र का गला दबोच कर, अपनी मनमानी करे। लेकिन इन सबने एक नहीं, अनेक अवसरों पर संविधान को विफल कर, अपनी संवैधानिक भूमिका से धोखा किया है। अदालत ने कभी सीबीआई को 'पिंजड़े में बंद तोता' कहा था। कहा तो था लेकिन उसने ऐसा किया कुछ भी नहीं कि जिससे पिंजड़ा टूटे, तोता बाहर आ कर बाज बन जाए। वह और ऐसी तमाम संवैधानिक संरचनाएं अपनी वर्तमान की हैसियत के लिए सरकार से उपकृत और भावी के लिए सरकार पर आश्रित रहती हैं। यह कायर गुलामी लोकतंत्र के लिए घातक है। चुनावी बांड के खुलासे से एक बार वह सड़ांध खुले में आ गई है जो इस सरकार ने पिछले 10 सालों में रचा है। अगर यहीं से भारत में संवैधानिकता की शुरुआत होनी हो तो वही सही लेकिन इस लोकतंत्र की इतनी गुजारिश ज़रूर है कि चंद्रचूड़ हों कि सूर्यचूड़, सभी सुनें कि अब पीछे न लौटें। (ये लेखक के अपने विचार हैं।)

साधना से ही मिलता है वास्तविक सुख



संकलित

दर्शन

अधिकांश व्यक्ति आज भौतिक मूल्यों के उपासक बन गए हैं। इस कारण जीवन के धर्म एवं मर्म को भुला बैठे हैं। उनकी इस उपासना ने दुनिया के बाह्य जगत को बड़ा सुहावना, लुभावना और आकर्षक बना दिया है। जबकि वास्तविक सुख आंतरिक सौंदर्य, अंतर्जगत की जागृति एवं अंतर्यात्रा से ही संभव है। भौतिक आकर्षण के पीछे मनुष्य दौड़ रहा है। यदि वह क्षण भर रुककर गंभीरता से सोचे तो उसे पता चलेगा कि यह सब भ्रम जाल है। जीवन वह नहीं, जिसे वह जी रहा है। संत एकनाथ ने कहा है कि धन जोड़कर भक्ति का दिखावा करने से कोई लाभ नहीं, क्योंकि ऐसा करने से मन में वासना और भी बढ़ जाएगी और जिनका चित्त वासना में फंसा हुआ है, उन्हें अंतरात्मा के दर्शन कैसे हो सकते हैं। वास्तविक सुख पाने के लिए व्यक्ति भक्ति यानी साधना की ओर प्रवृत्त होता है। स्थायी सुख की प्राप्ति भक्ति पर ही निर्भर है। भक्ति से मन को वश में करना है और मन को वश में करने का सरल उपाय है उसे परमात्मा के हेतु निरंतर भले कार्यों में लगाए रखना। महात्मा गांधी ने प्रेमा बहन के नाम लिखे पत्र में लिखा है-जो लोग कृष्ण-कृष्ण कहते हैं वे उसके पुजारी नहीं हैं। जो उनका काम करते हैं, वे ही पुजारी हैं। रोटी-रोटी कहने से पेट नहीं भरता, अपितु रोटी खाने से ही भरता है। मन को वश में लाने का अभ्यास अनेक प्रकार का होता है। इन अभ्यासों को ही भक्ति यानी साधना कहा गया है।

प्रार्थना के बाद भी भगवान नहीं सुन रहे?



संकलित

प्रेरणा

एक सेठ के घर के बाहर एक साधू महाराज खड़े होकर प्रार्थना कर रहे थे और बदले में खाने को रोटी मांग रहे थे। सेठानी काफी देर से उसको कह रही थी कि आ रही हूँ। रोटी हाथ में थी पर फिर भी कह रही थी कि रुको आ रही हूँ। साधू ईश्वर से प्रार्थना कर रहे थे और रोटी मांग रहे थे । सेठ ये सब देख रहा था पर समझ नहीं पा रहा था, आखिर सेठानी से बोला- रोटी हाथ में लेकर खड़ी हो, वो बाहर मांग रहे हैं, उन्हें कह रही हो आ रही हूँ तो उन्हें रोटी क्यों नहीं दे रही हो? सेठानी बोली- हाँ रोटी दूँगी, पर क्या है ना कि मुझे उनकी प्रार्थना बहुत अच्छी लग रही है, अगर उनको रोटी दे दूँगी तो वो आगे चले जायेंगे। मुझे उसकी प्रार्थना और सुननी है। यदि प्रार्थना के बाद भी भगवान आपकी नहीं सुन रहे हैं तो समझना कि उस सेठानी की तरह प्रभु को आपकी प्रार्थना प्यारी लग रही है, इसलिए इंतजार करो और प्रार्थना करते रहो। जीवन में कैसा भी दुःख और कष्ट आए पर प्रार्थना मत छोड़िए। क्या कष्ट आता है तो आप भोजन करना छोड़ देते हैं? क्या बीमारी आती है तो आप सांस लेना छोड़ देते हैं? नहीं ना? फिर जरा सी तकलीफ आने पर आप प्रार्थना करना क्यों छोड़ देते हो? कभी भी दो चीजें मत छोड़यि। भोजन छोड़ दोगे तो जिंदा नहीं रहोगे और प्रार्थना छोड़ दोगे तो कहीं के नहीं रहोगे। सही मायने में जिंदगी में प्रार्थना और भोजन दोनों ही आवश्यक हैं।

अंतर्मन

आज की पाती

लोक लुभावने नारों में नहीं आएगी जनता

कांग्रेस और मोदी सरकार के विरोधी दूसरे राजनीतिक दलों ने अपने घोषणापत्र पेश किए हैं। उन्हें जनहित और देशहित कम, मोदी सरकार की नीतियों का विरोधी ज्यादा बताया जा रहा है। यह बिल्कुल माना जा सकता है कि मोदी के विरोधी राजनीतिक दलों ने अपने-अपने घोषणा पत्र में मोदी सरकार की नीतियों का खुलकर विरोध किया है और अगर ये सत्ता में आते हैं तो मोदी सरकार की लगभग सभी योजनाओं और नीतियों में बदलाव करेंगे, लेकिन यह कोई नई बात नहीं है। प्रायः सभी दल पिछली सरकार की योजनाओं और नीतियों को बंद करते है या फिर उनमें थोड़ा-बहुत बदलाव कर उन पर अपना लेवल चिपकाने की कोशिश करते हैं।

- सतीश रावत, राजनांदगांव

ट्रेंड

शिखर सम्मेलन पर चर्चा

राजदूत उमर हिलाले मोरक्को संयुक्त राष्ट्र, और फिलिप क्रिडेल्का, बेल्जियम के साथ संयुक्त राष्ट्र में यूएन के सह-सुविधाकर्ता के रूप में 2025 में विश्व सामाजिक शिखर सम्मेलन पर उनके कार्य पर चर्चा करके खुशी हुई।

-डॉ टेड्रोस, डब्ल्यूएचओ महानिदेशक

कर कटौती खत्म होगी

डोनाल्ड ट्रम्प को अपनी 2 ट्रिलियन डॉलर की कर कटौती पर बहुत गर्व था, जिससे सबसे बड़े निगमों को भारी लाभ हुआ और संघीय ऋण में वृद्धि हुई। वह कर कटौती समाप्त होने वाली है। अगर मैं दोबारा चुना जाता हूं, तो यह समाप्त हो जाएगा।

-जो बाइडेन, अमेरिकी राष्ट्रपति

केक काटकर अच्छा लगा

मेरे जन्मदिन सप्ताह की शुरुआत करने का यह कैसा तरीका है! मुझे फुटबॉल खेलने, कहानियाँ साझा करने और इन लड़कियों के साथ केक काटने में बहुत मज़ा आया, जिन्हें सचिन तेंदुलकर फाउंडेशन का समर्थन प्राप्त है। वे मुझे शुभकामनाएं देने वाले पहले व्यक्ति थे।

-सचिन तेंदुलकर, क्रिकेटर

जिंदगी बदली जा सकती थी

नरेंद्र मोदी ने अपने अरबपति मित्रों का 16 लाख करोड़ रुपया कर्ज माफ किया है। इतने पैसों से 16 करोड़ युवाओं को 1 लाख रुपये साल की नौकरी मिल सकती थी। 16 करोड़ महिलाओं को 1 लाख रु. साल देकर उनके परिवारों की जिंदगी बदली जा सकती थी।

-राहुल गांधी, कांग्रेस नेता

करंट अफेयर

सीनेट में टिकटॉक पर जरूरी विधेयक पारित



अमेरिकी संसद के सीनेट में मंगलवार को एक विधेयक पारित किया गया जो प्रतिबंध लगाने की धमकी के साथ टिकटॉक की बिक्री के लिए इसका स्वामित्व रखने वाली चीनी कंपनी को मजबूर कर देगा। इस विधेयक को हस्ताक्षर के लिए अब राष्ट्रपति जो बाइडन के पास भेजा जाएगा। इस विधेयक के पारित होने के तुरंत बाद एक बयान जारी करके बाइडन ने कहा कि वह इस पर बुधवार को हस्ताक्षर करेंगे। अमेरिकी सांसदों के इस विवादास्पद कदम को जहां कानूनी चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है, वहीं इससे सामग्री का सृजन करने (कंटेंट क्रिएटर) वाले उन लोगों के परेशानियां पैदा होने की आशंका है जो आमदनी के लिए इस 'शॉर्ट-फॉर्म' वीडियो ऐप पर निर्भर हैं। टिकटॉक से जुड़े विधेयक को 95 अरब अमेरिकी डॉलर के उस बड़े पैकेज के हिस्से के रूप में शामिल किया गया था जो यूक्रेन और इजराइल को विदेशी सहायता प्रदान करता है और इसे 79-18 के अंतर से पारित किया गया। सांसदों द्वारा पिछले सप्ताह टिकटॉक विधेयक को उच्च प्राथमिकता वाले पैकेज में संलग्न करने का निर्णय लिया गया जिससे कांग्रेस में इसे तेजी से पारित कराने में मदद मिली।

ऑफ बीट

दुबई की बेतहाशा बारिश क्लाउड सीडिंग नहीं



जिस परियोजना का मैं हिस्सा था, उसे रेन (नेल्सप्रूट में रेन ऑग्मेंटेशन) नाम दिया गया था, वह एक क्लाउड सीडिंग प्रयोग था जो कई वर्षों से चल रहा था। क्लाउड सीडिंग में छोटे कणों को बादल में जोड़ा जाता है ताकि नमी को कुछ आधार मिल सके और बूंदें बन सकें। धीरे-धीरे वे बूंदें आपस में जुड़ जाती हैं और इतनी भारी हो जाती हैं कि बारिश के रूप में गिर सकती हैं। सिद्धांत रूप में, ''बीजयुक्त'' बादलों में बारिश के लिए उपयुक्त अधिक बूंदें उगेंगी। कोई भी उड़ान बीजारोपण के प्रभावी होने का प्रमाण नहीं है। ऐसा कोई समान बादल नहीं है जिसके साथ किसी विशेष बादल को बोने के परिणाम की तुलना की जा सके। इसलिए बहुत सारे मिशनों को उड़ाना और उनमें से आधे बीज के लिए नहीं, मापने के लिए होते हैं, मापना आवश्यक है, जिससे स्वयं प्रयोग (बीज वाले बादल) और नियंत्रण (बिना बीज वाले बादल) के लिए एक डेटा सेट तैयार हो सके। रेन के परिणामों के सांख्यिकीय विश्लेषण में बताने के लिए ज्यादा कुछ नहीं था। कई वर्षों की कोशिश के बाद, कुछ तूफानों से बारिश की दरों में संशोधन सफल रहा, हालांकि यह साबित करना कभी संभव नहीं होगा कि किसी एक तूफान में बदलाव किया गया था।

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

सरगुजा में पीएम मोदी ने कांग्रेस को विभिन्न मुद्दों पर घेरा

कांग्रेस की लूट जिंदगी के साथ भी... जिंदगी के बाद भी, वह आतंकियों के मरने पर आंसू बहाने वाली पार्टी, उसका देशवासियों से सरोकार नहीं

एजेंसी ▶▶ सरगुजा

पीएम नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ के सरगुजा में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का कहना है कि वह माता-पिता से मिलने वाली विरासत पर भी टैक्स लगाएगी। आप जो अपनी मेहनत से संपत्ति जुटाते हैं, वो आपके बच्चों को नहीं मिलेगी। कांग्रेस का पंजा वो भी आपसे लूट लेगा। कांग्रेस का मंत्र है- 'कांग्रेस की लूट जिंदगी के साथ भी, जिंदगी के बाद भी।'

पीएम ने राहुल गांधी का नाम लिए बिना कहा कि शाही परिवार के शहजादे के सलाहकार ने कुछ समय पहले कहा था कि मिडिल क्लास पर और ज्यादा टैक्स लगाना चाहिए। जब तक आप जीवित रहेंगे, तब तक कांग्रेस आपको ज्यादा टैक्स से मारेगी और जब जीवित नहीं रहेंगे, तब आप पर टैक्स का बोझ लाद देगी। कांग्रेस को अपनी पैतृक संपत्ति मानकर जिन लोगों ने अपने बच्चों को दे दी, अब वो नहीं चाहते कि भारतीय अपनी संपत्ति अपने बच्चों को दें। ये और आगे बढ़ गए हैं।

पीएम मोदी ने छत्तीसगढ़ के सरगुजा में एक चुनावी रैली में कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का कहना है कि वह विरासत पर भी टैक्स लगाएगी। आप जो अपनी मेहनत से संपत्ति जुटाते हैं, वो आपके बच्चों को नहीं मिलेगी। कांग्रेस का पंजा वो भी आपसे लूट लेगा। कांग्रेस को निशाने पर लिया। शाही परिवार के शहजादे के सलाहकार ने कुछ समय पहले कहा था कि मिडिल क्लास पर और ज्यादा टैक्स लगाना चाहिए।

राहुल गांधी के बयान पर साधा निशाना

चुनावी सभा में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री समेत कई जनप्रतिनिधि भी रहे शामिल

- पीएम ने छत्तीसगढ़ में एक चुनावी रैली में बड़ा आरोप लगाया
- कांग्रेस ने मिडिल क्लास पर ज्यादा टैक्स लगाने की वकालत की

संविधान की परवाह नहीं कर रही कांग्रेस

पीएम मोदी ने कहा कि जब संविधान बन रहा था, तब बाबा साहेब आंबेडकर के नेतृत्व में तय किया गया था कि भारत में धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं होगा। लेकिन वोट बैंक की भूखी कांग्रेस ने इन महापुरुषों की बातों की परवाह नहीं की, संविधान की पवित्रता की परवाह नहीं की और न ही बाबा साहेब आंबेडकर के शब्दों की परवाह की।

कांग्रेस ने जनता का भरोसा खोया

पीएम मोदी इस दौरान कांग्रेस पर जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के इरादे नेक नहीं हैं। ये आतंकवादियों के मारे जाने पर आंसू बहाते हैं। पीएम मोदी ने कहा कि भाजपा ने जब मुझे प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार बनाया था, तब अंबिकापुर में ही आपने लाल किला बनाया था। कांग्रेस की टोली ने उस समय मुझ पर हमला बोल दिया था, बात का बवंडर बना दिया था। लेकिन मोदी लाल किले पर पहुंचा और राष्ट्र के नाम संदेश दिया। उन्होंने कहा कि कुछ महीने पहले मैंने आपसे छत्तीसगढ़ से कांग्रेस का भ्रष्टाचारी पंजा हटाने के लिए आशीर्वाद मांगा था, आपने मेरी बात का मान रखा और भ्रष्टाचारी पंजे को प्रदेश से साफ कर दिया।

वायनाड में बोलीं प्रियंका

भाजपा जनसमस्याओं पर बात नहीं करती

कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने वायनाड में कहा कि पीएम मोदी और अन्य भाजपा नेताओं के बयान से यह स्पष्ट है कि वह जनता की समस्याओं के बारे में बात नहीं करते हैं। रैली को संबोधित करते हुए प्रियंका ने पीएम और भाजपा पर जमकर निशाना साधा है।

राहुल का बड़ा बयान

जाति जनगणना को कोई नहीं रोक सकता

नई दिल्ली। बुधवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पीएम मोदी और भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि जो लोग खुद को देशभक्त कहते हैं, वे जाति जनगणना के 'एक्स-रे' से डरे हुए हैं और कहा कि कोई भी ताकत इसे नहीं रोक सकती। राहुल ने कहा कि 90 फीसदी आबादी के लिए न्याय सुनिश्चित करना उनके जीवन का मिशन है।

आचार्य प्रमोद कृष्णम बोले

कांग्रेस में एक को छोड़ सभी लोग 'बेताल'

नई दिल्ली। आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि कांग्रेस अपने वसूलों से भटक गई है। कांग्रेस में अब वे लोग हैं जो भारत तेरे टुकड़े होंगे का नारा लगा रहे हैं। वे सनातम धर्म पर प्रहार कर रहे हैं। मैंने कहा था कि राम मंदिर निमंत्रण पत्र मत ठुकराइए। सभी धर्मों का सम्मान करना चाहिए। इशारों में कहा कि एक को छोड़कर वहां सभी लोग बेताल हैं।

अखिलेश कन्नौज सीट से आज दाखिल करेंगे नामांकन

लखनऊ। सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव कन्नौज लोकसभा सीट से चुनाव लड़ेंगे। गुरुवार को दोपहर 12 बजे नामांकन दाखिल करेंगे। हालांकि यह आधिकारिक नहीं है।

लद्दाख के सांसद नामग्याल बोले

इतना काम किया, फिर भी मेरा टिकट कटा

इलाके में जितना विकास का काम हुआ वह आप आकर देख सकते हैं। इसके बावजूद इसके मेरा टिकट काट दिया गया।

भागलपुर में भाजपाध्यक्ष नड्डा ने कांग्रेस को लिया निशाने पर

कांग्रेस ने घोटालों के अलावा कभी कुछ नहीं किया

विपक्षियों ने केवल अपनी झोली भरी

जेपी नड्डा खगड़िया के गोगरी जमालपुर में जनसभा के दौरान कांग्रेस के समय के घोटालों की याद दिलाई। अखिलेश यादव की सरकार ने लैपटॉप घोटाला किया था। गोमती रिवर फ्रंट का घोटाला किया था। अनाज का घोटाला किया। घमंडिया गठबंधन के लालू यादव ने चारा घोटाला किया था या नहीं? जमीन के बदले नौकरी घोटाला किया था या नहीं किया? अलकतरा घोटाला किया था या नहीं? आप बताइए ममता बेनर्जी की तृणमूल कांग्रेस ने टीचर भर्ती घोटाला किया या नहीं? बालू घोटाला किया कि नहीं? किया गाय की तस्करी की या नहीं की? कांग्रेस ने कोयला घोटाला किया था या नहीं?

शराब, चारा गोबर सब 'खा' गए

नड्डा ने पूछा कि डीएमके के नेताओं ने शराब घोटाला किया था कि नहीं? केसीआर की बेटी ने शराब घोटाला किया।अरविंद केजरीवाल ने शराब घोटाला किया।उन्होंने कहा कि यह सारा घमंडिया एलाइंस के नेता हैं, भ्रष्टाचारियों का जमावड़ा है। ऐसे लोगों को बाहर करने की जरूरत है।

विरासत टैक्स वाले बयान पर भड़के शाह

कांग्रेस हुई बेनकाब, जनता की संपत्ति हड़पने की साजिश!

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा के 'विरासत टैक्स' वाले बयान के बाद राजनीतिक घमासान मच गया है। गृह मंत्री अमित शाह ने पित्रोदा के बयान को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा है। उन्होंने कांग्रेस का मकसद स्पष्ट होने की बात कहते हुए कहा कि सैम के बयानों से कांग्रेस पूरी तरह बेनकाब हो गई है। कांग्रेस के मेनिफेस्टो बनाने में सैम पित्रोदा की अहम भूमिका है। शाह ने कहा, जब मोदीजी ने ये मुद्दा उठाया तो पूरी कांग्रेस, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी बैकफुट पर आ गए। सैम के बयान को देश की जनता गंभीरता से ले। आज सैम पित्रोदा के बयान ने देश के सामने कांग्रेस का मकसद स्पष्ट कर दिया है।

कांग्रेस की मानसिकता सामने आई

शाह ने कहा कि आज सैम पित्रोदा के बयान ने देश के सामने कांग्रेस का मकसद साफ हो गया है। ये लोग देश के लोगों की निजी संपत्ति का सर्वेक्षण करना चाहते हैं। कांग्रेस का मकसद इसे सरकारी संपत्ति में रखकर यूपीए के शासनकाल के दौरान फैसले के मुताबिक बांटना है।

वन नेशन-वन इलेक्शन पर बोले सिंह

इससे खर्च बचेगा और बार-बार विकास कार्य नहीं रुकेंगे

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के प्रचार के बीच केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को एक देश-एक चुनाव पर सरकार के प्लान का खुलासा किया। आंध्र प्रदेश में एक रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि देश में संसद और सभी राज्यों की विधानसभाओं के चुनाव एक साथ होने चाहिए, इससे खर्चों पर रोक लगेगी। सिंह ने कहा, पीएम का विचार है कि देश में बार-बार चुनाव होते हैं और जनता चुनाव में समान रूप से लगी रहती है। इससे बार-बार खर्च होता है। आचार संहिता लागू होती है और विकास कार्य भी रुक जाता है। हम संसाधनों को बचा पाएंगे।

खबर संक्षेप

ठिरशू मेले में मांगी फसल की मन्नत

शिमला। देवभूमि हिमाचल में जैसे ही बसंत आगमन होता है नए फसलों की बिजाई शुरू होती है, ऐसे में देवी देवताओं को खुश करने के लिए गांव-गांव में ठिरशू मेले का आयोजन किया जाता है। इस मेले में स्थानीय लोक संस्कृति की खूब झलक देखने को मिली। पहले मेलों का आयोजन मिलने-जुलने के लिए होता था। बताया जा रहा है कि पौराणिक संस्कृति को दिखाने मेलों का बड़ा महत्व है।

हाथरस के भाजपा सांसद राजवीर दिलेर का निधन

हाथरस। यूपी की हाथरस लोकसभा सीट से भाजपा सांसद राजवीर दिलेर का हार्ट अटैक से निधन हो गया है। अलीगढ़ के एक अस्पताल में उन्होंने आखिरी सांस ली। वो लगातार पार्टी के लिए काम कर रहे थे। लोकसभा क्षेत्र में पार्टी के कार्यक्रमों में शामिल होने के साथ ही वो अलीगढ़ में हुई पीएम मोदी की सभा में भी दिखे थे। सांसद की अचानक मौत से पार्टी के सभी नेता स्तब्ध हैं।



सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 7 मई तक बढ़ी

नई दिल्ली। दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में आप नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को बुधवार को झटका लगा है। दिल्ली की राउज एवेन्यू अदालत ने सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 7 मई तक बढ़ा दी है। सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 26 अप्रैल तक बढ़ाई थी। सीबीआई को निर्देश दिया कि सबूत दिखाने एक टेबल बनाएं।

कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने आरक्षित कोटे में 'धर्म आधारित आरक्षण' दिया

मुस्लिम समुदाय की सभी जातियों को ओबीसी बनाने पर बवाल... एनसीबीसी ने किया सवाल

राष्ट्रीय पिछड़ा आयोग की जांच में सीमा से अधिक मुस्लिम आरक्षण दिया

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

कर्नाटक की कांग्रेस सरकार पर आरोप है कि उसने मुस्लिम समाज को पिछड़ों के लिए आरक्षित कोटे में धर्म के आधार पर जगह दे दी है। पीएम नरेंद्र मोदी ने बुधवार को छत्तीसगढ़ में एक चुनावी रैली में इस मुद्दे को भी उठाया। पीएम ने कहा कि कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने एक और पाप किया है। मुस्लिम समुदाय में जितनी भी जातियां हैं, सबको उन्होंने ओबीसी कोटे में डालकर ओबीसी बना दिया। जो हमारे ओबीसी समाज को लाभ मिलता था उसका बड़ा हिस्सा कट गया।

इस मुद्दे पर सियासी पारा बढ़ गया है। कांग्रेस और भाजपा आमने-सामने हैं। राष्ट्रीय पिछड़ा आयोग को कर्नाटक में ओबीसी आरक्षण कोटे में अनियमितता की जानकारी मिली थी। उसके बाद आयोग ने पिछले 6 महीने में इसकी जांच शुरू की। इस दौरान सरकारी नौकरी, मेडिकल, इंजीनियरिंग एडमिशन और तमाम सरकारी पदों पर सीमा से अधिक मुस्लिम आरक्षण दिए जाने की बात सामने आई।

कांग्रेस और भाजपा आमने-सामने

पीएम ने भी रैली में इस पर चर्चा की और खरी खोटी सुनाई

उन्हें भी लाभ दिया जो दायरे में नहीं आते

गत वर्ष राज्य के सरकारी पीजी मेडिकल के 930 सीटों में दिए गए आरक्षण की जब जांच की तो उसमें चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। आयोग ने पाया कि 930 में से 150 सीट मुस्लिम वर्ग को आरक्षित किया गया है जो करीब कुल सीट का 16 प्रतिशत है। खास बात ये है कि इनमें मुस्लिम वर्ग के उन जातियों को भी लाभ दिया गया है जो आरक्षण के दायरे में नहीं आते। अब राष्ट्रीय पिछड़ा आयोग इस मुद्दे को उठाकर राज्य सरकार को कठघरे में खड़ा किया है।

आयोग के अध्यक्ष हंसराज बोले

कोटा में की गड़बड़ी, आम ओबीसी का हक मारा

ओबीसी कमीशन के अध्यक्ष हंसराज अहीर ने कहा कि कर्नाटक में मेडिकल पीजी की 930 सीटों में से मुस्लिम वर्ग को 150 सीटों पर आरक्षण दे दिया गया है, जो करीब 16फीसदी है। इसमें लगता है कि ओबीसी वर्ग के आरक्षण कोटा में इस तरह से गड़बड़ी की गई है और आम ओबीसी का हक मारा गया है। उन्होंने कहा कि कर्नाटक में कैटेगरी 1बी और बी2 में 34 मुस्लिम ओबीसी जातियां आती हैं।

सभी को पिछड़े वर्ग में शामिल कर लिया

कर्नाटक पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के आंकड़ों के अनुसार मुस्लिम धर्म के भीतर सभी जातियों और समुदायों को पिछड़े वर्गों की राज्य सूची में श्रेणी आईआईबी के तहत सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े वर्गों के रूप में सूचीबद्ध किया गया है।

सामाजिक न्याय का सिद्धांत नहीं माना

पिछड़ी जाति के रूप में मुसलमानों का व्यापक वर्गीकरण सामाजिक न्याय के सिद्धांतों को कमजोर करता है। सामाजिक , शैक्षणिक रूप से पिछड़े के रूप में पहचानी जाने वाली हाशिए पर आ गईं।

खुली जीप में पीएम लहराते रहे कमल का फूल, दोनों तरफ रहे सीएम यादव, प्रत्याशी आलोक शर्मा व पार्टी प्रदेश अध्यक्ष शर्मा

एक किमी तक बरसे फूल शंख-डमरू और ढोल बजे

करीब 200 स्वागत मंच बनाए गए थे, करीब तीस मिनट में पूरा हुआ एक किलोमीटर का सफर

भोपाल। पीएम नरेंद्र मोदी बुधवार को एयरटेल तिराहे से लेकर नानके पेट्रोल पंप तक एक किलोमीटर का रोड शो। इसमें पूरा भोपाल ही उमड़ आया। चारों तरफ भगवा लहरा रहे थे। इस रोड शो में 'एमपी के मन में मोदी, मोदी के मन में एमपी' का नजारा दिखा। सड़क के दोनों तरफ करीब 200 मंच लगे थे। इन पर समाज के विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधि, साधु-संत, महिलाएं पारंपरिक परिधानों में उपस्थित थीं। सड़क के दोनों तरफ कहीं शंख की ध्वनियां गूंज रही थीं। तो कहीं, डमरू बज रहे थे। ढोल वाले अपनी पूरी गरिमा के साथ पीएम का अभिवादन कर रहे थे। साधु-संत मंत्रोच्चार कर रहे थे।

जनहित याचिका पर सीजेआई हुए नाराज

5 की जगह 3 साल के एलएलबी कोर्स की तलाश पर उठाए सवाल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने उस जनहित याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया जिसमें केंद्र और बार काउंसिल ऑफ इंडिया को 12वीं कक्षा के बाद मौजूदा 5 साल के एलएलबी पाठ्यक्रम की जगह 3 साल के पाठ्यक्रम संचालन की व्यवहार्यता तलाशने के लिए एक विशेषज्ञ समिति गठित करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया था।

प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला की पीठ ने कहा कि 5 वर्षीय एलएलबी पाठ्यक्रम सही चल रहा है और इसमें छेड़छाड़ करने की कोई जरूरत नहीं है।

वकील एवं याचिकाकर्ता अश्विनी उपाध्याय की ओर से पेश वरिष्ठ वकील विकास सिंह की दलीलें सुनने के बाद सीजेआई ने कहा, याचिका वापस लेने की अनुमति दी जाती है। सीजेआई ने दलीलों से असहमति जताई और कहा कि इस बार 70 प्रतिशत महिलाएं जिला न्यायपालिका में आईं और अब अधिक लड़कियां कानून के क्षेत्र में आ रही हैं।

ऋषिकेश में एम्स के चौथे दीक्षांत समारोह में बोलीं राष्ट्रपति

आरोग्य भूमि के रूप में होगा देवभूमि उत्तराखंड का 'नाम'

598 मेडिकल विद्यार्थियों को दी उपाधि, गोल्ड-सिल्वर-कांस्य पदक से नवाजा

एजेंसी ▶▶ ऋषिकेश

उत्तराखंड के ऋषिकेश में एम्स ऋषिकेश के चौथे दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि आयुर्वेद सहित भारतीय परंपरा की उपचार पद्धतियों के लिए उत्तराखंड में अनेक स्वास्थ्य केंद्र सेवारत हैं। एम्स में एलोपैथी के साथ आयुष चिकित्सा पद्धति से भी मरीजों का उपचार किया जा रहा है। ऐसे में व्यापक स्तर पर उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाओं से देवभूमि उत्तराखंड की ख्याति 'आरोग्य भूमि' के रूप में भी स्थापित होगी। चतुर्थ दीक्षांत समारोह में 598 मेडिकल विद्यार्थियों को दी उपाधि, गोल्ड-सिल्वर-कांस्य पदक से नवाजा।

विकसित भारत के निर्माण में दें योगदान

भारत में डायबिटीज से प्रभावित लोगों की संख्या 10 करोड़ से अधिक है, जो विश्व में सर्वाधिक है। डायबिटीज के इलाज के रूप में सेमाग्लूटाइड आजकल चर्चा में है। ग्लोबल मेडिसिन युग में भी चिकित्सा से जुड़ी राष्ट्रीय, क्षेत्रीय और स्थानीय समस्याओं के बारे में अनुसंधान करना और उनका समाधान करना एम्स ऋषिकेश जैसे संस्थानों की प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने एम्स ऋषिकेश को पब्लिक हेल्थ और कम्युनिटी इंगेजमेंट पर अधिक से अधिक ध्यान देने का सुझाव दिया।

भारत में पहली बार कार टी-सेल थैरेपी

आधुनिक टेक्नोलॉजी का उपयोग करना एम्स ऋषिकेश जैसे संस्थानों की प्राथमिकता होनी चाहिए। एम्स ऋषिकेश कार टी-सेल थेरेपी और स्टेम सेल रिसर्च के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रयासरत है। भारत में पहली बार इस तरह की थेरेपी विकसित की गई है। सबसे बड़ी बात यह है कि यह थेरेपी अन्य देशों की तुलना में बहुत कम खर्च पर उपलब्ध कराई जा रही है।

अच्छा और कम खर्च में इलाज होना एम्स की बड़ी पहचान

राष्ट्रपति ने कम समय में ही प्रचुर प्रतिष्ठा अर्जित करने के लिए अतीत और वर्तमान में एम्स ऋषिकेश से जुड़े सभी लोगों की सराहना की। उन्होंने कहा कि लगभग एक दशक की अपनी विकास यात्रा से एम्स ऋषिकेश ने अच्छी पहचान बना ली है। उन्होंने कहा कि एम्स का मतलब होता है सबसे अच्छे डॉक्टरों द्वारा इलाज होना। सबसे अच्छा और कम खर्च में इलाज होना एम्स की पहचान है। एम्स के इलाज का फायदा अधिक से अधिक लोगों को मिल सके और अधिक से अधिक मेधावी विद्यार्थी एम्स में शिक्षा प्राप्त कर सकें।

खबर संक्षेप

आरबीआई ने कोणार्क अर्बन बैंक पर लगाया प्रतिबंध

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने महाराष्ट्र के उल्हासनगर स्थित द कोणार्क अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक पर पैसा निकालने सहित कई प्रतिबंध लगाए। बैंक पर ये प्रतिबंध उसकी खराब वित्तीय स्थिति को देखते हुए लगाए गए हैं। पात्र जमाकर्ता जमा बीमा और क्रेडिट गारंटी निगम (डीआईसीजीसी) से अपनी जमा राशि में से पांच लाख रुपये तक की जमा बीमा दावा राशि प्राप्त करने के हकदार होंगे।

होण्डा ने लॉन्च की नई शाईन 100

मुंबई। मास मोबिलिटी के क्षेत्र में नया आयाम स्थापित करते हुए होण्डा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने भारत में अपनी सबसे किफायती एवं ईंधन प्रभावी मास मोटरसाइकिल शाइन 100 की लांचिंग की। अब 100 सी सी बेसिक मास कंप्युटर केटेगरी में अपनी मौजूदगी को सशक्त बनाते हुए 125 सीसी सेगमेंट में होण्ड के ब्राण्ड शाईन की निर्विवादित लीडरशिप इसके द्वारा उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराए गए भरोसे, विश्वसनीयता और आधुनिक टेक्नोलॉजी की पुष्टि करती है। शाईन 100 को 12 पेटेंट एप्लीकेशन्स के साथ विकसित किया गया है जो पहले से भी अधिक विश्वसनीयता को सुनिश्चित करती है। इस अवसर पर आत्सुशी ओगाता, प्रबंध निदेशक, प्रेसीडेंट एवं सीईओ, होण्डा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने कहा, 'शाईन इस श्रेणी में सबसे लोकप्रिय एवं भरोसेमंद मोटरसाइकिल ब्रांड है। आज हम होण्डा की नई शाईन 100 का अनावरण करने जा रहे हैं जिसे शाईन की शरोहर को पुनः सुदृढ़ करने के लिए डिजाईन एवं निर्मित किया गया है। हमें गर्व है कि हम बेसिक कंप्युटर कैटेगरी में उपभोक्ताओं के लिए सशक्त, भरोसेसंद एवं ईंधन-प्रभावी मोटरसाइकल लेकर आए हैं।

एस्टन मार्टिन ने भारत में लांच की नई वैंटेज स्पोर्ट्स कार, कीमत है 3.99 करोड़ रुपये

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ब्रिटिश कंपनी एस्टन मार्टिन ने पिछले साल लग्जरी कार ब्रैंड ने भारत में डीबी12 मॉडल लांच किया था और अब नई वैंटेज स्पोर्ट्स कार लांच की गई है, जिसकी एक्स शोरूम प्राइस 3.99 करोड़ रुपए है। ग्राहक अगर इसे कस्टमाइज कराते हैं तो फिर उन्हें इसके पैसे ऊपर से देने होंगे।

नई एस्टन मार्टिन वैंटेज नए अवतार में और ज्यादा जबरदस्त लगती है। रिफोकस्ड डिजाइन और धांसू फीचर्स के साथ वैंटेज अब नई पीढ़ी के ग्राहकों को भी पसंद आएगा वैंटेज जोरदार पावर, रेजर-शार्प हैंडलिंग, बेहतर तरीके से ट्यून किए गए फ्रंट-इंजन और रियर-व्हील ड्राइव चेसिस का कॉम्बो है, जो कि इसे स्पोर्ट्स कार लवर्स की फेवरेट बनाने के लिए काफी है। नई वैंटेज में एस्टन मार्टिन की मशहूर वन-77 सुपरकार से इंस्पायर्ड डिजाइन के साथ ही मजबूत लुक और प्रजेंस दिखता है। इसमें बेहतर ग्रिल से लेकर इसके चौड़े व्हील आर्च तक, हर डिटेल पावर और बैलेंस का परिचय देते हैं। नई एस्टन मार्टिन वैंटेज 2 डोर कार है और इसमें विशेष रूप से तैयार एकदम नया अल्ट्रा-लग्जरी इंटीरियर, अपग्रेडेड इन्फोटेनमेंट सिस्टम, बोवर्स एंड विल्किंस ऑडियो सिस्टम, वेरिएबल इलेक्ट्रिकल पावर असिस्टेंस स्टीयरिंग, वेंटिलेटेड सीट्स समेत काफी सारी खूबियां हैं।

स्पोर्ट्स कार की टॉप स्पीड 325 किलोमीटर प्रति घंटे

3.4 सेकेंड में 100 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार

टेक्निकल खूबियों में इंडस्ट्री-लीडिंग ऐक्टिव वीइकल डायनैमिक्स, बिलस्टीन डीटीएक्स अडैप्टिव डैम्पर्स, इलेक्ट्रॉनिक रियर डिफरेंशियल और 21 इंच मिशेलिन पायलट 5 टायर शामिल हैं। इस स्पोर्ट्स कार की टॉप स्पीड 325 किलोमीटर प्रति घंटे की है और इसे 0-100 किलोमीटर प्रति घंटे जाने में महज 3.4 सेकेंड लगते हैं।

पावरफुल इंजन और धांसू स्पीड

नई एस्टन मार्टिन वैंटेज में परफेक्ट 50:50 वेट डिस्ट्रीब्यूशन के साथ 4.0 वी8 ट्विन टर्बो इंजन दिया गया है, जो कि 665 पीएस की मैक्सिमम पावर और 800 न्यूटन मीटर का पिक टॉर्क जेनरेट करता है। इसमें चेसिस और पावर को मैक्सिमम रोमांच और ड्राइवर इंगेजमेंट देने के लिए ट्यून किया गया है। वैंटेज में 8 स्पीड ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन दिया गया है।

उच्चतम न्यायालय के फैसले में किसी तरह का बदलाव नहीं

2जी फैसला बदलने की कोशिश नहीं, केवल रक्षा उपग्रह क्षेत्र के लिए नीलामी के बगैर आवंटन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सरकार दूरसंचार स्पेक्ट्रम आवंटन के लिए नीलामी को अहमियत देने के उच्चतम न्यायालय के फैसले में किसी भी तरह के बदलाव की कोशिश नहीं कर रही है। एक शीर्ष सूत्र ने बुधवार को यह बात कही।

सुप्रीम कोर्ट ने वर्ष 2012 के फैसले में नीलामी को माध्यम बनाने का दिया था निर्देश

उच्चतम न्यायालय ने वर्ष 2012 के अपने फैसले में दूरसंचार स्पेक्ट्रम के आवंटन के लिए नीलामी को ही माध्यम बनाने का निर्देश दिया था। हालांकि उपग्रह संचार और रक्षा जैसे विशिष्ट क्षेत्रों को इसके दायरे में नहीं रखा गया था। सूत्र ने कहा कि सरकार ने पिछले साल 15 दिसंबर को शीर्ष अदालत में एक अर्जी दायर कर कुछ विशिष्ट क्षेत्रों को स्पेक्ट्रम आवंटन के संबंध में स्थिति स्पष्ट करने की गुहार लगाई थी।

उपग्रह संचार और रक्षा जैसे विशिष्ट क्षेत्रों को दायरे में नहीं रखा गया

नीलामी के बगैर आवंटन का आग्रह

इसमें विशिष्ट उद्देश्यों वाले क्षेत्र जैसे उपग्रह संचार, रक्षा बलों और सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों, मेट्रो या रेलवे संचालन के लिए नीलामी के बगैर स्पेक्ट्रम आवंटित करने को लेकर स्पष्टीकरण देने का आग्रह किया गया था। याचिका दिसंबर के अंत में संसद में दूरसंचार विधेयक को पारित करने से पहले दायर की गई थी।

नए विधेयक में 19 छूटें दी गई

यह याचिका सोमवार को सुनवाई के लिए रखी गई। नये विधेयक में 19 छूटें दी गयी हैं। सूत्र ने अदालत के समक्ष याचिका आने के बाद उपजे विवाद को 'बेमतलब' बताते हुए कहा कि सरकार से 2जी फैसले को बदलने जैस सवाल किए जा रहे हैं।

आवाज व डेटा सिग्नल प्रसारण में होता है

इसका उपयोग मोबाइल फोन के लिए आवाज और 'डेटा सिग्नल' प्रसारित करने के लिए किया जाता है। दिल्ली उच्च न्यायालय ने जुलाई 2008 के अपने फैसले में कहा था कि इस तरह के आवंटन के लिए इस्तेमाल की गई सितंबर 2007 की 'कट-ऑफ' तारीख अवैध थी।

स्पेक्ट्रम नीलामी सबसे अच्छा

आवेदन में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि हम न्यायालय के फैसले से सहमत हैं। इस बात से सहमत हैं कि स्पेक्ट्रम नीलामी सबसे अच्छा विकल्प है। लेकिन समुद्री, रक्षा और मेट्रो सुरक्षा आदि जैसे कुछ क्षेत्र हैं, जिनके बारे में चीजें स्पष्ट नहीं हैं।

मस्क, एयरटेल व अमेजन को मिल सकती है राहत

इसमें साफ किया गया था कि सरकार क्या करना चाहती है। प्रशासनिक आवंटन मार्ग से एलन मस्क की स्टारलिंक, भारती एयरटेल के वनवेब और अमेजन की प्रोजेक्ट कुइपर जैसे अंतरिक्ष दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को काफी राहत मिल सकती है क्योंकि उन्हें नीलामी प्रक्रिया से गुजरे बिना स्पेक्ट्रम मिलने का रास्ता साफ हो जाएगा।

नीलामी इस साल जून में

दूरसंचार के लिए स्पेक्ट्रम की अगली नीलामी इस साल जून में होने वाली है।सूत्र ने कहा कि इस मुद्दे पर सभी संबद्ध पक्षों से परामर्श किया गया लेकिन न्यायालय से परामर्श करने का कोई तरीका नहीं है। लिहाजा न्यायालय को सूचित करने तथा उसकी राय जानने को आवेदन दायर किया गया था।

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा 82 सीआर.पी.सी. देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मोहम्मद शाकिर उर्फ भूरी, पुत्र मोहम्मद मेहबूब,** निवासी मस्जिद के सामने, काके वाली गली, रानी गार्डन शास्त्री नगर, दिल्ली ने **मुकदमा प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 44624/2018, धारा 379/411 भा.द.सं.** के तहत थाना कृष्णा नगर, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मोहम्मद शाकिर उर्फ भूरी** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मोहम्मद शाकिर उर्फ भूरी** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 44624/2018, धारा 379/411 भा.द.सं.** के तहत थाना कृष्णा नगर, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **मोहम्मद शाकिर उर्फ भूरी** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 01.06.2024 को या इससे पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
छाया त्यागी
महानगर दंडाधिकारी–05 (पूर्व)
कमरा नं. 03, दूसरा तल, कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/4796/SHD/2024

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr. P. C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राज अरोड़ा उर्फ सुभम पुत्र राधे श्याम,** निवासी B-391, गली नंबर 13, अशोक नगर शाहदरा, दिल्ली ने **FIR. No. 57/21 U/s 379/356/411/34 IPC.,** के अंतर्गत थानाः **शाहदरा,** दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **राज अरोड़ा उर्फ सुभम** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **राज अरोड़ा उर्फ सुभम** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR. No. 57/21 U/s 379/356/411/34 IPC.,** थानाः **शाहदरा,** दिल्ली के उक्त अभियुक्त **राज अरोड़ा उर्फ सुभम** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **01.07.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
विधि गुप्ता आनंद, CMM,
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/4597/SHD/2024

टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने फॉर्च्यूनर लीडर एडिशन पेश करने की घोषणा की

बैंगलोर। टोयोटा फॉर्च्यूनर किसी परिचय का मोहताज नहीं है और इस सबसे प्रशंसित एसयूवी की सफलता पर खुशी मनाने के लिए, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने आज भारतीय बाजार में फॉर्च्यूनर का लीडर एडिशन पेश किया। अपनी जानी-मानी विशेषताओं के आधार पर, फॉर्च्यूनर लीडर एडिशन कई ऐड-ऑन सुविधाओं के साथ विशिष्ट डिजाइन लाता है।

टोयोटा फॉर्च्यूनर लीडर एडिशन: फॉर्च्यूनर लीडर एडिशन अपने भिन्न स्टाइल तत्वों और अपनी प्रभावशाली उपस्थिति के साथ अलग दिखता है। गतिशील फ्रंट और रियर बम्पर स्पॉइलर की विशेषता वाला यह वाहन साहस और परिष्कार की आभा प्रदर्शित करता है. जिससे नेतृत्व का वास्तविक सार दिखाई देता है। फॉर्च्यूनर लीडर एडिशन की मुख्य विशेषताओं में से एक इसका प्रमुख डुअल-टोन एक्सटीरियर है, जो 'काले, सफेद और स्पष्टता के पैलेट में उपलब्ध है। यह अनोखा संयोजन न केवल बाहरी आकर्षण को बढ़ाता है बल्कि इसकी प्रीमियम शिल्प कोशल को भी रेखांकित करता है। इंटीरियर में डुअल-टोन सीटें हैं जो बेजोड़ आराम और सुंदरता प्रदान करती हैं, जिससे ड्राइविंग अनुभव नई ऊंचाइयों पर पहुंच जाता है।

दो सत्रों की गिरावट के बाद सोना, चांदी में तेजी लौटी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वैश्विक बाजारों में मजबूती के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बुधवार को सोने और चांदी की कीमतों में दो सत्रों के बाद तेजी लौट आई। सोना 410 रुपये की तेजी के साथ 72,610 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। चांदी की कीमत भी 250 रुपये बढ़कर 83,750 रुपये प्रति किलो हो गई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने कहा कि दिल्ली में सोना 410 रुपये चढ़कर 72,610 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 72,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। इसी तरह, चांदी की कीमत भी 250 रुपये की तेजी के साथ 83,750 रुपये प्रति किलोग्राम हो गयी। इसका पिछला बंद भाव 85,500 रुपये प्रति किलोग्राम था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, 'दिल्ली के बाजार में सोने की हाजिर कीमत (24 कैरेट) 72,610 रुपये प्रति 10 ग्राम रही। यह पिछले बंद भाव से 410 रुपये अधिक है।' अंतरराष्ट्रीय बाजार कॉमेक्स (जिंस बाजार) में हाजिर सोना 2,322 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था जो पिछले बंद भाव से 12 डॉलर मजबूत है।

- सोने में 410 और चांदी में 250 रुपए की रही बढ़त

सोने की कीमत अब अमेरिकी जीडीपी पर टिकी

ब्लिंकएक्स और जेएम फाइनेंशियल सर्विसेज में शोध उपाध्यक्ष (जिंस एवं मुद्रा) प्रणव मेर ने कहा, सअब तक सोने की कीमतों में स्थिर चाल देखी जा रही है। अब नजरें बृहस्पतिवार को अमेरिकी जीडीपी आंकड़े और शुक्रवार को व्यक्तिगत उपभोग व्यय (पीसीई) मुद्रास्फीति पर टिकी रहेंगी।

इंडस टावर्स में वोडाफोन समूह की हिस्सेदारी नहीं खरीदेगा एयरटेल

नई दिल्ली। दूरसंचार सेवा प्रदाता भारती एयरटेल ने बुधवार को कहा कि वह इंडस टावर्स में ब्रिटिश दूरसंचार कंपनी वोडाफोन समूह की लगभग 21 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने के लिए बातचीत नहीं कर रही है।

PUBLIC NOTICE

This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.

VEHICLES FOR SALE

1) ASHOK_LEY AL1615 REG. NO. PB06BB0077-YOM -2021
2) EICHR_VECV PRO_3019 REG. NO. HR63E4297- YOM -2020
3) TATA MOTORS TATA_INTRA REG. NO. DL1LAL4800 -YOM -2023
4) TATA MOTORS TACEGOLD REG. NO. DL1LAG4405 -YOM -2022
5) TATA MOTORS TATAACE REG. NO. DL1LAH6525 -YOM -2022
6) MARUTIS SUPERCARRY REG. NO. DL1LAJ2760 - YOM-2022

(SUBMIT IN 3 DAYS)

UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS WITH IN 7 DAYS AT BRANCH ADDRESS: KOTAK MAHINDRA BANK 3RD FLOOR, PLOT NO 7, SECTOR 125, NOIDA-201313 OR CONTACT : RAMAN AHUJA KOTAK MAHINDRA BANK LTD. CONTACT NO. 8377988238 EMAIL –raman.ahuja@kotak.com

भारतीय रेल

आज़ादी का अमृत महोत्सव

''सार्वजनिक अधिसूचना''

उत्तर रेलवे के नीचे उल्लिखित खंड के पूर्ण खंड पर स्थित रेलवे लाइनों और परिसर के सभी उपयोगकर्ताओं को नोटिस दिया जाता है कि 25000 वोल्ट, 50 हर्ट्ज एसी ओवरहेड ट्रैक्शन तारों को खंड के सामने निर्दिष्ट तिथि पर या उसके बाद सक्रिय किया जाएगा। उसी तारीख से ओवरहेड ट्रैक्शन लाइन को हर समय चालू माना जाएगा और कोई भी अनधिकृत व्यक्ति उक्त ओवरहेड लाइन के करीब नहीं आएगा या काम नहीं करेगा।

अनुभाग	दिनांक
"दिल्ली डिवीजन के अंतर्गत देवबंद यार्ड में स्थान संख्या टीटीएम/1 (सीएचः 145/897.00) से स्थान संख्या 147/36 (सीएचः 147/726.50) के बीच, 25 केवी, 50 हर्ट्ज सिंगल फेज एसी नव विद्युतीकृत लाइन नं. 5 (कॉमन लूप लाइन) और आरजीएम/टीटीएम साइडिंग का ऊर्जीकरण, जिसमें मौजूदा लाइनों में संशोधन, संबंधित टर्नआउट और एक्स ओवर शामिल हैं।"	24.04.2024

ए.सी. 25 केवी ट्रैक्शन का परिचय
"सड़क उपयोगकर्ताओं के लिए चेतावनी"

जनता की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि 25 केवी एसी इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन की शुरूआत के संबंध में:– **"दिल्ली डिवीजन के अंतर्गत देवबंद यार्ड में स्थान संख्या टीटीएम/1 (सीएचः 145/897.00) से स्थान संख्या 147/36 (सीएचः 147/726.50) के बीच, 25 केवी, 50 हर्ट्ज सिंगल फेज एसी नव विद्युतीकृत लाइन नं. 5 (कॉमन लूप लाइन) और आरजीएम/टीटीएम साइडिंग का ऊर्जीकरण, जिसमें मौजूदा लाइनों में संशोधन, संबंधित टर्नआउट और एक्स ओवर शामिल हैं।"** 4.67 मीटर की स्पष्ट अधिकतम ऊँचाई के साथ सभी लेवल क्रॉसिंगों पर ऊंचाई गेज लगाए गए हैं और संपर्क तार सड़क के स्तर से न्यूनतम 5.5 मीटर की ऊंचाई पर होंगे, ताकि अत्यधिक ऊंचाई वाले भार को संपर्क में आने या लाइव ट्रैक्शन के खतरनाक निकटता से रोका जा सके।

जनता को सूचित किया जाता है कि वाहनों को लोड करने के उद्देश्य से ऊपर निर्दिष्ट ऊंचाई का पालन करें और यह देखें कि सड़क वाहनों में ले जाया गया भार किसी भी परिस्थिति में ऊंचाई गेज का उल्लंघन नहीं करता है।

अत्याधिक ऊँचाई के भार के खतरे इस प्रकार हैं:

i. ऊँचाई गेज के लिए खतरा और परिणामस्वरूप सड़क के साथ–साथ रेलवे लाइन में भी रुकावट।
ii. ले जाई गई सामग्री या उपकरण या स्वयं वाहन को खतरा
iii. कंडक्टरों के संपर्क या खतरनाक निकटता के कारण आग का खतरा और जीवन का जोखिम

उप मुख्य विद्युत अभियंता/निर्माण
उत्तर रेलवे, चौथा तल, डीआरएम कार्यालय, नई दिल्ली

1227/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

राशिफल

मेष — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकता है। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। भाग-दौड़ अधिक रहेगी।

वृष — बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

मिथुन — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

कर्क — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जाना हो सकता है। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। लाभ के अवसर मिलेंगे।

सिंह — मन अशान्त रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। अफसरों का सहयोग मिलेगा। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। सफलता के योग बन रहे हैं।

कन्या — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सुस्वादु खान-पान में रुचि बढ़ेगी। सेहत का ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी।

तुला — शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

वृश्चिक — किसी पैतृक सम्पत्ति के लिए विवाद की स्थिति बन सकती है। वाहन के रख-रखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है।

धनु — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा। लाभ के अवसर मिल सकते हैं। परिवार में सद्भाव बनाये रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।

मकर — मन अशान्त रहेगा। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। चिकित्सीय खर्च बढ़ेंगे। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

कुंभ — मन शान्त रहेगा। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। जीवनसाथी के परिवार के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है।

मीन — संयत रहें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है।नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है।

कोविड के बाद बुनियादी ढांचे के निवेश में असमान उछालः मिश्रा

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री के प्रमुख सचिव पीके मिश्रा ने बुधवार को कहा कि कोविड-19 महामारी के दौरान बुनियादी ढांचे में निवेश में गिरावट आई थी और इस क्षेत्र में आई हालिया उछाल बेहद असमान है जहां विकासशील देश पिछड़ते दिख रहे हैं। मिश्रा ने यहां आपदा-रोधी बुनियादी ढांचे पर छठे अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि आपदा और जलवायु जोखिम बढ़ रहे हैं और अगर देश बुनियादी ढांचे की प्रणालियों में लचीलापन नहीं लाते हैं तो उन्हें पुनर्निर्माण के लिए अधिक निवेश करने को मजबूर होना पड़ेगा। मिश्रा ने कहा, 'महामारी के दौरान बुनियादी ढांचे के निवेश में गिरावट आई और हाल ही में हम लगातार पुनरुद्धार देख रहे हैं। हालांकि, यह उछाल बेहद असमान है, जिसमें विकासशील देश पिछड़ रहे हैं।

सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

शेयर बाजारों में लगातार चौथे दिन रही मामूली तेजी

मुंबई। वैश्विक बाजारों में मजबूती के बीच धातु और जिंस शेयरों में खरीदारी आने से बुधवार को स्थानीय शेयर बाजार लगातार चौथे कारोबारी सत्र में बढ़त में रहे और दोनों मानक सूचकांक सेंसेक्स एवं निफ्टी चढ़कर बंद हुए। हालांकि विश्लेषकों ने कहा कि दूरसंचार, सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) और प्रौद्योगिकी कंपनियों के शेयरों में भारी बिकवाली होने से इस तेजी पर काफी हद तक लगाम लग गई। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 114.49 अंक चढ़कर 73,852.94 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी 34.40 अंक बढ़कर 22,402.40 अंक पर पहुंच गया। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, /"आईटी और कुछ अन्य दिग्गज कंपनियों के अपेक्षाकृत कमजोर नतीजों से भारतीय बाजार में थोड़ी निराशा है। इसके बावजूद विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों के दमदार प्रदर्शन से मझोली और छोटी कंपनियों के शेयरों में कुछ तेजी दिख रही है।

शब्द पहेली - 5492



बाएँ से दाएँ

1.द्वेष,झगड़ा,रार-3
4.बुरकापोश-5
8.गागर,घड़ा-3
9.प्याऊ (उर्दू-3)
10.पैंदा,तला-2
12.बरस,वर्ष-2
13.सतत,लगातार-5
16.मजार,समाधि-4
17.उदारता,बड़पन्न-4
18.वायदा,कसम-2
19.महीना,माह-2
20.हमसफर-4
23.आदेश,आज्ञा-4
25.कहानी लेखक-5
28.गधा,गर्दभ-2
29.श्रवणेंद्रिय-2
31.बारिश,वर्षा-3
33.देवर्षि-3
35.दया करना-3,2
36.चिंतन

ऊपर से नीचे

1.कुपुत्र-3
2.अधिकार-2
3.सलाह,राय-4
4.अफसोस,खेद-4
5.शीतकालीन फसल-2
6.दलहन-2
7.ठंडा,सर्द-3
11.जिज्ञासा,उत्साह-3
12.बारिश का मौसम-3
13.धारावाही,अविराम, सीरियल-5
14.रीत,परंपरा-2
15.जीवनसाथी, हमराही-5
21.मोर-3
22.जल,नीर-2
24.पीहर-3
26.गजशाला, हाथी घर-4
27.करतब, करामात-4
28.उपभोग,खर्च-3
30.नेत्र,चक्षु,आंख-3
31.सवारी गाड़ी-2
32.रहन,गिरवी वस्तु-2
34.ताकत,जोर,बल-2

शब्द पहेली -5491 का हल





आईपीएल पाइंट टेबल

टीम	मैच	जीते	हारे	अंक
राजस्थान	8	7	1	14
कोलकाता	7	5	2	10
हैदराबाद	7	5	2	10
लखनऊ	8	5	3	10
चेन्नई	8	4	3	8
दिल्ली	9	4	5	8
गुजरात	9	4	5	8
मुंबई	8	3	5	6
पंजाब	8	2	6	4
बेंगलोर	8	1	7	2

ऑरेंज कैप

विराट कोहली
379 रन
बेंगलोर

पर्पल कैप

जसप्रीत बुमराह
13 विकेट
मुंबई

खबर संक्षेप

चाओबा देवी राष्ट्रीय कोच बनने को तैयार

नई दिल्ली। आईएम विजयन की अगुवाई वाली अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ की तकनीकी समिति ने बुधवार को पूर्व खिलाड़ी लांगम चाओबा देवी के नाम की सिफारिश राष्ट्रीय महिला फुटबॉल कोच पद के लिए की है जिससे वह इस पद की जिम्मेदारी लेने को तैयार हैं। देवी (51 वर्ष) ने फिलीपींस में 1999 एशियाई चैंपियनशिप में राष्ट्रीय टीम की कप्तानी की थी। वह भारतीय टीम की सहायक कोच भी रह चुकी हैं। मणिपुर की इस खलाड़ी ने 1998 बैंकाक एशियाई खेलों में भी देश का प्रतिनिधित्व किया था।

आस्ट्रेलिया के लिए खेलने को बेताब हैं स्टोइनिस

चेन्नई। क्रिकेट आस्ट्रेलिया का 2024-25 सत्र के लिए केंद्रीय अनुबंध नहीं मिलने के बावजूद आल राउंडर मार्कस स्टोइनिस चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ बने शतक का इस्तेमाल अपने सफेद गेंद के करियर को आगामी टी20 विश्व कप से आगे बढ़ाने के लिए करना चाहते हैं। स्टोइनिस को आस्ट्रेलिया की 23 सदस्यीय खिलाड़ियों की केंद्रीय अनुबंध सूची में शामिल नहीं किया गया है। उन्होंने मंगलवार को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ 63 गेंद में नाबाद 124 रन की पारी खेली।

दोहा में हुई श्रीशंकर की घुटने की सर्जरी

नई दिल्ली। भारत के लंबी कूद के दिग्गज एथलीट मुरली श्रीशंकर की चोटिल घुटने की दोहा में सर्जरी हुई। वह इस चोट कारण जुलाई-अगस्त में होने वाले पेरिस ओलंपिक से बाहर हो गए हैं। पच्चीस साल की खिलाड़ी की दोहा में सर्जरी हुई। श्रीशंकर ने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'दोहा के एस्पेटर अस्पताल में डॉ. ब्रूनो ओलोरी के नेतृत्व में सर्जरी सफल रही। इस कठिन दौर में आपके प्यार और आशीर्वाद के लिए आप सभी को धन्यवाद। मैं सर्जरी के 18 घंटे बाद ही चलने में सक्षम हूं।' डॉ. ओलोरी फ्रांस के आर्थोपेडिक सर्जन हैं।

आईटीएफ के पूर्व अध्यक्ष ब्रायन टोबिन नहीं रहे

लंदन। अंतरराष्ट्रीय टेनिस महासंघ के पूर्व अध्यक्ष ब्रायन टोबिन का सोमवार को निधन हो गया। वह 93 वर्ष के थे। खेल की संचालन संस्था ने इसकी जानकारी दी। आईटीएफ ने कहा कि टोबिन का सोमवार को निधन हो गया। टेनिस आस्ट्रेलिया के पूर्व अध्यक्ष ज्योफ पोलार्ड ने भी बुधवार को ओसनिया टेनिस महासंघ को संदेश में टोबिन के निधन की पुष्टि की। आस्ट्रेलिया के पर्थ में जन्में टोबिन आईटीएफ के पहले पूर्ण कालिक अध्यक्ष बने थे, जब उन्हें 1991 से 1999 तक दो कार्यकाल के लिए चुना गया था।

तीरंदाजी विश्व कप : भारतीय पुरुष और महिला कंपाउंड टीम स्वर्ण पदक से एक कदम दूर

एजेंसी ▶▶| शंघाई

भारतीय पुरुष और महिला कंपाउंड तीरंदाजी टीमों ने बुधवार को यहां सत्र के शुरुआती तीरंदाजी विश्व कप में फाइनल में जगह बनाकर देश का पदक पक्का कर दिया। इसके साथ ही धीरज बोम्मदेवरा ने पुरुषों के रिकर्व क्वालिफिकेशन राउंड में राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ तीसरा स्थान हासिल किया।

अनुभवी अभिषेक वर्मा, उभरते हुए तीरंदाज प्रथमेश भालचंद्र फुगे और मौजूदा अंडर-21 विश्व चैंपियन प्रियांश की चौथी वरीयता प्राप्त पुरुष टीम ने फिलीपींस और डेनमार्क को शिकस्त देने के बाद सेमीफाइनल में कोरिया की मजबूत चुनौती को खत्म की। भारतीय पुरुष टीम के सामने शनिवार को खेले जाने वाले फाइनल में नीदरलैंड की चुनौती होगी।

235-233 अंक से कोरिया को हराया

भारतीय पुरुष टीम ने करीबी मुकाबले में कोरिया को 235-233 से हराकर बड़ा उलटफेर किया। इस मुकाबले के शुरुआती दो दौर के बाद दोनों टीमें बराबरी पर थी लेकिन भारत ने 59 के स्कोर के साथ कोरिया को पछाड़ा। सेमीफाइनल में रोमांचक जीत के बाद अभिषेक ने कहा, 'आज हमारा समन्वय अच्छा था और हमने हवा को अच्छी तरह से भांप कर उसका सही इस्तेमाल किया। सेमीफाइनल हमेशा कड़ा मुकाबला होता है। हमने अच्छी तैयारी की थी और इस बात की खुशी है कि हम फाइनल में पहुंचने में सफल रहे।'

महिला टीम के सामने इटली की चुनौती

महिला वर्ग में मौजूद विश्व चैम्पियन भारत ने तुर्की और एस्तोनिया को शिकस्त देकर फाइनल का टिकट कटाया। शीर्ष वरीयता प्राप्त भारत के सामने फाइनल में इटली की चुनौती होगी। मौजूदा अंडर-18 और सीनियर चैंपियन अदिति स्वामी, एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता ज्योति सुरेखा वेन्नम और परनीत कौर की तिकड़ी ने अपने शुरुआती दो मैचों में सिर्फ 10 अंक गंवाए।

तीसरे स्थान पर रहे बोम्मदेवरा

बोम्मदेवरा ने क्वालीफिकेशन में 693 के स्कोर के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। उन्होंने तरूणदीप राय द्वारा बनाए गए 689 के राष्ट्रीय रिकॉर्ड में सुधार किया। शुरुआती दौर में उनका मुकाबला चेक गणराज्य के एडम ली से होगा। तरुणदीप 684 के स्कोर के साथ सातवें स्थान के साथ दूसरे सर्वश्रेष्ठ भारतीय रहे। प्रवीण जाधव 672 के स्कोर के साथ 25वें स्थान पर रहे।

अंकिता ने किया 664 स्कोर

महिला वर्ग में अंकिता भक्त ने 664 के स्कोर के साथ 25वें स्थान पर क्वालीफाई किया, उसके बाद कौर भजन और पूर्व विश्व नंबर एक दीपिका कुमारी रहीं, जिन्होंने क्रमशः 657 और 656 का स्कोर हासिल किया। कोमलिका बारी 636 अंक के बाद क्वालिफिकेशन तालिका में 57वें स्थान पर रही। भारतीय टीम 1977 अंक के साथ कुल मिलाकर छठे स्थान पर है। रिकर्व के एकल वर्ग में शीर्ष 64 तीरंदाज मुख्य प्रतियोगिता में जगह बनाते हैं।

ऋषभ बने मैन ऑफ द मैच

रसीख सलाम को 3 विकेट

पंत-अक्षर ने दिल्ली को टाइटंस पर चार रन से जीत दिलाई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कप्तान ऋषभ पंत और अक्षर पटेल के अर्धशतक और दोनों के बीच शतकीय साझेदारी से दिल्ली कैपिटल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग के रोमांचक मुकाबले में बुधवार को यहां गुजरात टाइटंस को चार रन से हरा दिया। दिल्ली के 225 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए टाइटंस की टीम साई सुदर्शन (39 गेंद में 65 रन, सात चौके, दो छक्के) और डेविड मिलर (23 गेंद में 55 रन, तीन छक्के, छह चौके) के अर्धशतक के बावजूद आठ विकेट पर 220 रन ही बना सकी। साई सुदर्शन ने सलामी बल्लेबाज रिद्धिमान साहा (39) के साथ दूसरे विकेट के लिए 82 रन भी जोड़े। दिल्ली की ओर से रसिक सलाम (44 रन पर तीन विकेट) ने तीन जबकि कुलदीप यादव (29 रन पर दो विकेट) ने दो विकेट चटकाए। विकेटकीपर बल्लेबाज पंत (43 गेंद में नाबाद 88 रन, आठ छक्के, पांच चौके) ने इससे पहले ताबड़तोड़ अर्धशतक जड़कर टी20 विश्व कप की भारतीय टीम में जगह बनाने का दावा मजबूत किया। उन्होंने अक्षर (43 गेंद में 66 रन, चार छक्के, पांच चौके) के साथ चौथे विकेट के लिए उस समय 113 रन की साझेदारी की जब टीम 44 रन पर तीन विकेट गंवाने के बाद संकट में थी। पंत ने अंत में ट्रिस्टन स्टब्स (सात गेंद में नाबाद 26, तीन चौके, दो छक्के) के साथ सिर्फ 18 गेंद में 67 रन की अटूट साझेदारी करके टीम का स्कोर चार विकेट पर 224 रन तक पहुंचाया। दिल्ली की टीम अंतिम पांच ओवर में 97 रन जोड़ने में सफल रही। इस जीत से दिल्ली के नौ मैच में चार जीत से आठ अंक हो गए हैं। टाइटंस के भी इतने ही मैचों में इतने ही अंक हैं लेकिन दिल्ली की टीम बेहतर नेट रन रेट के कारण उससे एक स्थान आगे छठे पायदान पर है।

दिल्ली-224/4 (20)

खिलाड़ी	रन
पृथ्वी साव का नूर बो वारियर	11
जेक का नूर बो वारियर	23
अक्षर का साई सुदर्शन बो नूर	66
शाई होप का राशिद बो वारियर	05
ऋषभ पंत नाबाद	88
ट्रिस्टन स्टब्स नाबाद	26

अतिरिक्तः 05
कुलः20 ओवर में चार विकेट परः 224 रन
विकेट पतनः 1-35, 2-36, 3-44, 4-157
गेंदबाजीः उमरजई 4-0-33-0, वारियर 3-0-15-3, राशिद 4-0-35-0, नूर 3-0-36-1, मोहित 4-0-73-0, शाहरूख 1-0-8-0, साई किशोर 1-0-22-0

गुजरात-220/8 (20)

खिलाड़ी	रन
रिद्धिमान का अक्षर बो कुलदीप	39
शुभमन का अक्षर बो नोर्किया	06
साई सुदर्शन का अक्षर बो रसिक	65
उमरजई का फ्रेजर बो अक्षर	01
मिलर का रसिक बो मुकेश	55
शाहरूख खान का पंत बो रसिक	08
राहुल का पंत बो कुलदीप	04
राशिद खान नाबाद	21
साई किशोर बो रसिक	13
मोहित शर्मा नाबाद	00

अतिरिक्तः 08
कुलः20 ओवर में आठ विकेट परः 220 रन
विकेट पतनः 1-13, 2-95, 3-98, 4-121, 5-139, 6-152, 7-181, 8-206
गेंदबाजीः खलील 2-0-26-0, नोर्किया 3-0-48-1, रसिक 4-0-44-3, मुकेश 4-0-41-1, अक्षर 3-0-28-1, कुलदीप 4-0-29-2

बेंगलोर-हैदराबाद के बीच आज होगा मुकाबला

हैदराबाद। सनराइजर्स हैदराबाद की टीम जब गुरुवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग मैच में निचले पायदान पर चल रही रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ मैदान पर उतरेगी तो उसकी निगाह फिर से आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए रनों का अंबार लगाने की होगी। इस आईपीएल चरण में तीन बार 250 रन का आंकड़ा पार कर चुकी सनराइजर्स हैदराबाद ने तूफानी बल्लेबाजी दिखाई है, इसमें मुंबई इंडियंस उसका सबसे पहला शिकार बनी और फिर बेंगलुरु में 2016 की विजेता टीम ने आरसीबी के खिलाफ तीन विकेट पर 287 रन बनाकर टूर्नामेंट का सबसे बड़ा स्कोर खड़ा कर दिया। गुरुवार को भी अगर एसआरएच कुछ रिकॉर्ड बना दे तो हैरानी नहीं होगी और वो भी आरसीबी के कमजोर गेंदबाजी आक्रमण के खिलाफ, जिसकी संभावना काफी ज्यादा है। आरसीबी के गेंदबाजी विभाग का अंदाजा इस बात से ही लगाया जा सकता है कि उसका सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज यश दयाल सात विकेट से सूची में 24वें स्थान पर है।

खास खबर

नरसिंह बने डब्लूएफआई एथलीट पैनल के अध्यक्ष

वाराणसी। राष्ट्रमंडल खेलों के पूर्व स्वर्ण पदक विजेता नरसिंह पंचम यादव बुधवार को यहां भारतीय कुश्ती महासंघ के एथलीट आयोग का अध्यक्ष चुना गया जिससे खेल की विश्व संचालन संस्था द्वारा अनिवार्य की गई प्रक्रिया भी पूरी हो गई। आयोग के सात स्थानों के लिए कुल आठ दावेदार दौड़ में थे और मतदान के बाद सात सदस्यों को चुना गया। इसके बाद उन्होंने आयोग के अध्यक्ष पद के लिए नरसिंह को चुना। 2016 ओलंपिक से पहले टीम के सदस्य नरसिंह सुर्खियों में आ गए थे जब ओलंपिक पदक विजेता सुशील कुमार ने उनके खिलाफ एक ट्रायल मुकाबले का अनुरोध किया था जबकि वह चोट के कारण क्वालीफिकेशन टूर्नामेंट में नहीं खेल पाए थे। सुशील ने दिल्ली उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया और उनकी अपील खारिज होने के बाद पुष्टि हो गई कि नरसिंह ही रियो ओलंपिक जाएंगे। लेकिन हैरानी की बात रही कि नरसिंह ओलंपिक से पहले कराई गई दो डोप जांच में विफल हो गए थे जिससे खेल पंचाट ने उन्हें चार साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया था। हालांकि राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी ने उन्हें यह कहते हुए पाक साफ करार कर दिया था कि वह साजिश के कारण डोप जांच में पॉजिटिव आए थे।

भारत की अगुवाई करेंगी मुक्केबाज प्रीति

नई दिल्ली। पेरिस ओलंपिक जाने वाली टीम की सदस्य मुक्केबाज प्रीति पवार 27 अप्रैल से कजाखस्तान के अस्ताना में शुरू होने वाली एएसबीसी एशियाई अंडर-22 और युवा मुक्केबाजी चैंपियनशिप में 50 सदस्यीय भारतीय टीम की अगुवाई करेंगी। एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता प्रीति ने 54 किग्रा वजन वर्ग में पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल किया था। 20 वर्षीय मुक्केबाज प्रीति के साथ अंडर-22 प्रतियोगिता में पूर्व युवा विश्व चैम्पियन और 2022 एशियाई एलीट मुक्केबाजी चैंपियनशिप की स्वर्ण पदक विजेता अलफिया पठान (81 किग्रा) भी हिस्सा लेंगी। अंडर-22 और युवा प्रतियोगिता में पुरुष और महिला वर्ग में 25-25 भारतीय मुक्केबाज हिस्सा लेंगे। मुक्केबाजों का चयन ट्रायल्स में हुए शानदार प्रदर्शन के आधार पर किया गया है। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ के महासचिव हेमंत कलिता ने कहा, 'पूरे देश से कड़े प्रतिस्पर्धी ट्रायल्स के जरिए मुक्केबाजों का चयन किया गया है।

सिफ्ट, नीरज ने जीता राइफल थ्रीपी का ओलंपिक चयन ट्रायल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता निशानेबाज सिफ्ट कौर सामरा महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन ओलंपिक चयन के पहले ट्रायल (ओएसटी टी1) शीर्ष पर रही जबकि पुरुष वर्ग में नीरज कुमार पहले और दूसरे दोनों ट्रायल में सबसे आगे रहे। विश्व रिकॉर्ड धारी सिफत को आशी चौकसे से कड़ी टक्कर मिली लेकिन 'प्रोन पोजिशन' में शानदार प्रदर्शन के दम पर उन्होंने 3.7 अंक के अच्छे अंतर से जीत दर्ज की।

सिफ्ट ने 466.3 का स्कोर किया जबकि आशी के नाम 462.6 अंक रहे। ओलंपियन अंजुम मौदगिल ने 449.2 के स्कोर के तीसरे जबकि निश्चल (433.6) और पेरिस कोटा धारक श्रियंका सदांगी (416.7) को क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान से संतोष करना पड़ा। पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पी में, नीरज कुमार ने 462.2 के स्कोर के साथ जीत हासिल की। पेरिस कोटा धारक और क्वालिफिकेशन में शीर्ष पर रहे स्वप्निल कुसाले (460.9) दूसरे स्थान पर खिसक गए, जबकि ऐश्वर्य तोमर (450.5) तीसरे स्थान पर रहे। चैन सिंह (439.8) और अखिल श्योराण (429.1) क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान पर रहे। इसके साथ ही पुरुषों और महिलाओं के 10 मीटर एयर राइफल और एयर पिस्टल क्वालीफिकेशन मुकाबले हुए।

एशियाई अंडर-20 एथलेटिक्स में दीपांशु ने भाला फेंक में जीता स्वर्ण

नई दिल्ली। दीपांशु शर्मा ने बुधवार को दुबई में 21वीं एशियाई अंडर 20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप के शुरुआती दिन अच्छा प्रदर्शन करते हुए पुरुष भाला फेंक में स्वर्ण पदक हासिल किया। दीपांशु ने 70.29 मीटर की दूरी के साथ शीर्ष पुरस्कार जीता, जबकि रोहन यादव ने 70.03 मीटर की दूरी के साथ रजत पदक अपने नाम किया। पुरुषों की 1500 मीटर में प्रियांशु ने तीन मिनट 50.85 सेकंड का समय लेकर रजत पदक जीता। सुबह के सत्र में रितिक ने पुरुषों चक्का फेंक में रजत पदक जीता, जबकि प्राची अंकुश देवकर महिलाओं की 3000 मीटर में कांस्य पदक जीतने से चूक गईं और चौथे स्थान पर रहीं। रितिक ने चक्का फेंक में 53.01 मीटर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। इस स्पर्धा का स्वर्ण कतर के जिब्राइन ए. अहमत (54.80 मीटर) को मिला। सऊदी अरब के हसन मुबारक अलहसाई ने 50.41 मीटर के साथ कांस्य पदक जीता।

तेंदुलकर ने मनाया 51वां जन्मदिन

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट में नई ऊर्जा भरने वाले पूर्व सलामी बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने बुधवार को अपना 51वां जन्मदिन मनाया। सचिन को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिए लंबा समय हो चला है, लेकिन अभी भी जब कभी उनकी झलक दिख जाती है तो पूरा स्टेडियम 'सचिन... सचिन'... के शोर से गूंज उठता है। भारत सहित दुनियाभर में उनके करोड़ों फैंस अपने चहेते क्रिकेटर को जन्मदिन की शुभमकामनाएं दे रहे हैं।

शुभंकर और गगनजीत के भी जगह बनाने की संभावना

गोल्फर अदिति, दीक्षा पेरिस ओलंपिक में खेलने को तैयार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय गोल्फर अदिति अशोक (46) और दीक्षा डागर (138) पेरिस ओलंपिक में हिस्सा लेने के लिए तैयार हैं जबकि शुभंकर शर्मा (197) और गगनजीत भुल्लर (232) के भी रैंकिंग के आधार पर खेलों में जगह बनाने की संभावना है। अदिति के लिए यह तीसरा ओलंपिक होगा जो किसी भारतीय गोल्फर की ओलंपिक में सबसे ज्यादा भागीदारी होगी।

दीक्षा दूसरी बार ओलंपिक में हिस्सा लेंगी। शर्मा और भुल्लर के लिए यह पहला ओलंपिक होगा। भारत के लिए ओलंपिक में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन अदिति के नाम है जो टोक्यो 2020 ओलंपिक में चौथे स्थान पर रही थीं। ओलंपिक के लिए प्रविष्टियां भारतीय गोल्फ संघ द्वारा भेजी जाती हैं। ओलंपिक के लिए क्वालीफिकेशन रैंकिंग से निर्धारित होता है जो आधिकारिक विश्व गोल्फ रैंकिंग के जरिए 60 पुरुष और इतनी ही महिला खिलाड़ियों के लिए सीमित है।

शीर्ष 15 स्वतः होंगे क्वालीफाई

ओडब्ल्यूजीआर रैंकिंग में शीर्ष 15 खिलाड़ी ओलंपिक के लिए स्वतः ही क्वालीफाई कर लेते हैं जिसमें से प्रत्येक देश से अधिकतम चार गोल्फर इसमें हिस्सा ले सकते हैं। विश्व रैंकिंग में शीर्ष 15 में आठ अमेरिकी गोल्फर शामिल हैं। महिला वर्ग में अदिति ने अब तक 2024 में इतना अच्छा प्रदर्शन नहीं किया है लेकिन इसके बावजूद शीर्ष 50 में बनी हुई हैं। शानदार फॉर्म में चल रही दीक्षा लेडीज यूरोपियन टूर पर पांच शुरुआत में तीन बार शीर्ष 10 में रही हैं और एप्सन टूर पर अपनी दो शुरुआत में 26 या इससे बेहतर स्कोर पर रहीं।

शर्मा शीर्ष 200 में शामिल

दीक्षा ने महिलाओं की विश्व रैंकिंग में 138वां स्थान हासिल कर लिया है जो उनकी अब तक की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है। अगली दो भारतीय महिला गोल्फर प्रणवी उर्स हैं जो 403 और अमेच्योर गोल्फर अवनि प्रशांत 531 रैंकिंग पर काबिज हैं। भारतीय पुरुषों में शर्मा शीर्ष 200 में शामिल एकमात्र भारतीय गोल्फर हैं जो सिंगापुर क्लासिक में संयुक्त सातवें स्थान पर और दुबई डेजर्ट क्लासिक में संयुक्त 16वें स्थान पर रहे। भुल्लर का 2024 में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन एशियाई टूर पर 43वां स्थान रहा लेकिन उन्होंने इंडियन टूर पर चंडीगढ़ ओपन में भी जीत हासिल की। यह भारत में चार महीनों में उनकी दूसरी जीत थी। शर्मा और भुल्लर के बाद वीर अहलावत 380 और करणदीप कोचर 434 रैंकिंग पर हैं।

एशियन ट्रायथलॉन चैंपियनशिप में 33 सदस्यीय भारतीय दल देगा चुनौती

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आदर्श मुरलीधरन सिनिमोल और प्रगन्या मोहन की अनुभवी जोड़ी नेपाल के पोखारा में एशिया ट्रायथलॉन कप के साथ 27 अप्रैल से शुरू होने वाली दक्षिण एशियाई ट्रायथलॉन चैंपियनशिप में 33 सदस्यीय मजबूत भारतीय चुनौती की अगुवाई करेगी।

प्रगन्या ने पिछले चरण में अपना लगातार तीसरा दक्षिण एशियाई खिताब जीता था जबकि महिलाओं के ओवरआल वर्ग में नौंवा स्थान भी हासिल किया था। टूर्नामेंट में 750 मीटर तैराकी, 20 किमी साइकिलिंग और पांच किमी दौड़ शामिल है।

पुरुष : तेलहेइबा सोरम, क्षेत्रीमयुम कबिदश सिंह, तुषार डेका, अनघ वानखड़े, पार्थ सांखला, अंगद इंगलेकर, अभिषेक मोदनवाल, अंकुर चाहर, पार्थ मिराज, कृषिव पटेल, कौशिक विनायक मलंदकर, साई लोहिताक्ष केडी, देव अंबोकर, राज कुमार पवार, पुस्कर दास , विश्वनाथ यादव, आदर्श मुरलीधरन नायर सिनिमोल, अंकन भट्टाचार्जी, अर्णब भट्टाचार्य, सफा मुस्तफा शेख।
महिला : दुर्विशा पवार, डॉली देवीदास पाटिल, धृति कौजाल्गी, रमा सोनकर, हेनी जलावादिया, प्रेरणा श्रवण कुमार, रिद्धि कदम, संजना जोशी, स्नेहल जोशी, मानसी मोहिते, नफीसा मिलवाला, प्रगन्या मोहन, पूनम विश्वास।



डीआरडीओ ने तैयार की जैकेट

जवान पहनेंगे सबसे हल्की बुलेट प्रूफ जैकेट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश के सुरक्षा के लिए अपनी जान की बाजी लगाने वाले जवानों के लिए डीआरडीओ ने बड़ी सफलता पाई है। डीआरडीओ ने देश में सबसे हल्के बुलेट प्रूफ जैकेट को सफलतापूर्वक विकसित किया है। यह जैकेट बीआईएस गोला-बारूद के छठवें स्तर के उच्चतम खतरे से सुरक्षा प्रदान करता है।

गोली के 6 शॉट का भी नहीं होता कोई असर

जैकेट का निर्माण डीआरडीओ के रक्षा सामग्री और भंडार अनुसंधान और विकास प्रतिष्ठान, कानपुर द्वारा किया गया है। यह बुलेटप्रूफ जैकेट 7.62 X 54 आर एपीआई गोला बारूद के खिलाफ सुरक्षा मुहैया कराने में सक्षम है। डीआरडीओ की टेस्टिंग में पाया गया है कि इस जैकेट पर एक के बाद एक 6 शॉट का कोई असर नहीं होता है। खास बात ये है कि नए बुलेट प्रूफ जैकेट काफी हल्के हैं और इस तरह से डिजाइन किया गया है कि इसे पहनने में भी सुरक्षा बलों के जवानों को आसानी रहेगी।

टीबीआरएल में किया सफल परीक्षण

कुछ समय पहले ही इस बुलेट प्रूफ जैकेट का चंडीगढ़ के चरम प्राक्षेपिकी अनुसंधान प्रयोगशाला (टीबीआरएल) में सफल परीक्षण किया गया। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि यह जैकेट नए डिजाइन दृष्टिकोण पर आधारित है, जहां नवीन सामग्री और प्रक्रियाओं का उपयोग किया गया है।

नहीं जा सकते कोर्ट...संसद में बताया सिंधु जल संधि का सच

पाकिस्तान के कानून मंत्री आजम नजीम ने माना... 'रावी पर भारत का है अधिकार'

पाकिस्तान के संघीय कानून मंत्री आजम नजीर तरार ने कहा है कि सिंधु जल संधि के तहत रावी नदी के पानी पर भारत का अधिकार है, जो पाकिस्तान को कानूनी रूप से बाध्य करता है कि वह पड़ोसी देश की 'जल आक्रामकता' के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) में न जाए।

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

सिंधु जल संधि को लेकर पाकिस्तान की जनता को देश के नेताओं ने हमेशा से गुमराह किया है, लेकिन ये पहली बार है, जब देश के कानून मंत्री ने देश की जनता को संसद से सच बताने की हिम्मत की है। पाकिस्तान के कानून मंत्री आजम नजीर तरार ने कहा है कि रावी नदी पर भारत का अधिकार है और हम उसके खिलाफ इंटरनेशनल कोर्ट नहीं जा सकते।

पाकिस्तान के संघीय कानून मंत्री आजम नजीर तरार ने कहा है कि सिंधु जल संधि के तहत रावी नदी के पानी पर भारत का अधिकार है, जो पाकिस्तान को कानूनी रूप से बाध्य करता है, कि वह पड़ोसी देश की 'जल आक्रामकता' के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) में न जाए।

खास बातें

- पीटीआई सांसद बोलीं- कानून मंत्री ने रावी नदी पर भारत का अधिकार स्वीकार कर लिया, जो खेदजनक
- मंत्री बोले- वह पड़ोसी देश की 'जल आक्रामकता' के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय में न जाए



भारत ने पाक को जाने वाला रावी नदी का पानी रोका

भारत ने शाहपुर कंडी बैराज के पूरा होने के साथ रावी नदी से पाकिस्तान की ओर पानी का प्रवाह रोक दिया है। शाहपुर कंडी बैराज पंजाब और जम्मू-कश्मीर की सीमा पर स्थित है। शाहपुर कंडी बैराज से भारतीय जम्मू और कश्मीर क्षेत्र को अब 1,150 क्यूसेक पानी से लाभ होगा, जो पहले पाक को आवंटित किया था। पानी से कठुआ और सांबा जिलों की 32,000 हेक्टेयर भूमि की सिंचाई की जाएगी।

जल संधि पर हम हस्तक्षेप नहीं कर सकते: मंत्री

दरअसल, मंगलवार को पाकिस्तान की नेशनल असेंबली में सिंधु जल संधि को लेकर सवाल पूछा गया था कि रावी नदी पर भारत की आक्रामकता को लेकर पाकिस्तान सरकार क्या कर रही है? इसपर पाकिस्तान के कानून मंत्री आजम नजीर तरार ने कहा कि पाकिस्तान और भारत के बीच एक जल संधि है। रावी नदी पर पानी का अधिकार भारत का है और हम इसमें हस्तक्षेप नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर भारत के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय अदालत का सहारा नहीं लिया जा सकता। दोनों देशों ने 1960 में सिंधु जल संधि को लेकर समझौते पर हस्ताक्षर किए थे, जिसके तहत भारत रावी, सतलज और ब्यास नदियों के पानी पर दावा करता है।

इमरान खान की पार्टी ने साधा निशाना

कानून मंत्री के रावी नदी पर भारत के अधिकार को कबूलने के बाद संसद में इमरान खान की पार्टी ने शहबाज सरकार पर जमकर निशाना साधा। पाकिस्तानी संसद के निचले सदन में बोलते हुए नोटिस पेश करने वाली पीटीआई सांसद जरताज गुल ने कानून मंत्री तरार पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि आज कानून मंत्री ने रावी नदी पर भारत का अधिकार स्वीकार कर लिया है, जो खेदजनक है। जिसपर गुल को जवाब देते हुए कानून मंत्री ने कहा कि कानूनी मुद्दों का राजनीतिकरण नहीं किया जाना चाहिए।

'सिंधु जल संधि' पर 1960 में किए थे हस्ताक्षर

पाकिस्तान के कानून मंत्री ने कहा कि इस 'सिंधु जल संधि' पर 1960 में हस्ताक्षर किए गए थे, हालांकि, भारत इससे बाहर निकलना चाहता है, लेकिन आईसीजे ने दोनों देशों को इससे बाहर निकलने से रोक दिया है। उन्होंने यह भी कहा, कि हालांकि पाकिस्तान किशनगंगा पनबिजली परियोजना के मुद्दे पर सफल हुआ है।

'थर्मोनेटर'... ये रोबोडॉग आपके एक इशारे पर उगलता है... आग ही आग

एजेंसी ▶▶ ओहायो

अमेरिका के ओहायो में थ्रोफ्लेम कंपनी ने एक रोबोट कुत्ता बनाया है। नाम है थर्मोनेटर। ये सिर्फ भौंकता, दौड़ता या उछलता-कूदता नहीं है, बल्कि आपके एक इशारे पर यह आग भी उगलता है। यह दुनिया का पहला आग उगलने वाला रोबोडॉग है। यह 30 फीट लंबी आग की लपट फेंकता है। इसका इस्तेमाल आग को रोकने भी कर सकते हैं। कृषि प्रबंधन, कंजरवेशन, बर्फ हटाने जैसे कार्यों के लिए भी कर सकते हैं। आग कहां फेंकनी है, इसके लिए थर्मोनेटर में लेजर मांउट किया गया है। यानी जहां या जिसे टारगेट बनाना हो, वहां पर लेजर से डॉग को गाइड करो।

हिरासत में लिए गए 67 संदिग्ध लश्कर का भी नाम शामिल

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले के एक गांव में लश्कर-ए-तैयबा के दो आतंकवादियों द्वारा एक नागरिक की हत्या के मामले में पूछताछ के लिए 67 संदिग्ध लोगों को हिरासत में लिया गया है। अधिकारियों ने कहा कि जांच के दौरान कई साक्ष्य प्राप्त हुए और पुलिस ने इस कृत्य को अंजाम देने में शामिल दो आतंकवादियों में से एक की पहचान 'विदेशी आतंकवादी' के रूप में की, जिसका कोड नेम अबू हमजा है। पुलिस ने हमजा पर 10 लाख रुपए का नकद इनाम घोषित किया। थानामंडी क्षेत्र के कुंडा टॉप गांव में सोमवार को मोहम्मद रजाक (40) की हत्या कर दी गई। रजाक सरकार के समाज कल्याण विभाग में काम करते थे।

'सनफ्लॉवर्स वेयर फर्स्ट वन्स टू नो' की 77वें कान्स में स्क्रीनिंग

2,263 फिल्मों में से चुनी भारतीय छात्र की फिल्म

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

फ्रांस के 77वें कान्स फिल्म फेस्टिवल में इस बार फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एफटीआईआई) के छात्र चिदानंद नाइक की फिल्म 'सनफ्लॉवर्स वेयर फर्स्ट वन्स टू नो' को 'ला सिनेफ' प्रतिस्पर्धी खंड में चुना गया है। यह महोत्सव 15 से 24 मई 2024 तक आयोजित किया जाना है। यह अनुभाग महोत्सव का एक आधिकारिक पार्ट है, जिसका उद्देश्य नई प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना और दुनिया भर के फिल्म स्कूलों के फिल्मों को उजागर करना है। यह पहली बार है जब एक वर्षीय टेलीविजन पाठ्यक्रम के किसी छात्र की फिल्म को प्रतिष्ठित कान्स फिल्म फेस्टिवल में चुना गया है।

महोत्सव 15 से 24 मई तक आयोजित किया जाएगा

'सनफ्लॉवर्स वेयर फर्स्ट वन्स टू नो' महिला की कहानी

उद्देश्य: फिल्म के जरिए नई प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना

बुजुर्ग महिला ने मुर्गा चुराया...

'सनफ्लॉवर्स वेयर फर्स्ट वन्स टू नो' एक बुजुर्ग महिला की कहानी है, जो गांव का मुर्गा चुरा लेती है, जिससे समुदाय में अशांति फैल जाती है। मुर्गे को वापस लाने के लिए एक भविष्यवाणी लागू की जाती है, जिसमें बूढ़ी महिला के परिवार को निर्वासन में भेज दिया जाता है। फिल्म का निर्देशन चिदानंद एस नाइक ने किया है।

23 मई को पुरस्कार

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अनुसार यह फिल्म दुनिया भर के फिल्म स्कूलों द्वारा प्रस्तुत कुल 2,263 फिल्मों में से चुनी गई 18 शॉर्ट्स (14 लाइव-एक्शन और 4 एनिमेटेड फिल्में) में से एक है। यह कान्स के 'ला सिनेफ' सेक्शन में चुनी गई एकमात्र भारतीय फिल्म है। जूरी 23 मई को बुनुएल थिएटर में सम्मानित फिल्मों की स्क्रीनिंग से पहले एक समारोह में ला सिनेफ पुरस्कार सौंपेगी।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109